cmyk



राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस समूह

मध्यप्रदेश | राजस्थान | हरियाणा | छत्तीसगढ़ | महाराष्ट्र से प्रकाशित




डाक पंजीयन क्रं. 173/15-17 | 5 विंबलडन- नोवाक जोकोविच की 100वीं सिंगल्स जीत | सम्पादकीय | भाषाई कट्टरपंथी, मराठी अस्मिता के.... | जोमैटो के फूड और डिलीवरी बिजनेस के... 5

वर्ष 17 अंक 157 | E-mail: dholpur@hotmail.com | धौलपुर, सोमवार 07 जुलाई 2025 | ई-पेपर के लिए लॉगऑन करें -www.hindustanexpress.online | मूल्य 2.00 रुपया, पृष्ठ 8

## सुप्रीम कोर्ट ने पूर्व सीजेआई डीवाई चंद्रचूड से उनका बंगला जल्द खाली कराने को कहा

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** पूर्व चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ अपने सरकारी बंगले (5, कृष्ण मेनन मार्ग) में तय समयसीमा से ज्यादा रह गए हैं। अब सुप्रीम कोर्ट एडमिनिस्ट्रेशन ने केंद्र सरकार को चिट्ठी लिखी है। इसमें कहा कि पूर्व सीजेआई से उनका बंगला जल्द खाली कराया जाए, ताकि हम उसे कोर्ट के हाउसिंग पूल में शामिल कर सकें।

सुप्रीम कोर्ट में चीफ जस्टिस बीआर गवई को मिलाकर 33 जज हैं। सुप्रीम कोर्ट में जजों की सेंक्शन संख्या 34 है। शीर्ष कोर्ट के चार जजों को अभी तक सरकारी बंगला नहीं मिला है।



रिपोर्ट के मुताबिक, 3 जज सुप्रीम कोर्ट के ट्रांजिट अपार्टमेंट जबकि एक जज स्टेट गेस्ट हाउस में रह रहे हैं। शीर्ष कोर्ट ने जल्द से जल्द 5, कृष्ण मेनन मार्ग बंगला लौटाए जाने की मांग की है।

सुप्रीम कोर्ट एडमिनिस्ट्रेशन ने 1 जुलाई को केंद्रीय आवास और नगरीय मामलों के मंत्रालय को पत्र लिखा। इसमें कहा कि 5 कृष्ण मेनन मार्ग बंगला पूर्व चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ के पजेशन में है।

उन्हें बंगले को पास रखने की अनुमति भी 31 मई 2025 को खत्म हो गई है। इसे बिना देर किए खाली कराएं।

बंगला खाली न कर पाने को लेकर पूर्व सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा, ऐसा निजी कारणों के चलते हुआ। सुप्रीम कोर्ट एडमिनिस्ट्रेशन को इस बारे में जानकारी दी थी।

मैं सरकारी बंगले में समयसीमा से ज्यादा नहीं रहना चाहता था, लेकिन मेरी बेटियों को कुछ खास सुविधाओं वाले घर की जरूरत है। इस साल फरवरी से मैं लगातार घूम रहा हूं। मैंने सर्विस अपार्टमेंट और होटल भी देखे, लेकिन वहां जाया नहीं जा सकता।

### चीनी राजदूत बोले- दलाई लामा उत्तराधिकारी नहीं चुन सकते

नई दिल्ली। भारत में चीन के राजदूत शू फेइहोंग ने दलाई लामा के पुनर्जन्म और उत्तराधिकार वाले बयान पर प्रतिक्रिया दी है।फेइहोंग ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, 14वें दलाई लामा ने कहा है कि दलाई लामा की परंपरा आगे भी जारी रहेगी। हालांकि तिब्बती बौद्ध धर्म जीवित बुद्ध के पुनर्जन्म की परंपरा 700 साल से चली रही है। फेइहोंग ने कहा14वें दलाई लामा इस ऐतिहासिक और धार्मिक परंपरा का हिस्सा हैं। दलाई लामाओं का पुनर्जन्म ना तो उनसे शुरू हुआ था, और ना ही उनके कारण खत्म होगा। परंपरा को जारी रखना है या खत्म करने का फैसला सिर्फ 14वें दलाई लामा के हाथ में नहीं है। वे अकेले यह तय नहीं कर सकते कि पुनर्जन्म की परंपरा चलेगी या नहीं।विवाद की शुरुआत 2 जुलाई को हिमाचल में दलाई लामा के बयान से हुई।

## बिहार के लोगों से वोट का आधिकार छीनना चाहती थी भाजपा - खड़गे

आर.एन.एस

नई दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने रविवार को भाजपा पर मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के जरिए बिहार के लोगों को उनके मताधिकार से वंचित करने की साजिश रचने का आरोप लगाया और कहा कि राज्य के मतदाता लोकतंत्र और संविधान पर हमले के लिए भगवा पार्टी को सबक सिखाएंगे।

उन्होंने चुनाव आयोग द्वारा जारी एक नए विज्ञापन का हवाला दिया, जिसमें बिहार के मतदाताओं से केवल एसआईआर के तहत एक फॉर्म भरने का आग्रह किया गया है, और आरोप लगाया कि ÷जब लोग उठते हैं, तो भाजपा पीछे हट जाती है÷।

खड़गे ने एक्सिस बैंक पर हिंदी में लिखे एक पोस्ट में आरोप लगाया, ''चुनाव आयोग के सहयोग से भाजपा ने बिहार के करोड़ों लोगों को उनके मताधिकार से वंचित करने का जो मास्टर प्लान बनाया था, वह अब भाजपा को ही फंसाता दिख रहा है।''

उन्होंने कहा कि पहले दिन से ही कांग्रेस एसआईआर के खिलाफ



आवाज उठा रही है।

उन्होंने आरोप लगाया, ''जो लोग चुनाव दर चुनाव वोट देते आ रहे हैं, उनसे वोट देने के लिए दस्तावेज क्यों मांगे जा रहे हैं? गरीब, कमजोर, वंचित, दलित, उत्पीड़ित और पिछड़े लोगों को जबरन उनके मताधिकार से वंचित करना भाजपा-आरएसएस की साजिश है।' कांग्रेस अध्यक्ष ने दावा किया कि एसआईआर के कारण करीब आठ करोड़ लोग पीड़ित होंगे।

उन्होंने कहा, ''मतदाता सूची को सही करने की जिम्मेदारी चुनाव आयोग की है, जनता की नहीं।

उन्होंने दावा किया, ''जब विपक्ष, जनता और नागरिक समाज की ओर से दबाव बढ़ा तो चुनाव आयोग ने आज जल्दबाजी में ये विज्ञापन प्रकाशित कर दिए, जिनमें कहा गया है कि अब केवल एक फॉर्म भरना होगा और दस्तावेज दिखाने की आवश्यकता नहीं है।''

राज्यसभा में विपक्ष के नेता ने आरोप लगाया, ÷यह जनता को गुमराह करने और भ्रमित करने की भाजपा की रणनीति का हिस्सा है। सच्चाई यह है कि भाजपा ने तय कर लिया है कि वह किसी भी कीमत पर लोकतंत्र को कुचल देगी। लेकिन जब जनता का विरोध सामने आता है तो वह बड़ी चतुराई से एक कदम पीछे हट जाती है।

## भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष : शिवराज-खट्टर समेत 6 चेहरे अध्यक्ष की रेस में

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** भाजपा जल्द ही नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के नाम का ऐलान कर सकती है। रिपोर्ट के मुताबिक, भाजपा नए अध्यक्ष के लिए 6 नामों पर विचार कर रही है, इनमें केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान, मनोहर लाल खट्टर, भूपेंद्र यादव और धर्मेंद्र प्रधान शामिल हैं। वहीं, भाजपा महासचिव सुनील बंसल और विनोद तावड़े भी रेस में बताए जा रहे हैं।

पार्टी सूत्रों के मुताबिक भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनने के लिए तीन मुख्य बातों-संगठनात्मक अनुभव, क्षेत्रीय संतुलन, जातीय समीकरण को ध्यान में रख रही हैं। जल्द ही राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के लिए एक केंद्रीय चुनाव समिति का गठन हो सकता है। यदि चुनाव की जरूरत पड़ती है तो यह समिति नामांकन, जांच और मतदान की प्रक्रिया पूरी करेगी।

बतौर राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का कार्यकाल जून 2024 को खत्म हो चुका है। वह एक्सटेंशन पर हैं। वहीं,



वह केंद्र सरकार में मंत्री भी हैं, इस वजह से भाजपा जल्द नया अध्यक्ष चुनने की तैयारी में जुटी है।

**भाजपा के 37 में से 26 प्रदेश अध्यक्ष चुने गए**

पार्टी संविधान के अनुसार, राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव 50त्न राज्यों में प्रदेश अध्यक्ष चुनने के बाद ही होता है। फिलहाल भाजपा की 37 मान्यता प्राप्त स्टेट यूनिट हैं। इनमें से 26 राज्यों में अध्यक्ष चुने जा चुके हैं।

भाजपा ने जुलाई के शुरुआत 2 दिन में 9 राज्यों में नए प्रदेश अध्यक्ष चुने। इसके बाद से राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की तस्वीर साफ हो गई है। पार्टी ने 1-2 जुलाई को 9 राज्यों (हिमाचल, उत्तराखंड, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र, तेलंगाना, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल, दमन दीव और लद्दाख) में प्रदेश अध्यक्षों का चुनाव किया।



## अपराध बिहार में न्यू नॉर्मल बन चुका - राहुल गांधी

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** बिहार की राजधानी पटना में कारोबारी गोपाल खेमका की सरेआम हत्या पर राहुल गांधी ने बिहार को भारत की क्राइम कैपिटल कहा है। राहुल ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि अपराध बिहार में न्यू नॉर्मल बन चुका है।

**राहुल ने लिखा- सरकार नाकाम बिहार में अपराध न्यू नॉर्मल**

राहुल गांधी ने अपनी पोस्ट में लिखा कि पटना में व्यवसायी की सरेआम गोली मारकर हत्या ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि बिहार लूट, गोली और हत्या के साए में जी रहा है। अपराध यहां 'नया नॉर्मल' बन चुका है - और सरकार पूरी तरह नाकाम।

**तेजस्वी बोले- 65 हजार हत्याएं, फिर भी बिहार में मंगलराज**

बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने रविवार को कहा कि ह्रछ्व के शासन में अब तक 65,000 हत्याएं हो चुकी है फिर भी यहां मंगलराज है। मजाल है अचेत मुख्यमंत्री किसी घटना पर कोई व्यक्तव दे सके

इससे पहले खेमका के भाई शंकर खेमका ने भी कहा था, सरकार के लोग लालू प्रसाद के राज को जंगलराज कहते हैं। लेकिन, हमारे लिए तो उससे बड़ा जंगलराज अभी है। बिहार सरकार ऑर्गेनाइज क्राइम चला रही है। सभी जगह ब्लैक मार्केटिंग है। हर जगह लूट है।

**खेमका को उनके अपार्टमेंट के सामने सिर में गोली मारी गई**

बिजनेसमैन खेमका की पटना में शुक्रवार (4 जुलाई) को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। उन्हें रात 11 बजे गांधी मैदान थाना क्षेत्र के रामगुलाम चौक के पास उनके घर के बाहर सिर में गोली मार दी गई थी, इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी। वारदात का सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया था, लेकिन अब तक अपराधी पकड़े नहीं जा सके हैं। पटना में आज खेमका का अंतिम संस्कार किया जाना है।

## मस्क ने नई अमेरिका पार्टी बनाई

**कहा- रिपब्लिकन और डेमोक्रेट दोनों भ्रष्ट, देश को 2 पार्टी सिस्टम से आजादी मिलेगी**

आर.एन.एस

**वॉशिंगटन।** अरबपति बिजनेसमैन इलॉन मस्क ने शनिवार को अमेरिका में एक नई पॉलिटिकल पार्टी बनाने का ऐलान किया। उन्होंने इसका नाम अमेरिका पार्टी रखा है। मस्क ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इसकी जानकारी दी।

उन्होंने लिखा- आज अमेरिका पार्टी का गठन किया जा रहा है, ताकि आपको आपकी आजादी वापस मिल सके। इसे लेकर उन्होंने ङ्ग पर पब्लिक पोल भी किया था।

मस्क ने अपने पोस्ट में कहा कि आप में 66 प्रतिशत लोग एक नई राजनीतिक पार्टी चाहते हैं और अब यह आपको मिलेगी। जब बात अमेरिका को बर्बाद करने और भ्रष्टाचार की आती है तो अमेरिका में दोनों पार्टी (रिपब्लिकन और डेमोक्रेट) एक ही जैसी हैं। अब देश को 2 पार्टी सिस्टम से आजादी



मिलेगी।

मस्क ने 4 जुलाई को अमेरिका के स्वतंत्रता दिवस के मौके पर एक्स पर एक पोल पोस्ट किया था।

इसमें उन्होंने पूछा था कि क्या आप दो पार्टी वाले सिस्टम से आजादी चाहते हैं? क्या हमें अमेरिका पार्टी बनानी चाहिए? पोल के नतीजों में 65.4 प्रतिशत लोगों ने हां और 34.6 प्रतिशत ने नहीं में वोट दिया।

**अमेरिका का टू पार्टी सिस्टम क्या है**

अमेरिका की राजनीति में बीते डेढ़ सौ साल से डेमोक्रेटिक और रिपब्लिकन दो ही पार्टियों का दबदबा रहा है। देश में राष्ट्रपति चुनाव से लेकर राज्यों की विधानसभाओं तक इन दोनों दलों का वर्चस्व हैं। इस टू-पार्टी सिस्टम को अमेरिकी लोकतंत्र की स्थिरता की वजह भी माना जाता है।

डेमोक्रेटिक पार्टी की शुरुआत 1828 में एंड्रू जैक्सन के दौर में हुई। यह शुरुआत में किसानों और आम जनता की पार्टी मानी जाती थी।

20वीं सदी में यह सामाजिक कल्याण, न्यू डील जैसे आर्थिक सुधारों और नागरिक अधिकारों की पैरोकार बनी।

## ट्रम्प के गोल्फ क्लब के ऊपर उड़ा एयरक्राफ्ट, एफ-16 फाइटर जेट ने नो-फ्लाइंग जोन से बाहर निकाला

आर.एन.एस

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के न्यू जर्सी स्थित बेडमिंस्टर में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के गोल्फ क्लब के ऊपर एक एयरक्राफ्ट ने उड़ान भरी। यह इलाका नो-फ्लाइंग जोन में आता है। घटना शनिवार की है।

राष्ट्रपति की सुरक्षा में इस चूक के बाद नॉर्थ अमेरिकन एयरोस्पेस डिफेंस कमांड ने एयरक्राफ्ट को प्रतिबंधित एयर स्पेस से बाहर निकालने के लिए एफ-16 फाइटर जेट बुलाए।

NORAD के एफ -16 फाइटर जेट ने फ्लेयर्स तैनात किए। इससे सिविल विमान के पायलट का ध्यान जेट की तरफ गया। इसके बाद उसने एयरक्राफ्ट को प्रतिबंधित इलाके से बाहर किया। इस घटना पर व्हाइट हाउस ने कोई बयान नहीं दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति बेडमिंस्टर गोल्फ क्लब में 4 जुलाई से रविवार तक



वीकेंड मनाने के लिए पहुंचे हैं। NORAD के मुताबिक, यह घटना ट्रम्प के वेस्ट पाम बीच गोल्फ कोर्स में गोल्फ का राउंड खत्म करने के ठीक बाद हुई थी। एफ-16 ने पायलट का ध्यान आकर्षित करने के लिए फ्लेयर (आग की लपटें) छोड़े थे।

अधिकारियों के अनुसार, इस घटना से ट्रम्प के शेड्यूल या सुरक्षा पर कोई असर नहीं पड़ा है। इस घुसपैठ से एक दिन पहले, एफ-16 फाइटर जेट्स ने ट्रम्प के गोल्फ क्लब और आवास से वेस्ट पाम बीच कोर्स पर पहुंचने के ठीक बाद जांच की थी।

## ब्रिटिश फाइटर जेट एफ-35 को ठीक करने 40 इंजीनियर पहुंची

नई दिल्ली। ब्रिटिश फाइटर जेट एफ-35 को ठीक करने ब्रिटेन से 40 इंजीनियरों की टीम रविवार को भारत पहुंच गई है। टीम तय करेगी कि विमान की मरम्मत यहीं हो सकती है या वापस च भेजना होगा। पहले ब्रिटेन की इस टीम को 2 जुलाई को आना था। फाइटर जेट 14 जून की रात केरल के तिरुवनंतपुरम इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर इमरजेंसी लैंडिंग हुई थी। लैंडिंग के बाद जेट में तकनीकी खराबी आ गई, जिसके कारण यह वापस नहीं जा सका। जेट 13 दिन से एयरपोर्ट पर ही खड़ा है।

918 करोड़ रुपए का यह विमान ब्रिटेन की रॉयल नेवी के ॥रूस्र प्रिंस ऑफ वेल्स कैरियर स्ट्राइक ग्रुप का हिस्सा है। इसे दुनिया भर में सबसे एडवांस्ड फाइटर जेट में से एक माना जाता है। ॥रूस्र के एक्सपर्ट ने बताया था कि जेट को ठीक करने में ब्रिटेन की इंजीनियरिंग टीम की मदद लगेगी।


ब्रिटिश सेवा में लाइटनिंग के नाम से जाना जाने वाला एफ-35 मॉडल फाइटर जेट का शॉर्ट टेक ऑफ/वर्टिकल लैंडिंग वैरिएंट है जिसे शॉर्ट-फील्ड बेस और एयर कैपेबल जहाजों से ऑपरेट करने के लिए डिजाइन किया गया है।

## दुनिया में रूस-यूक्रेन और इस्राइल-ईरान जैसे युद्धों के कारण टकराव का माहौल बन गया - गडकरी

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने रविवार को कहा कि दुनिया में रूस-यूक्रेन और इस्राइल-ईरान जैसे युद्धों के कारण टकराव का माहौल बन गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसी स्थिति बन रही है जिससे कभी भी विश्व युद्ध छिड़ सकता है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी नागपुर में बियॉन्ड बॉर्डर्स नाम के पुस्तक के विमोचन कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि बड़ी महाशक्तियों की तानाशाही और अधिनायकवाद के चलते दुनिया से समन्वय, सौहार्द और प्रेम खत्म होता जा रहा है।

**भारत ने दिया अहिंसा और शांति का संदेश**



उन्होंने कहा, आज पूरी दुनिया में संघर्ष का वातावरण है। रूस-यूक्रेन और इस्राइल-ईरान के बीच युद्ध जारी हैं। ऐसे हालात बन रहे हैं कि कभी भी वर्ल्ड वॉर जैसी स्थिति पैदा हो सकती है। केंद्रीय मंत्री ने इस मौके पर भारत की सांस्कृतिक विरासत की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि भारत बुद्ध की धरती है, जिसने दुनिया को सत्य, अहिंसा और शांति का संदेश दिया है।

**आधुनिक युद्ध तकनीक से बढ़ा खतरा**

नितिन गडकरी ने कहा कि युद्ध की तकनीक अब पूरी तरह बदल चुकी है। अब टैंक और पारंपरिक विमान कम उपयोगी हो गए हैं, जबकि मिसाइल और ड्रोन जैसे आधुनिक हथियारों का ज्यादा इस्तेमाल हो रहा है। उन्होंने कहा अब मिसाइलें सीधे नागरिक बस्तियों पर गिराई जा रही हैं, जिससे मानवता की रक्षा करना मुश्किल होता जा रहा है। यह एक गंभीर समस्या है जिस पर वैश्विक स्तर पर चर्चा की जरूरत है।

## हम हिंदी विरोधी नहीं, इस भाषा के थोपे जाने के खिलाफ- उद्धव गुट

आर.एन.एस

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने फैसला लिया था कि कक्षा 1 से 5 तक हिंदी तीसरी भाषा के रूप में पढ़ाई जाएगी, लेकिन विरोध के बाद सरकार ने यह फैसला वापस ले लिया। इस जीत का जश्न मनाने के लिए शनिवार को उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे सालों बाद एक मंच पर आए।

हालांकि, अगले ही दिन रविवार को उद्धव की शिवसेना ने साफ किया कि उनकी पार्टी हिंदी भाषा के खिलाफ नहीं है। पार्टी के नेता संजय राउत ने कहा तमिलनाडु में जो हिंदी विरोध है, उसमें वे न हिंदी बोलते हैं और न दूसरों को बोलने देते हैं। लेकिन महाराष्ट्र में हमारा ऐसा कोई



रुख नहीं है। हम हिंदी बोलते हैं, यहां हिंदी फिल्में, थिएटर और संगीत भी है। हमारी लड़ाई सिर्फ प्राथमिक शिक्षा में हिंदी थोपने के खिलाफ है। राउत ने कहा कि ष्ठरूद्म नेता एम.के. स्टालिन को उनके संघर्ष के लिए शुभकामनाएं, लेकिन हमारी सीमाएं स्पष्ट हैं। महाराष्ट्र में हिंदी को लेकर जारी विवाद के बीच उद्धव ठाकरे और राज ठाकरे ने मराठी एकता पर शनिवार को मुंबई के वर्ली सभागार में मराठी विजय रैली की। दोनों ने 48 मिनट तक हिंदी-मराठी भाषा विवाद, मुंबई-महाराष्ट्र, भाजपा और केंद्र सरकार पर निशाना साधा। दोनों नेताओं ने कहा- तीन भाषा का फॉर्मूला केंद्र से आया।

हिंदी से कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन इसे थोपा नहीं जाना चाहिए। अगर मराठी के लिए लड़ना गुंडागर्दी है तो हम गुंडे हैं। उद्धव और राज 20 साल बाद एक मंच पर साथ नजर आए। आखिरी बार 2006 में बाला साहेब ठाकरे की रैली में साथ दिखे थे। उद्धव को शिवसेना का मुखिया बनाने के बाद राज ने अलग पार्टी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना बनाई थी। तब दोनों के रिश्ते अच्छे नहीं थे।

## विधानसभा चुनाव : चिराग ने 243 सीटों पर लड़ने का किया ऐलान

आर.एन.एस

**नई दिल्ली।** बिहार में साल के अंत तक विधानसभा चुनाव होने है। विधानसभा चुनाव से पहले एनडीए के घटक दल के नेता चिराग पासवान ने बड़ा ऐलान किया है। साथ ही उन्होंने स्पष्ट कर दिया है कि वे बिहार विधानसभा चुनाव लड़ना चाहते है। केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि वह बिहार के हित में आगामी विधानसभा चुनाव लड़ना चाहते है। साथ ही उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी बिहार की 243 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। चिराग पासवान के इस बयान के बाद बीजेपी और



जेडीयू की मुश्किलें बढ़ सकती है।

**विधानसभा चुनाव लड़ने का किया ऐलान**

केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने कहा कि आज सारण की इस पावन धरती से ऐलान करता हूं कि मैं चुनाव लड़ूंगा। साथ ही उन्होंने कहा कि जब मैं कहता हूं कि चिराग पासवान चुनाव लड़ेंगा तो मैं यह भी बता दूं कि चिराग पासवान प्रदेश की सभी 243 सीटों पर चुनाव लड़ेगा। हर सीट पर चिराग पासवान बनकर चुनाव लड़ूंगा। जनसभा को संबोधित करते हुए चिराग पासवान ने इशारों-इशारों में सीएम नीतीश कुमार पर भी निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि चिराग पासवान किसी से डरने वाला नहीं है। केंद्रीय मंत्री ने कहा- उनके विरोधी उनके रास्ते में रोड़े अटकाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्हें बिहार आने से रोकने की साजिश की जा रही है।

## इजराइली एजेंसी का दावा- ईरानी जासूसी नेटवर्क का खुलासा किया

आर.एन.एस

**तेल अवीव।** इजराइल की सुरक्षा एजेंसी ने ईरान के लिए जासूसी करने वाले एक नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है। द गार्डियन की रिपोर्ट के मुताबिक, इजराइल में अब तक 30 से ज्यादा नागरिकों पर ईरानी खुफिया एजेंसी के लिए काम करने का आरोप लगाया गया है।

रिपोर्ट के अनुसार, ईरानी एजेंसी ने इजराइली नागरिकों को पैसे का लालच देकर उनसे देश से जुड़ी संवेदनशील जानकारी जुटाने की कोशिश की। इसके लिए लोगों को गुमनाम मैसेज भेजे गए, जिनमें पूछा गया - क्या आपके पास युद्ध से जुड़ी कोई जानकारी है? हम इसे खरीदने के लिए तैयार हैं।

ये संदेश टेलीग्राम ऐप के जरिए भेजे गए थे। इसके साथ ही लोगों को पोस्टर लगाने और सरकार के खिलाफ नारे लिखने जैसे काम करने के टास्क भी दिए गए। वहीं, दूसरी ओर, ईरान ने भी इजराइल के लिए जासूसी करने के आरोप में अब तक 700 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया है।

cmyk

# गंगापुर में भारतीय जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्मोत्सव मनाया



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

गंगापुर । भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती आज सहाड़ा स्थित प्रधान कार्यालय में धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर सहाड़ा मंडल महामंत्री दीपक चौधरी ने डॉ. मुखर्जी के जीवन परिचय पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि डॉ. मुखर्जी ने «एक देश में दो प्रधान, दो संविधान नहीं चलेंगे» का नारा दिया था, जिसे वर्तमान प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने धारा 370 को समाप्त करके साकार किया और उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की।जयंती समारोह के बाद सहाड़ा ग्रामीण मंडल के अध्यक्ष धन सिंह राठौड़ और गंगापुर ग्रामीण मंडल के अध्यक्ष राजू जाट का साफा बांधकर स्वागत किया गया। इस दौरान दोनों नेताओं ने आगामी पंचायती राज चुनाव में अपनी टीम के साथ पूर्ण समर्पण से काम करने और भाजपा को पुनः सत्ता में लाने का संकल्प लिया।कार्यक्रम में सहाड़ा प्रधान मांगी देवी, पंचायत समिति सदस्य गोपीलाल कुमार, मंडल मंत्री भगवती लाल सोनी, शारदा सरपंच पति रामचंद्र सालवी, पवन पामेचा, जगदीश किर, खुश कमल सुराणा, दिनेश खारोल, राम रतन राव, संपत रेगर, कैलाश खारोल सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

यह आयोजन भाजपा कार्यकर्ताओं के उत्साह और एकजुटता का प्रतीक रहा, जिसमें सभी ने एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने का संकल्प दोहराया।

# मुनि प्रसन्न कुमार का गंगापुर में भव्य चातुर्मासिक प्रवेश



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

गंगापुर। जनभावना भक्ति प्रबल हो तो अनहोनी भी होनी में बदल जाती है भाग्य,पुरुषार्थ और नियति में पुरुषार्थ प्रबल होने से पुरुषार्थ की विजय हुई तथा चातुर्मास मिलने की निराशा आशा में बदल गई । चातुर्मास में साधु साध्वीयो के प्रवास से कई आध्यात्मिक लाभ मिलते हैं । जहां विराजते हैं उस क्षेत्र में मंगल ही मंगल होता है । जप, तप, आराधना से नगर में पवित्र वातावरण एवं कई प्राणियों के कल्याण का मार्ग प्रशस्त होता है। संयम त्याग के द्वारा अहिंसा तथा इंद्रिय संयम से इंद्रिय विजय की साधना होती है । आवश्यक है व्यक्ति समय निकालकर संतों के समीप आए और उनके सानिध्य का लाभ लें।« उपयुक्त विचार आचार्य श्री महाश्रमण के प्रबुद्ध शिष्य मुनि प्रसन्न कुमार अपने सहवर्ती संत मुनि धैर्य कुमार के साथ गंगापुर नगर में चातुर्मासिक प्रवेश के पश्चात आयोजित स्वागत सभा को संबोधित करते हुए स्थानीय कालू कल्याण कुंज में व्यक्त किया । अपने उद्बोधन में «मुनि श्री धैर्य कुमार ने कहा कि गंगापुर का स्थान ऐतिहासिक है जहां दो-दो आचार्य का समागम हुआ इस चातुर्मास को आप ऐतिहासिक बना सकते हैं यह आप पर निर्भर है यहाँ अध्यात्मिक की गंगा बहानी है ,उसमें अपने आप को अभिसिंचित करना है।ज्ञानशाला के बच्चों द्वारा भिक्षु अष्टम के उच्चारण से कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। जिसमें संयोजिका ऐश्वर्या मेहता ने मुनी श्री के प्रवेश पर प्रसन्नता व्यक्त की। तेरापंथ समाज की ओर से मुनिश्री का स्वागत करते हुए सभा के अध्यक्ष प्रकाश बोलिया एवं मंत्री रमेश हिरण ने मुनिश्री को पूर्ण सहयोग का विश्वास दिलाया । महिला मंडल की सदस्य? द्वारा मुनि श्री के स्वागत में मधुर गीतिका का संगान हुआ । कार्यक्रम में रेल मगरा सभा अध्यक्ष मुकेश मेहता, महासभा सदस्य अनिल चंडालिया ,अंकित मेहता ,महिला मंडल मंत्री प्रीति रांका, अणुव्रत मंच से निधि महता ,सपना नौलखा,हीर व विहा महता इत्यादि ने गीतिका व वक्तव्य के माध्यम से मुनि श्री का भाव भरा स्वागत किया।

# 'मैं समाज के लिए हमेशा खड़ा हूं, समाज को राजनीतिक रूप से एक रहना चाहिए' – डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

जयपुर । राजस्थान पुलिस एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के सेवानिवृत्त महानिदेशक और वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा का नागरिक अभिनंदन समारोह टोंक रोड स्थित सियाम आडिटोरियम, दुर्गापुरा जयपुर में भव्य रूप से आयोजित किया गया। यह सम्मान डॉ. अम्बेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी राजस्थान और अनुसूचित जनजाति संयुक्त संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया, जिसमें राज्यभर के अनुसूचित जाति, जनजाति, पिछड़ा वर्ग एवं अन्य समुदायों के संगठनों ने सहभागिता की। इस अवसर पर विभिन्न संगठनों ने डॉ. मेहरड़ा से आग्रह किया कि वे समाजहित में सार्वजनिक रूप से सक्रिय रहें और सामाजिक-राजनीतिक मंच पर समाज का मार्गदर्शन करें।

डॉ. मेहरड़ा ने अपने उद्बोधन में कहा मैं समाज के लिए हमेशा खड़ा हूं। समाज की विभिन्न जातियों में अंतर्जातीय विवाह को बढ़ावा देना चाहिए और समाज को राजनीतिक रूप से एकजुट रहना चाहिए।«

वक्ताओं ने इस बात पर भी रोष व्यक्त किया कि स्वतंत्रता के बाद आज तक किसी अनुसूचित जाति के अधिकारी को राजस्थान में पुलिस महानिदेशक जैसे सर्वोच्च पद पर नियमित रूप से नियुक्त नहीं किया गया। जबकि डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा इस पद के लिए पूर्ण रूप से योग्य, अनुभवी और लोकप्रिय अधिकारी रहे हैं। डॉ. मेहरड़ा की लोकप्रियता का प्रमाण 2 अप्रैल 2023 को आयोजित अनुसूचित जाति एवं जनजाति महापंचायत है, जिसमें जयपुर में उनके आह्वान पर पाँच लाख से अधिक लोगों ने भाग लिया था।

यह नागरिक अभिनंदन समारोह न केवल उनके सेवाकाल की उपलब्धियों का सम्मान था, बल्कि सामाजिक न्याय, समरसता और नेतृत्व की एक नई शुरुआत की प्रतीक भी रहा।

# विद्यार्थियों का कराया विद्यारंभ संस्कार, ज्ञान प्रसाद के रूप में भेंट की महापुरुषों की प्रेरक जीवनी

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



जयपुर। शिक्षा के साथ विद्या का समन्वय स्थापित करने और भारतीय संस्कृति के मूल विद्यारंभ संस्कार को पुनर्स्थापित करने की दिशा में ठिकाना मंदिर श्री गोविंद देवजी की ओर से रविवार रामगंज चौपड़ स्थित मुरली मनोहर जी मंदिर में पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं विद्यारंभ संस्कार महोत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी के सह व्यवस्थापक मणि शंकर पाटीदार के निर्देशन में गायत्री कचोलिया, गायत्री तोमर एवं डॉ. अजय भारद्वाज ने वैदिक मंत्रों, प्रेरक गीतों और उद्बोधनों के साथ यज्ञ विधिपूर्वक सम्पन्न कराया।

गायत्री मंत्र, महामृत्युंजय मंत्र के साथ देवशयनी एकादशी के अवसर पर विष्णु गायत्री महामंत्र से विशेष आहुतियां प्रदान की गईं। कार्यक्रम की विशेष कड़ी के रूप में पहली बार विद्यालय जाने वाले बालकों के लिए निःशुल्क विद्यारंभ संस्कार कराया गया। बच्चों ने मां सरस्वती का पूजन कर लेखन किया। उपस्थित श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की मंगल कामना की। बच्चों को गायत्री मंत्र लेखन पुस्तिका निशुल्क दी गई।

भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी दीपक नंदी ने बच्चों को प्रेरणा दी पुस्तक भेंट कर ज्ञानप्रसाद स्वरूप शुभकामनाएं दीं।

ज्यादातर पुस्तक के देश दुनिया के उन महापुरुषों पर आधारित थी जिन्होंने अपने व्यक्तित्व से कुछ कर दिखाया और दूसरों के लिए प्रेरक बने। सभी बच्चों को पाठ्य पुस्तकों के साथ-साथ इन पुस्तकों का अध्ययन करने का भी संकल्प कराया।

यज्ञ से पूर्व ठाकुर श्री गोविंद देवजी, मुरली मनोहर जी, वेदमाता गायत्री एवं गुरु सत्ता का पूजन विधिपूर्वक किया गया। पंचकुंडी गायत्री महायज्ञ की पूर्णाहुति के रूप में सभी लोगों ने अधिक से अधिक पौधे लगाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के अंत में पंडित रमेश शर्मा ने यज्ञ समापन पर सभी श्रद्धालुओं, अतिथियों एवं सहयोगियों का आभार प्रकट किया तथा घोषणा की कि प्रत्येक माह मंदिर में नियमित रूप से गायत्री महायज्ञ आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर गीता गायत्री मंदिर के पंडित राजकुमार चतुर्वेदी, पत्रकार ओमवीर भार्गव,महंत संजय गोस्वामी, मेहंदीपुर बालाजी मंदिर समिति के शिक्षा सचिव सुदीप तिवारी सहित अनेक गणमान्य नागरिक, अभिभावक एवं श्रद्धालुजन उपस्थित रहे। गायत्री चेतना केंद्र, बनीपार्क के कैलाश अग्रवाल और रमेश अग्रवाल ने श्रद्धालुओं को अग्नि पर नैवेद्य अर्पण की परंपरा को पुनर्जीवित करने हेतु तांबे के बलिवैश्व पात्र आधे मूल्य पर उपलब्ध कराए।

# उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने आमेर नरेश की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित की

## सिटी पैलेस में मनाई गई आमेर नरेश, राजा मान सिंह प्रथम की पुण्यतिथि

## पुष्पांजलि और संगोष्ठी कार्यक्रम का हुआ आयोजन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



जयपुर। आमेर नरेश मिर्जा राजा मान सिंह प्रथम की पुण्यतिथि के अवसर पर सिटी पैलेस में पुष्पांजलि और संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राजस्थान की उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। जिसके पश्चात, राजा मान सिंह प्रथम के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें वक्ताओं ने उनके ऐतिहासिक योगदान, वीरता, काबुल युद्ध, सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार और भारतीय संस्कृति के संरक्षण में निभाई गई उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में वक्ता, संस्कृत कॉलेज के सेवानिवृत्त प्रिंसिपल, सुभाष चंद्र शर्मा ने राजा मान सिंह द्वारा हिंदू मंदिरों के निर्माण और सर्व समाज को बढ़ावा देने के योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि मान सिंह जी ने भारत में स्वतंत्र सेना की स्थापना की और साधु-संतों के प्रति भी उनकी गहरी आस्था थी। इसके अतिरिक्त, शर्मा ने बताया कि राजा मान सिंह ने कुतुबखाना के तर्ज पर प्राचीन साहित्य को संरक्षित करने के लिए आमेर में पोथी खाना का निर्माण कराया। उन्होंने कहा कि राजा मान सिंह द्वारा अकबर के सेनापति पद को स्वीकार करना उनका सबसे बड़ा और अत्यंत महत्वपूर्ण निर्णय सिद्ध हुआ। वहीं, वक्ता दौलत सिंह ने आमेर महल की स्थापत्य कला पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि राजा मान सिंह ने आमेर महल में हवेलियों का निर्माण कराया, जिससे प्रत्येक मौसम में वायु, सूर्य और वर्षा का आनंद लिया जा सके। यह स्थापत्य कला जोधपुर, शेखावटी सहित राजस्थान के अन्य क्षेत्रों में भी पहुंची। इसके साथ ही, उन्होंने जयपुर के पंचरंगे झंडे के इतिहास पर भी रोशनी डाली। कार्यक्रम में करणी सेना के नेता महिपाल सिंह मकराना ने भी अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने जोर देकर कहा कि इतिहास को तोड़-मरोड़कर नहीं दिखाना चाहिए, बल्कि लोगों को सच्चा और सही इतिहास बताया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुगल शासन के समय राजा मान सिंह ने मंदिरों का निर्माण करवाया और उनकी रक्षा भी की। वक्ता देवेंद्र भगत ने भारतवर्ष में राजा मान सिंह के योगदानों तथा उनके द्वारा कराए गए मंदिरों के जीर्णोद्धार पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम का संचालन सिटी पैलेस के कला एवं संस्कृति, ओएसडी, रामू रामदेव द्वारा किया गया। एमएसएमएस द्वितीय संग्रहालय की कार्यकारी ट्रस्टी, रमा दत्त ने आमेर नरेश मान सिंह जी द्वारा सनातन धर्म और संस्कृति को बचाने में विशेष योगदान पर प्रकाश डाला। वहीं, सिटी पैलेस के कथा भट्ट जी महाराज, सुबोध चंद्र शर्मा ने बताया कि राजा मान सिंह प्रथम ने 13-14 वर्ष की उम्र में अकबर के साथ मिलकर युद्ध किया और भारत के विस्तार में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

इससे पूर्व, उप मुख्यमंत्री ने महाराजा सवाई मान सिंह (एमएसएमएस) द्वितीय संग्रहालय ट्रस्ट के सहयोग से कल्याण सिंह शेखावत द्वारा लिखित पुस्तक डिवाइनिटी सेंटर्स ऑफ जयपुर का विमोचन भी किया। यह पुस्तक गुलाबी शहर जयपुर के प्रमुख मंदिरों के इतिहास और धार्मिक महत्व पर केंद्रित है।

# इंटरनेशनल वेडिंग एंड टूरिज्म कॉन्क्लेव (आईडब्लूटीसी) का हर्ष और उल्लास के साथ हुआ भव्य शुभारंभ

## सस्टेनेबल और ईको-फ्रेंडली वेडिंग ट्रेंड्स बन रहे नई पीढ़ी की पसंद - अरशद हुसैन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



जयपुर। राजस्थान की राजधानी जयपुर में इंटरनेशनल वेडिंग एंड टूरिज्म कॉन्क्लेव (आईडब्लूटीसी) 2025 का शानदार और भव्य शुभारंभ हुआ। फेडरेशन ऑफ राजस्थान इवेंट मैनेजर्स (फोरम) द्वारा होटल क्लार्क्स आमेर में आयोजित इस दो दिवसीय आयोजन में भारत और विदेशों से 500 से अधिक वेडिंग प्लानर, इवेंट एक्सपर्ट और हॉस्पिटैलिटी प्रोफेशनल्स शामिल हुए हैं। कॉन्क्लेव का विधिवत उद्घाटन होटल क्लार्क ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर, अपूर्व कुमार, फोरम के प्रेसिडेंट मोहित माहेश्वरी, इवेंट गुरु, अरशद हुसैन और जाने-माने इवेंट एक्सपर्ट, ऋतुराज खन्ना द्वारा किया गया। अपने उद्घाटन संबोधन में अरशद हुसैन ने कहा, «राजस्थान की अर्थव्यवस्था में वेडिंग टूरिज्म की बड़ी भूमिका है। राजस्थान की जीडीपी में टूरिज्म, विशेषकर वेडिंग टूरिज्म, का लगभग 12% योगदान है। ऐसे में इस क्षेत्र को सस्टेनेबल और इनोवेटिव बनाना समय की माँग है। नई पीढ़ी अब पर्यावरण के अनुकूल शादियों को प्राथमिकता दे रही है, और यही ट्रेंड आने वाले वर्षों में इंडस्ट्री की दिशा तय करेगा।

इस वर्ष आईडब्लूटीसी का मुख्य फोकस सस्टेनेबल और ईको-फ्रेंडली इवेंट्स पर है। विशेषज्ञों ने बताया कि ग्रीन वेडिंग, प्लास्टिक-फ्री डेकोर, रीयूज़ेबल मटीरियल्स, स्थानीय कारीगरों का सहयोग, और वेस्ट मैनेजमेंट जैसे उपाय अब शादियों में आम होते जा रहे हैं। कॉन्क्लेव ने यह भी दिखाया कि कैसे पर्यावरण के अनुकूल सोच न केवल ज़रूरी है, बल्कि इससे वेडिंग इंडस्ट्री को वैश्विक मंच पर एक नई पहचान मिल सकती है। कॉन्क्लेव में छोटे शहरों और दूर-दराज़ स्थलों में शादियों« पर एक विशेष चर्चा करते हुए प्रेजिडेंट, तेलंगाना चैम्बर ऑफ इवेंट इंडस्ट्री, बलराम; प्रेसिडेंट, फोरम, मोहित माहेश्वरी; प्रेजिडेंट, वेस्टर्न महाराष्ट्र इवेंट फेडरेशन, श्यामा बसरानी; प्रेजिडेंट, सेंट्रल इंडिया इवेंट मैनेजर्स अस्सोसिएट्स, निमेष पीटालिया; इवेंट मैनेजर्स असोसिएशनऑफ अजमेर के प्रेजिडेंट, अनिल भाटी ने कहा कि हाल के वर्षों में, कपल्स अब महानगरों से हटकर शांत, सांस्कृतिक और किफायती स्थानों को चुन रहे हैं जहाँ उन्हें एक निजी, सजीव और पारंपरिक अनुभव मिलता है।

# इतिहासकार एवं लेखिका रीमा हूजा ने मेवाड़ की विरासत, पहचान और शाश्वत मूल्यों पर डाली रोशनी

## जय क्लब में 'महाराणा प्रताप: द इनविंसिबल वॉरियर' पुस्तक पर विशेष सत्र

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस





जयपुर। जय क्लब में इतिहास जीवंत हो उठा जब प्रसिद्ध इतिहासकार और लेखिका डॉ. रीमा हूजा ने अपनी पुस्तक 'महाराणा प्रताप द इनविंसिबल वॉरियर' पर आधारित एक विचारोत्तेजक संवाद में भाग लिया। वर्ल्ड ऑफ वर्ड्स (वाओ) द्वारा आयोजित इस विशेष सत्र में इतिहास और साहित्य प्रेमियों ने अंतर्दृष्टि, आत्मचिंतन और पुनः खोज की एक रोचक शाम का अनुभव किया। सत्र का संचालन वरिष्ठ जनसंपर्क कर्मी, जगदीप सिंह द्वारा किया गया। इस संवाद में भारत के सबसे प्रतिष्ठित योद्धाओं में से एक, महाराणा प्रताप की गाथा और उनकी विरासत को गहराई से समझने का प्रयास किया गया। डॉ. हूजा ने उनके प्रारंभिक जीवन, पराक्रम, हल्दीघाटी के युद्ध और उनके गुरिल्ला योद्धा के रूप में बिताए वर्षों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि मुगल कभी भी उन्हें पराजित नहीं कर सके और महाराणा प्रताप ने किसी भी प्रकार की संधि को स्वीकार नहीं किया। ऐतिहासिक किस्सों और गहन दृष्टिकोण के माध्यम से डॉ. हूजा ने समझाया कि प्रताप के लिए अपनी भूमि की रक्षा केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि एक भावनात्मक और सांस्कृतिक कर्तव्य था। मेवाड़ को सदियों से साहस और आत्मबल की भूमि माना गया है, और महाराणा प्रताप इस पहचान के प्रतीक रहे हैं। सत्र का समापन श्रोताओं के प्रश्नों और उत्तर के साथ हुआ। वाओ क्लब की ओर से आशिमा चौधरी ने वक्ताओं का स्वागत किया और आभार व्यक्त किया। उन्होंने यह भी बताया कि क्लब हर माह चार पुस्तकों पर और प्रत्येक सप्ताह एक पुस्तक पर चर्चा करता है।

# सैंडुरो एमटीबी चैलेंज - 6वां संस्करण, विरासत से वाइल्डरनेस तक का रोमांचकारी समापन



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

जयपुर। जयपुर में आयोजित सैंडुरो एमटीबी चैलेंज - 6वें संस्करण का आज शानदार और सफल समापन हुआ। यह दो दिवसीय रोमांचक आयोजन राजस्थान पर्यटन विभाग, भारत सरकार के पर्यटन मंत्रालय (इनक्रेडिबल इंडिया) एवं वन विभाग, जयपुर प्रभाग के सहयोग से संपन्न हुआ। इस आयोजन का उद्देश्य राजस्थान की समृद्ध विरासत, प्राकृतिक विविधता, और साइक्लिंग स्पोर्ट्स को बढ़ावा देना रहा।

**पहला दिन** – विरासत राइड (5 जुलाई 2025) हेरिटेज राइड का आयोजन होटल खासा कोठी (इंडिया टूरिज्म कार्यालय) से शुरू होकर एमआई रोड, अजमेरी गेट, त्रिपोलिया बाजार, हवा महल, जल महल होते हुए आमेर तक हुआ। इस राइड में देशभर से आए 100 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। राइड का फ्लैग ऑफ इंडिया टूरिज्म जयपुर के निदेशक श्री आर.के. भाटी जी द्वारा किया गया।

**दूसरा दिन** – निंदर अरावली रेस (6 जुलाई 2025)

निंदर-बेनाड जैव विविधता पार्क, जयपुर में आयोजित माउंटेन बाइक रेस में देश के 11 राज्यों से आए 140 से अधिक रजिस्टर्ड साइक्लिस्ट्स में से 102 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता को तीन श्रेणियों में विभाजित किया गया

एलीट - 50 किमी

अमेच्योर - 20 किमी

किड्स - 5 किमी

पुरस्कार वितरण समारोह - होटल जयपुर में

समारोह के मुख्य अतिथि रहे कैप्टन श्री शशि किरण जी, मुख्य जनसंपर्क अधिकारी, पश्चिम रेलवे, तथा विशिष्ट अतिथि रहे श्री दलीप सिंह जी, संयुक्त निदेशक, राजस्थान पर्यटन विभाग।

एलीट कैटेगरी - पुरुष विजेताः

**प्रथम स्थान** – रियांश यादव

**द्वितीय स्थान** – अर्णव शर्मा

**तृतीय स्थान** – नीरज भंडारी (उत्तराखंड)

**एलीट कैटेगरी** – महिला विजेता

**प्रथम स्थान** – प्रियंका मेहता

**द्वितीय स्थान** – डॉ. मोनिया राही सभी विजेताओं को Resurgent Nutrition और Hartex की ओर से स्पेशल गिफ्ट्स व गुडीज़ प्रदान किए गए। यह आयोजन राजस्थान की सांस्कृतिक पहचान और एडवेंचर टूरिज्म को राष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रहा। आयोजक टीम ने सभी प्रतिभागियों, विभागीय अधिकारियों, सहयोगी संस्थाओं और मीडिया का आभार व्यक्त किया।

# समाज के पूजनीय संत जीवाराम का प्रकाश पर्व(जन्मोत्सव) धूमधाम से मनाया



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

जयपुर। समाज के पूजनीय संत जीवाराम का प्रकाश पर्व( जन्मोत्सव) धूमधाम से मनाया व इस अवसर पर सत्संग समारोह का हुआ आयोजन। अखिल भारतीय रमजान मंडल ने रेगर समाज के महान संत जीवाराम महाराज का प्रकाश पर्व( जन्मोत्सव) शनिवार को सांगानेर स्थित जीवाराम गुरुद्वारा के हरिहर मंदिर परिसर में सांय 6 से 8 बजे तक कार्यक्रम धूमधाम व समारोह पूर्वक आयोजित गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पीपलू-निवाई विधायक राम सहाय वर्मा मौजूद थे। कार्यक्रम में सांपला,के कड़ी,सावर,गोयला, सरवाड़,मेंवदाकलां,आदि सहित प्रदेश भर के कई जिलों से समाज बंधुओ ने बड़ी संख्या में उत्साहपूर्वक भाग लिया। मुख्य अतिथि पीपलू-निवाई विधायक राम सहाय वर्मा ने कहा कि शिक्षित व संगठित समाज ही राजनीतिक भागीदारी की ओर बढ़ता है। विशिष्ट अतिथि रेगर महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीएल नवल,पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एस के मोहनपुरिया,छात्रावास अध्यक्ष राम किशोर रेगर, भाजपा प्रदेश मंत्री स्टैफी चौहान, रमजान मंडल के राष्ट्रीय महामंत्री बाबूलाल दौतानिया,राम अवतार कुलदीप आदि ने भी विचार व्यक्ति ने किये। कार्यक्रम में कृष्णानंद महाराज व सत्य दास महाराज का सानिध्य प्राप्त हुआ। कार्यक्रम का संचालन रणजीत आलोरिया ने किया। रात्रि 9:00 बजे से सत्संग समारोह का हुआ आयोजन सत्संग कार्यक्रम का शुभारंभ सुरेश कांसोटिया व मोहित मंडावरिया ने गणेश वंदना व सत्संग महिमा से किया। इससे पूर्व संत जीवाराम महाराज की प्रतिमा के समक्ष पीठाचार्य संत रघुवर दास,संत कृष्णानंद महाराज व संयोजक सत्यदास महाराज व अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर व श्रद्धा सुमन अर्पित कर सत्संग कार्यक्रम का शुभारंभ किया। रामजन मंडल के संत कृष्णानंद महाराज ने कहा कि जीवन के उद्धार के लिए सत्संग ही एक मात्र सहारा है। मनुष्य को पार पाने के लिए सत्संग अवश्य सुननी चाहिए। रामजीपुरा से आए संत श्रीकिशन महाराज ने सत्संग वह गंगा है जो इसमें नहाते हैं तो पापी भी पार उतर जाते है..... भजन की प्रस्तुति दी। कृष्णापुरी किशनगढ़ से आए संत बन्ना लाल दौलिया ने «सत की संगत नित प्यारी,मिटत भेद लेष नहीं राखें, डूबत लेत उभारी,किस विध कहूं सत्संग की महिमा,इतनी बुद्धि नहीं मेरी...... भजन की प्रस्तुति देकर कहा कि सत्संग करने वाला व सुनने वाला हरि का प्यारा होता है। देवली से संत फूलचन्द बच्छैतिया ने गुरु महिमा का भजन प्रस्तुत कर कहा कि गुरु की शरण से मनुष्य सभी जंझालों से मुक्त हो जाता है। राष्ट्रीय अध्यक्ष बीएल नवल,एसके मोहनपुरिया व स्टैफी चौहान ने कहा कि धार्मिक आयोजनों से सनातन धर्म की जड़ मजबूत होती है। मनोहर परसोया ने म्हारे गुरुदेव मन भाया जी मुक्ति के दातार मेरो मन को भ्रम मिटायों.........।

# विधायक किलक रहे गांवों के दौरे पर



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

जावला। सोमवार को विधायक अजयसिंह किलक ने कस्बे सहित आसपास के गांवों का दौरा कर लोगों की समस्याएं सुनी। विधायक ने ग्राम गोल के बांध का दौरा कर जलभराव की स्थिति का जायजा लिया। ग्राम थाटा में ग्रामीणों ने भंवाल माताजी तक डामर सड़क बनवाने की मांग की। इसके बाद विधायक किलक ने प्रदेश के प्रख्यात ज्योतिषी महावीर स्वामी के आवास पर जाकर शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया तथा परिवार को मुख्यमंत्री के कार्यालय से जारी पत्र प्रदान किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष अमित आसोपा, कुलदीप सिंह गोल, संजय सिंह सिसोदिया, पृथ्वीराज सोनी, किशोर सोनी, विकास सोनी सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# भाजपा ने जनसंघ संस्थापक डॉ. मुखर्जी को पुष्पांजलि अर्पित कर किया याद

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** मेरा युवा भारत युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार माधव युवा विकास समिति राधेपुरा ने ब्लॉक मुख्यालय राजाखेड़ा में डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती का आयोजन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य देवेंद्र कुमार त्यागी एवं शिक्षाविद समाजसेवी कृष्ण कुमार, उद्योगपति सोरन सिंह रहे। सभी मंचासीन अतिथियों का स्वागत मंडल कोषाध्यक्ष अजीत सिंह सिकरवार द्वारा किया। मुख्य अतिथि त्यागी द्वारा बताया कि मुखर्जी की एक प्रखर राष्ट्रवादी, महान शिक्षाविद थे। उन्होंने भ्रष्टाचार के खिलाफ अपनी सरकार के खिलाफ आवाज उठाई फिर जनसंघ की स्थापना की। कृष्ण कुमार ने जयंती पर बताया कि भारत की एकता एवं अखंडता के लिए अपने प्राणों के बलिदान देने वाले मुखर्जी को आज पूरा देश सम्मान के साथ श्रद्धा सुमन अर्पित कर रहा है। सोवरन द्वारा सभी युवाओं को भारतीय संविधान से जुड़ना और उसकी जानकारी होना प्रत्येक युवा का कर्तव्य है । कार्यक्रम का आभार मंडल सचिव प्रेम सिंह ने व्यक्त किया। इस अवसर पर रामकुमार कटरा, बनवारी लाल, गोलू, रवि, मुन्ना, वेद प्रकाश, किशन, नरेश, अंकित, सुनीता, सोनम, रवीना आदि उपस्थित रहे।


» बाड़ी... जनसंघ संस्थापक का जन्मदिन मनाते भाजपा के पदाधिकारी।



### बीजेपी शहर मंडल

**बाड़ी।** भारतीय जनता पार्टी शहर मंडल ने जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई। भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष वंदना शिवहरे की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में सभी ने मुखर्जी की तस्वीर पर दीप प्रज्वलन कर पुष्प अर्पित किए।

भाजपा जिला महामंत्री अनिल गोयल ने मुख्य वक्ता के रूप में कार्यक्रम में शिरकत की। उन्होंने बताया कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म 6 जुलाई 1901 को कोलकाता में हुआ था। वे एक प्रखर देशभक्त और राष्ट्रवादी नेता थे। उन्होंने जम्मू-कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाने के लिए जीवन भर संघर्ष किया। उनका मानना था कि एक देश में दो निशान,दो विधान और दो संविधान नहीं चल सकते। इसी संघर्ष के दौरान उन्हें 8 माह जम्मू-कश्मीर की जेल में रहना पड़ा। 23 जून 1953 को उनका बलिदान हो गया।

भाजपा कार्यकर्ता शिप्रा गर्ग ने मुखर्जी के जीवन से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। मंडल अध्यक्ष वंदना शिवहरे ने उनके त्याग और समर्पण को याद किया। कार्यक्रम में पूर्व नगर अध्यक्ष दिनेश मामा, नरेश यादव, नितिन शर्मा, सचिन बंसल, रविन्द्र कुमार, रामकुमार कुशवाह, दीनदयाल कोली, अनीता सिंघल, सतीश प्रजापति, धनंजय शर्मा सहित दर्जनों पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।



**राजाखेड़ा।** कस्बे में भारतीय जनता पार्टी के नगर मंडल एवं नायला मंडल अध्यक्षों ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर कस्बे के मैंन मार्केट में सभी भाजपा कार्यकर्ता के द्वारा श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की गई। बड़े हर्ष उल्लास के साथ जंयत्री मनाई गई। नगर मंडल अध्यक्ष सत्यम गुप्ता ने बताया कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी के आदर्श व सिद्धांत हर पीढ़ी को प्रेरणा देते रहेंगे। एक सशक्त भारतवर्ष के निर्माण के लिए उन्होंने अपना जीवन समर्पित कर दिया । नायला मंडल अध्यक्ष जयवीर सिंह ने बताया कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने अपने जीवन से सिखाया कि राष्ट्रहित से बढ़कर कुछ नहीं होता। इस अवसर पर नगर महामंत्री मुकेश बघेल, राजाखेड़ा मंडल सहसंयोजक राजू तिवारी, प्रमोद तिवारी, विजय उपाध्याय, विशाल उपाध्याय, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष राजन ठाकुर, आदि भाजपा कार्यकर्ता मौजूद है

# केन्द्रीय सहकारी बैंक अकृषि ऋण वितरण की भी करें शुरूआत : गौतम कुमार दक

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को धन्यवाद देते हुए कहा कि सहकारिता के महत्व को समझते हुए उन्होंने 6 जुलाई, 2021 को सहकारिता मंत्रालय का गठन किया, जो देश में सहकारी आन्दोलन को मजबूती प्रदान करने की दिशा में एक मील का पत्थर है। मंत्रालय के गठन के बाद विगत वर्षों में देश-प्रदेश में सहकारिता का महत्व काफी बढ़ा है। उन्होंने कहा कि सहकारी आन्दोलन को अधिक मजबूत करने के लिए हमें पैक्स स्तर तक संचालक मंडल को मजबूती प्रदान करनी होगी।

दक रविवार को राजस्थान सहकारी शिक्षा एवं प्रबंध संस्थान (राइसेम) में सहकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के चतुर्थ स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय समारोह को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं केन्द्रीय सहकारिता मंत्री अमित शाह सहकारिता का दायरा बढ़ाकर प्रत्येक आम आदमी को इससे जोड़ना चाहते हैं। मंत्रालय द्वारा 'सहकार से समृद्धि' योजना के अंतर्गत 61 पहलें क्रियान्वित की जा रही हैं, जिनसे सहकारी क्षेत्र निरन्तर सशक्त हो रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से सहकारिता क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए सहायता में कोई कमी नहीं रखी जा रही है।

सहकारिता मंत्री ने कहा कि हमें और अधिक प्रयास करते हुए सहकारिता का दायरा बढ़ाए जाने की आवश्यकता है। इसके अंतर्गत केन्द्रीय सहकारी बैंकों द्वारा नई शाखाएं खोलने के साथ ही अकृषि ऋण वितरित करने की शुरूआत की जा सकती है। विश्व की सबसे बड़ी विकेन्द्रीकृत अन्न भण्डारण योजना के तहत अधिक से अधिक गोदामों का निर्माण कर उन्हें किराये पर दिया जा सकता है।

एनसीसीएफ, नैफेड और एफसीआई जैसी संस्थाएं इन गोदामों को किराये पर लेने के लिए तत्पर हैं। दक ने सहकारी भूमि विकास बैंकों के ऋणी सदस्यों के लिए एकमुश्त समझौता योजना शुरू करने के लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे प्राथमिक सहकारी भूमि विकास बैंकों को पुनर्जीवित करने में मदद मिल रही है। उन्होंने कहा कि योजना को लेकर उत्साह का माहौल है और अब तक लगभग 250 करोड़ रुपये की रिकवरी की जा चुकी है।

दक ने कहा कि नवीन पैक्स के गठन के मामले में राज्य देश में दूसरे स्थान पर है। राज्य में 300 पैक्स के निर्धारित लक्ष्य के मुकाबले 850 यानि लगभग तीन गुना पैक्स का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि शेष रही सभी ग्राम पंचायतों में 2 वर्ष में नवीन पैक्स गठित करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, लेकिन इसे एक वर्ष में ही पूरा करने के प्रयास किए जाएं। प्रत्येक पैक्स द्वारा न्यूनतम 5 एक्टिविटी आवश्यक रूप से संचालित की जाए। उन्होंने घाटे में चल रही कुछ प्रतिष्ठित सहकारी संस्थाओं को इससे उबारने की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि इस संबंध में हमें आत्म विश्लेषण करने की जरूरत है।

सहकारिता मंत्री ने कहा कि लोगों का विश्वास सहकारी संस्थाओं पर और अधिक सुदृढ़ हो, इसके लिए उनमें पारदर्शिता लाए जाने तथा खामियों को दूर किए जाने की आवश्यकता है और इस दिशा में कई महत्वपूर्ण प्रयास किए जा रहे हैं।




# विकसित सड़क तंत्र बनेगा आर्थिक एवं सामाजिक प्रगति का सशक्त माध्यम : जोगाराम पटेल

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** संसदीय कार्य विधि एवं विधिक कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने रविवार को जोधपुर में लूणी के रोहिचा खुर्द में सार्वजनिक निर्माण विभाग एवं जोधपुर विकास प्राधिकरण के 24 करोड़ 82 लाख 83 हजार रूपये के सड़क निर्माण कार्यों का विधिवत शिलान्यास किया और जनसभा को संबोधित किया। पटेल ने कहा मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के कुशल नेतृत्व में प्रदेश सरकार सड़क तंत्र के सुदृढ़ीकरण एवं आधुनिकरण की दिशा में अनवरत कार्य किया जा रहा हैं। उन्होंने कहा विकसित सड़क तंत्र आर्थिक एवं सामाजिक प्रगति का सशक्त माध्यम बनेगा। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा इस बजट में प्रदेश में सड़कों के विस्तार एवं सुदृढ़ीकरण के लिए 6 हजार 870 करोड़ रुपये के विकास कार्य स्वीकृत किए गए है। उन्होंने कहा 9 ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस वे के निर्माण से प्रदेश के आर्थिक उन्नति का मार्ग परस्त होगा और आधुनिक सड़क तंत्र से राष्ट्र के संसाधनों की बचत होती हैं। संसदीय कार्य मंत्री ने कहा सरकार ने पेयजल समस्या के स्थाई समाधान के लिए वर्षों से लम्बित परियोजनाओं को धरातल पर उतारने का कार्य किया है। उन्होंने कहा पूर्वी राजस्थान के लिए ईआरसीपी, शेखावाटी क्षेत्र के लिए यमुना जल समझौता किया गया है। पटेल ने कहा लिफ्ट कैनाल के तृतीय फेज और जवांई पुनर्भरण परियोजना के पूर्ण होने पर जोधपुर जिले में समस्या का स्थाई समाधान सुनिश्चित होगा। उन्होंने कहा जल जीवन मिशन की समयावधि 2028 तक के लिए बढ़ा दी गई और जेजेएम के लंबित काम पूरे होने पर हर घर तक नल से जल पहुंचेगा। पटेल ने कहा राजस्थान वर्ष 2027 तक ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनेगा और किसान भाइयों को दिन में बिजली दी जाएगी। उन्होंने कहा 132 केवी के दो और 33 केवी के एक जीएसएस का कार्य पूर्ण होने पर लूणी क्षेत्र में बिजली की समस्या का स्थाई समाधान होगा। पटेल ने कहा क्षेत्र काश्तकारों के आदान-अनुदान के सत्यापन का कार्य पूर्ण हो गया है और लूणी क्षेत्र के किसानों के बैंक खातों में 68 करोड़ रुपये की अनुदान राशि शीघ्र जमा होगी।

## अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा के तहत शिविरों का आयोजन जारी

**धौलपुर ।** राज्य सरकार 24 जून से 9 जुलाई तक पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय सम्बल पखवाड़ा संचालित किया जा रहा है। जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी बताया कि पखवाड़े के तहत आयोजित होने वाले शिविरों में अधिक से अधिक व्यापक गतिविधियां संचालित कर जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आमजन को पहुंचाया जा रहा है।

जिला कलक्टर ने बताया कि 7 जुलाई को उपखण्ड धौलपुर की ग्राम पंचायत दुबाटी के अटल सेवा केन्द्र में, दुल्हारा के अटल सेवा केन्द्र में, सादिकपुर के अटल सेवा केन्द्र में, उपखण्ड बाड़ी की ग्राम पंचायत नीमखेड़ा के अटल सेवा केन्द्र में, जपावली के अटल सेवा केन्द्र में, पिदावली के अटल सेवा केन्द्र में, उपखण्ड बसेड़ी की ग्राम पंचायत हरजूपुरा के अटल सेवा केन्द्र में, उपखण्ड राजाखेड़ा की ग्राम पंचायत खुडिला के अटल सेवा केन्द्र में, उपखण्ड सैपऊ की ग्राम पंचायत नन्दपुरा के अटल सेवा केन्द्र में, जारौली के अटल सेवा केन्द्र में, उपखण्ड सरमथुरा की ग्राम पंचायत झिरी के अटल सेवा केन्द्र में शिविरों का आयोजन किया जाएगा।

## जिले के बीएलओ का एक दिवसीय प्रशिक्षण 7 जुलाई से

**धौलपुर।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिले के समस्त बीएलओ का एक दिवसीय प्रशिक्षण किया जाना है। निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी एसडीएम धौलपुर डॉ. साधना शर्मा ने बताया कि धौलपुर विधानसभा क्षेत्र 79 में बीएलओ प्रशिक्षण के लिए तिथि निर्धारित की गई है। प्रशिक्षण के लिए बीएलओ निर्धारित तिथि एवं समय पर नगर परिषद सभाकक्ष मचकुण्ड रोड़ धौलपुर में आवश्यक रूप से उपस्थित हों। उन्होंने बताया कि 7 जुलाई को बीएलओ भाग संख्या 1 से 50 तक, 8 जुलाई को 51 से 100 तक, 9 जुलाई को 101 से 150 तक, 14 जुलाई को 151 से 200 तक एवं 15 जुलाई को 200 से 232 तक प्रातः 9 बजे से सायं 6 बजे तक मास्टर ट्रेनर अतुल चौहान, बालमुकुन्द बंसल एवं देवेन्द्र बघेला द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## सर्किट हाउस में जल संसाधन मंत्री ने अभाव-अभियोग सुने

**जयपुर।** जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत ने रविवार को अजमेर सर्किट हाउस में अभाव-अभियोगों की सुनवाई की। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से आए आमजन ने व्यक्तिगत, सामाजिक एवं क्षेत्रीय समस्याओं को मंत्री रावत के समक्ष रखा। जनसुनवाई के दौरान जल आपूर्ति, सिंचाई, सड़क, नाली, बिजली, भूमि विवाद, राजस्व प्रकरण, पेंशन, आवास योजनाएं, बेरोजगारी, छात्रवृत्ति सहित अनेक विभागों से जुड़े मुद्दे सामने आए। मंत्री रावत ने प्रत्येक फरियादी की बात को गंभीरतापूर्वक सुना और संबंधित विभागीय अधिकारियों को मौके पर ही त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मंत्री रावत ने कहा कि राज्य सरकार जनकल्याण के लिए प्रतिबद्ध है।

# अंत्योदय शिविर में विजयसिंह और अमरसिंह के राजस्व रिकॉर्ड में सही नाम दर्ज


» धौलपुर... शिविर में लाभार्थी को नाम शुद्धीकरण की नकल सौंपते अधिकारी

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** राज्य सरकार द्वारा आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय अन्त्योदय संबल पखवाड़ा के तहत ग्राम पंचायत हथवारी में लगाए गए शिविर ने दो किसानों के लिए वर्षों पुरानी मुश्किल का समाधान कर उनकी उम्मीदों को नया जीवन दिया।

ग्राम ढोड़िकापुरा के कृषक विजयसिंह पुत्र रामकिशन, जाति बढ़ई निवासी नादौली, और अमरसिंह पुत्र रामचरण निवासी मछरिया, लंबे समय से अपनी भूमि अभिलेखों में गलत नाम दर्ज होने के कारण परेशान थे। रिकॉर्ड में विलयसिंह और अनारसिंह लिखा होने के कारण उनकी भूमि से जुड़ी कई योजनाओं का लाभ लेने में बाधा उत्पन्न हो रही थी। 15 वर्षों तक प्रयास के बावजूद कोई स्थायी समाधान नहीं मिल सका।

जब अन्त्योदय शिविर में इन किसानों ने अपनी समस्या शिविर प्रभारी उपखंड अधिकारी वर्षा मीना के समक्ष रखी, तो प्रशासन ने संवेदनशीलता और तत्परता का परिचय देते हुए तुरंत ही कार्रवाई शुरू की। नायब तहसीलदार मरैना, हरिओम शर्मा को मौके पर भेजा गया, जिन्होंने भू-अभिलेख निरीक्षक रमाशंकर झा और पटवारी प्रवीण शर्मा के साथ तत्काल जांच करवाई।

जांच में स्पष्ट हुआ कि रिकॉर्ड में दर्ज नाम गलत हैं और इन्हें सही करने की जरूरत है। नायब तहसीलदार ने मौके पर ही आवश्यक आदेश पारित किए, जिसके तहत विलयसिंह को विजयसिंह और अनारसिंह को अमरसिंह में शुद्ध किया गया। मौके पर ही ऑनलाइन प्रक्रिया पूरी कर दोनों किसानों को शुद्धि की नकल सौंप दी गई।

विजयसिंह और अमरसिंह के चेहरे पर बरसों से जमी चिंता की रेखाएं पलभर में गायब हो गईं और उसकी जगह मुस्कान लौट आई। उन्होंने कहा कि सालों से हम इस गलती के कारण बार-बार परेशान होते रहे, पर आज अन्त्योदय कैंप में ही समाधान मिल गया। अब हम निश्चिंत होकर अपनी जमीन पर अधिकार और सरकारी योजनाओं का लाभ उठा पाएंगे। दोनों किसानों ने सम्पूर्ण राजस्व टीम और राज्य सरकार का आभार जताया।

# युवक की हत्या का 20 हजार का इनामी आरोपी गिरफ्तार, साधु का भेष बनाकर हुआ था फरार

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** जिला पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरडा के निर्देशन में थाना निहालगंज पुलिस ने एक साल से फरार चल रहे हत्या के आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी संतोष सिंह ठाकुर ने आनंद शर्मा की हत्या कर शव को चंबल नदी में फेंक दिया था। आरोपी को राजाखेड़ा रोड तगावली मोड़ से पकड़ा गया। घटना 11 मई 2024 की है। मृतक के भाई जीतेंद्र शर्मा ने 18 मई को थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने मामले में धारा 143, 302, 379, 120बी और 201 के तहत केस दर्ज किया था। इस मामले में पहले ही चार आरोपी गिरफ्तार हो चुके हैं। हत्या करने वाले गुड़िया और गौरव तथा साक्ष्य मिटाने वाले सोनू और रोहित को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।


» धौलपुर... पुलिस की गिरफ्त में आरोपी

41 वर्षीय संतोष सिंह ठाकुर मामले का मुख्य साजिशकर्ता था। पुलिस को एक साल से इसकी तलाश थी। पुलिस अधीक्षक ने इसकी गिरफ्तारी पर 20 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। आरोपी पकड़े जाने से बचने के लिए साधु का भेष बनाकर घूम रहा था। कॉन्स्टेबल रविंद्र सिंह की सूचना पर पुलिस ने इसे दबोच लिया। आरोपी धौलपुर के खुर्द का रहने वाला है।

# वीएमओयू में अकादमिक सत्र जुलाई 2025 को प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ, अंतिम तिथि 31 जुलाई

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय कोटा के अकादमिक सत्र जुलाई 2025 के नये सत्र शुरू हो गये हैं। स्नातक, परास्नातक, प्रमाण पत्र व डिप्लोमा सहित सभी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन पोर्टल चालू है। वीएमओयू में प्रवेश पाना सुगम है। प्रवेश प्रक्रिया ऑनलाइन है। विद्यार्थी घर बैठे ऑनलाइन प्रवेश के लिए आवेदन कर सकता है क्षेत्रीय केन्द्र भरतपुर के निदेशक डॉ. जितेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा संचालित यूजी, पीजी, सर्टिफिकेट डिप्लोमा सहित सभी पाठ्यक्रमों में ई-मित्र एवं नेट-बैकिंग तथा क्रेडिट कार्ड के माध्यम से ऑनलाइन शुल्क जमा कर 31 जुलाई 2025 तक ऑनलाइन प्रवेश आवेदन कर सकते हैं।

विश्वविद्यालय द्वारा जनवरी 2025 से नवीन प्रवेशित विद्यार्थियों पर एनईपी 2020 की अनुपालना में अधिकतम कार्यक्रमों में सेमेस्टर आधारित परीक्षा लागू की गई है। पाठ्यक्रम की विस्तृत संरचना हेतु विद्यार्थी विवरणिका को आवश्यक रूप से पढ़ लें प्रवेश आवेदन करते समय जो विद्यार्थी किताबें नहीं लेंगे और केवल ऑनलाइन डिजिटल पाठ्य सामग्री लेंगे उन्हें फीस में 15 फीसदी रियायत मिलेगी। साथ ही महिला विद्यार्थियों को निशुल्क शिक्षा प्राप्त करने का मौका है जिसकी फीस का पुनर्भरण राज्य सरकार करेगी।

### 31 जुलाई तक होंगे ऑनलाइन प्रवेश

क्षेत्रीय केंद्र भरतपुर के अधीन विभिन्न जिलों के राजकीय महाविद्यालयों करौली,गंगापुर सिटी, बयाना, सवाई माधोपुर, हिंडौन सिटी, डीग, भरतपुर, और धौलपुर बनाये गये। अध्ययन केन्द्रों पर विद्यार्थी अपनी सुविधानुसार अध्ययन केन्द्रों पर ऑनलाइन प्रवेश ले सकते है। विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर जाकर एडमिशन लिंक पर क्लिक कर नए छात्र फ्रेश एडमिशन के तौर पर और पूर्व पंजीकृत छात्र प्रमोटी लिंक पर क्लिक कर ऑनलाइन शुल्क जमा कर प्रवेश ले सकते हैं।



### ऐसे करें आवेदन

विद्यार्थियों को नियमानुसार प्रवेश लेने के लिए डेबआईडी बनानी होगी और जिसके लिए एबीसी आई डी का प्रयोग किया जायेगा 7 विश्वविद्यालय के आईटी विभाग द्वारा बनाये गये पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन प्रवेश लिंक पर क्लिक करना होगा, इससे पूर्व आवश्यक नियमों को विवरणिका के माध्यम से सुनिश्चित करने के उपरांत आगे बढ़ना होगा । छात्र को ऑनलाइन आवेदन फॉर्म में अपनी डेब आईडी डालने पर आधार लिंक नाम, मोबाइल, लिंग ई-मेल आदि प्रदर्शित होने लगेगी। पी जी कॉलेज प्राचार्य और मुख्य समन्वयक डॉ गिर्राज सिंह मीना ने बताया कि सफलतापूर्वक आवेदन सबमिट होने के बाद प्रिंट कॉपी जमा करने की आवश्यकता नहीं होगी।

### इन पाठ्यक्रमों में लें दाखिला

क्षेत्रीय केन्द्र भरतपुर के सहायक कुलसचिव एस बी सिंह ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा संचालित पाठ्यक्रम बीए, बीजे, बीएलआईएस एवं बीएससी तथा स्नातकोत्तर में अर्थशास्त्र, राजनीति विज्ञान, पुलिस प्रशासन, हिन्दी, इतिहास, मनोविज्ञान, अंग्रेजी, संस्कृत, शिक्षा, राजस्थानी, समाजशास्त्र, भूगोल शामिल हैं। इसके अलावा एमकॉम, एमबीए, एमएससी गणित की भी सुविधा है। कम्प्यूटर विज्ञान में भी पीजी कर सकते हैं। योगा, मास कम्युनिकेशन, पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान, संस्कृत एवं पर्यटन, जलग्रहण प्रबंध, कम्प्यूटर में डिप्लोमा व फलित ज्योतिष, महात्मा गाँधी नरेगा में सर्टिफिकेट के पाठ्यक्रम भी शामिल हैं।

स्थानीय अध्ययन केंद्र की समन्वयक डॉ मनीषा सक्सेना ने बताया कि गांव एवं तहसील स्तर के छात्रों रोजगार प्राप्त व्यक्ति कम पढ़े लिखे व्यक्तियों के लिए पंचायतीराज प्रोजेक्ट नरेगा मेट एवं सामाजिक समस्याओं संबंधी महत्वपूर्ण पाठ्यक्रम का अध्ययन विद्यार्थी घर बैठे प्राप्त कर सकता है। प्रवेश प्रक्रिया, परीक्षा आवेदन फॉर्म भरने, छात्रवृति एवं फीस पुनर्भरण के संबंधी अन्य जानकारी कार्यालय समय में राजकीय महाविद्यालय धौलपुर वीएमओयू के अतिरिक्त प्रशासनिक अधिकारी देवेंद्र सिंह कश्यप के मोबाइल नंबर 9950388022 से जानकारी प्राप्त कर सकते है।

# बीएलओ के एक दिवसीय प्रशिक्षण आज से

**बसेड़ी।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली एवं निर्वाचन विभाग राजस्थान जयपुर के दिशानिर्देशों की पालना में जिला निर्वाचन अधिकारी (कलक्टर) महोदय धौलपुर के आदेशानुसार बूथ लेवल अधिकारियों के एक दिवसीय प्रशिक्षण आज दिनांक 07 जुलाई से शुरू होंगे। विधानसभा क्षेत्र बसेडी में ये प्रशिक्षण दिनांक 7, 08, 09 जुलाई को पंचायत समिति सभागार बसेड़ी एवं 14 व 15 जुलाई को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बसेड़ी में प्रशिक्षण का आयोजन होगा। उक्त प्रशिक्षण पूर्णतः ऑनलाइन बेस पर आयोजित होगा, जो प्रोजेक्टर के माध्यम से प्रदान किया जाएगा। इस प्रशिक्षण में प्रतिदिन 50-50 बीएलओ भाग लेंगे। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण पदाधिकारी (एसडीएम) बसेड़ी सुधारानी मीना ने बताया कि उक्त प्रशिक्षण विधानसभा स्तरीय मास्टर ट्रेनर नाहरसिंह शाक्य, बृजकिशोर शर्मा, रघुराजसिंह, आईआईआईडीईएम प्रशिक्षक राजेश कुमार शर्मा द्वारा प्रदान किया जाएगा। सहायक प्रशिक्षक के रूप में मनीश शर्मा, मंगलसिंह, सत्येन्द्र परमार रहेंगे। प्रशिक्षण के दौरान बीएलओ को निर्वाचन संबंधी वैधानिक प्रावधान तथा मतदाता सूची प्रक्रिया, फॉर्म 6,7,8 भरे जाने की प्रक्रिया के अलावा केस स्टडी एवं रोल प्ले भी कराया जाएगा। प्रशिक्षण के अंत में सभी प्रतिभागियों का ऑनलाइन असेसमेंट टेस्ट के जरिये गूगल फॉर्म भरवाया जाकर डाउट क्लियरिंग सेशन आयोजित होगा एवं बीएलओ से प्रशिक्षण संबंधी बाइट ली जाएंगी।

## संपादकीय

# भाषाई कट्टरपंथी, मराठी अस्मिता के नाम पर ठाकरे बंधुओं का हिंदी विरोध



मराठी भाषा के नाम पर राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे का मिलना आश्चर्यजनक नहीं है। राजनीति में ऐसा होता रहता है। हिंदी थोपने का विरोध और मराठी अस्मिता का हवाला देना भाषाई राजनीति है। ठाकरे बंधुओं का उद्देश्य मुंबई नगर निगम और महाराष्ट्र की सत्ता हासिल करना है। हिंदी विरोध की राजनीति तमिलनाडु और कर्नाटक जैसी है। मराठी भाषा के हित के नाम पर राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे के हाथ मिला लेने और मंच साझा करने पर हैरानी नहीं। राजनीति में यह सब होता रहता है। 20 साल बाद साथ आए ये दोनों नेता आगे चलकर फिर अलग हो जाएं तो अचरज नहीं। जो भी हो, हिंदी थोपने की फर्जी आड़ लेना और मराठी अस्मिता का हवाला देना निकृष्ट भाषाई राजनीति के अलावा और कुछ नहीं। इसे ठाकरे बंधुओं ने यह कहकर साबित भी कर दिया कि हम दोनों मुंबई नगर निगम और महाराष्ट्र की सत्ता हासिल करेंगे। वास्तव में यही मूल उद्देश्य है और इसी कारण हिंदी विरोध की कुछ वैसी ही समाज और देश विरोधी राजनीति की जा रही है, जैसी तमिलनाडु और कर्नाटक में देखने को मिलती रहती है। यदि ठाकरे बंधु और उनके समर्थक यह सोच रहे हैं कि हिंदी का हौवा खड़ाकर वे महाराष्ट्र के लोगों की भावनाओं को भड़काने और राजनीतिक लाभ हासिल करने में समर्थ हो जाएंगे तो यह संभव नहीं। आमतौर पर लोग समझदार होते हैं और ऐसी घटिया राजनीति को अच्छे से समझते हैं। यह भी एक यथार्थ है कि कम से कम राजनीति में एक और एक ग्यारह नहीं होते। इसके तमाम उदाहरण अतीत में देखने को भी मिल चुके हैं। यह आश्चर्यजनक है कि हिंदी विरोध की राजनीति उस महाराष्ट्र में की जा रही है, जहां हिंदी समर्थक नेता, साहित्यकार, गीत-संगीत के दिग्गजों की गिनती करना कठिन है। मुंबई तो हिंदी फिल्म उद्योग का घर है। हिंदी सिनेमा ने महाराष्ट्र के लाखों मराठी भाषी लोगों को काम, दाम और नाम दिया है। वे इसे स्वीकार भी करते हैं। क्या अब ठाकरे बंधु मुंबई से हिंदी फिल्म उद्योग बाहर करने की मांग करेंगे? तमिलनाडु, कर्नाटक और महाराष्ट्र के भाषाई कट्टरपंथी कुछ भी कहें, देश की संपर्क भाषा के रूप में हिंदी स्वीकृत और प्रतिष्ठित है। यह भी एक सच है कि इस देश की कोई संपर्क भाषा हो सकती है तो वह हिंदी ही है। अंग्रेजी यह काम नहीं कर सकती। उसे करना भी नहीं चाहिए, क्योंकि भारतीय संस्कृति का पोषण तो भारत की भाषाओं से ही हो सकता है और इस पोषण की आवश्यकता भी है। भाजपा राजनीतिक कारणों से हिंदी विरोध की गंदी राजनीति के खिलाफ तीखे तेवर नहीं अपना सकती, लेकिन कम से कम केंद्र सरकार को इस दुष्प्रचार के खिलाफ खड़ा होना चाहिए कि हिंदी थोपी जा रही है। यह निरा झूठ है। हिंदी अपनी स्वीकार्यता के कारण बढ़ रही है। देश के कम से कम 90 प्रतिशत लोग हिंदी समझ लेते हैं। जो इस सच्चाई से इन्कार करते हैं, वे स्टालिन, राज ठाकरे और उद्धव ठाकरे जैसे नेता या उनके समर्थक ही हैं। हिंदी विरोध की गंदी राजनीति का एक कड़वा सच यह भी है कि इससे कुल मिलाकर अंग्रेजी का वर्चस्व बढ़ रहा है।

# बच्चे के लिए खतरनाक है मोबाइल का साथ, ऐसे पाएं इस लत से छुटकारा

**हर पल मोबाइल पर आते नोटिफिकेशंस, अलर्ट और मैसेजेस उनका ध्यान भटकाते रहते हैं। उनकी एकाग्रता कम हो रही है और वे काम को बीच में छोड़कर मोबाइल देखने में लग जाते हैं । ऐसे में कोई लक्ष्य कैसे पूरा होगा ? सम्प्रेषण में कमी बच्चों ने आपस में मिलना-जुलना, बातचीत करना छोड़ दिया है। वे अभिभावकों और रिश्तेदारों से भी दूर गए हैं। माता-पिता से भी संवाद में कमी आ रही है। आभासी दुनिया की मदद से वे अनजान लोगों से कनेक्ट हो रहे हैं और अपने आसपास के लोगों से दूर। शब्दों के बजाय इमोजी और संक्षेपाक्षरों का उपयोग करके भाषा कौशल भी खो रहे हैं।**

बच्चों का हर वक्त मोबाइल पर उंगलियां चलाना, हर समय हाथ में मोबाइल लेकर बैठना, कोई भी काम हो- चाहे खाना खा रहे हों या बाथरूम में नहाते हुए म्यूजिक सुनना हो - मोबाइल का साथ कहीं नहीं छूटता है। जब बात होमवर्क या प्रोजेक्ट से संबंधित कुछ भी सर्च करने की हो तब वे अपने पैरेंट्स या शिक्षक से मदद लेने के बजाय मोबाइल का मार्गदर्शन पसंद करते हैं। इसलिए मोबाइल कई बच्चों के लिए शरीर का एक नया एक्सटेंशन बन गया है जो चौबीसों घंटे उनके साथ रहता है।



### जल्दी खो रहे धैर्य

हर समय स्क्रीन के सामने बने रहने की लत और हर काम जल्दी से हो जाने की चाहत बच्चों को अधीर बना रही है, जिसके कारण वे चिड़चिड़े हो रहे हैं। अपने माता-पिता, टीचर की थोड़ी-सी भी डांट सहन नहीं कर पाते, गुस्सा भी बहुत जल्दी आ जाता है।

### कम होती एकाग्रता

हर पल मोबाइल पर आते नोटिफिकेशंस, अलर्ट और मैसेजेस उनका ध्यान भटकाते रहते हैं। उनकी एकाग्रता कम हो रही है और वे काम को बीच में छोड़कर मोबाइल देखने में लग जाते हैं । ऐसे में कोई लक्ष्य कैसे पूरा होगा ? सम्प्रेषण में कमी बच्चों ने आपस में मिलना-जुलना, बातचीत करना छोड़ दिया है। वे अभिभावकों और रिश्तेदारों से भी दूर गए हैं। माता-पिता से भी संवाद में कमी आ रही है। आभासी दुनिया की मदद से वे अनजान लोगों से कनेक्ट हो रहे हैं और अपने आसपास के लोगों से दूर। शब्दों के बजाय इमोजी और संक्षेपाक्षरों का उपयोग करके भाषा कौशल भी खो रहे हैं। असलियत में लोगों से दूर होने के कारण अकेलेपन का शिकार हो रहे हैं, जिसके कारण आत्मविश्वास की कमी, डिप्रेशन, एंग्जायटी, चिड़चिड़ापन, नींद न आना जैसी समस्याएं बढ़ती जा रही हैं।

काम बीच में ही छोड़ देना बच्चे जब किसी काम में एक-दो बार असफल होते हैं या उसके पूरा होने में ज़्यादा समय लग रहा होता है तो वे उसे बीच में ही छोड़ देते हैं। हर समस्या का हल वे इंटरनेट पर खोजते हैं और त्वरित हल पाने की उनकी ललक अगर पूरी न हो, तो निराशा और हताशा से भर जाते हैं। ऑनलाइन गेम्स की लत बच्चों में ऑनलाइन गेम खेलने की लत बढ़ती जा रही है। कुछ बच्चे लेवल पार करने के लिए माता-पिता का पैसा लगा रहे हैं और हारने पर कुछ आत्महत्या जैसे क़दम तक उठा रहे हैं। झूठ बोलना और वित्तीय धोखाधड़ी भी बढ़ रही है। त्वरित प्रतिसाद की चाहत ये पीढ़ी आभासी दुनिया में रहना ज़्यादा पसंद कर रही है जहां सबकुछ फटाफट होता है। वे अपनी तस्वीरें, जोक्स सोशल मीडिया पर पोस्ट करते रहते हैं और बार- बार देखते हैं कि कितने लाइक्स, कमेंट मिले हैं। थोड़ी देर तक कोई कमेंट ना मिले या कम लाइक या कमेंट्स हों तो बेचैन होने लगते हैं। लाइक्स व फॉलोअर्स का यह हिसाब ख़तरनाक खेल भी बन चुका है।

नींद की बढ़ती समस्या देर रात तक डिजिटल उपकरण के उपयोग के कारण बच्चों को देर तक जागने की आदत बन गई है जो उन्हें हर समय फोमो का शिकार भी बना रही है। उनके हर समय स्क्रीन व नीली रोशनी के संपर्क में लगातार रहने से मेलाटोनिन का उत्पादन बाधित होता है। डूमस्क्रॉलिंग, देर रात तक बिंज-वॉचिंग और चैटिंग के कारण नींद का समय और गुणवत्ता बहुत कम हो गई है। नींद में कमी से हो रहा है चिड़चिड़ापन, मूड में उतार- चढ़ाव, ध्यान केंद्रित न कर पाना, ख़राब याददाश्त, संज्ञानात्मक क्षमता में कमी, तनाव में वृद्धि, थकान व उत्पादकता घटना। यह लत मोटापे, अनिद्रा और हृदय संबंधी बीमारियों जैसी समस्याएं बढ़ाती है।

आंखों की दिक्कतें मोबाइल पर लगातार गेम खेलने या सोशल मीडिया पर ज़्यादा वक़्त बिताने के कारण बच्चों में आंखों की सेहत पर नकारात्मक असर देखने को मिल रहा है। मसलन, डिजिटल आई स्ट्रेन या कंप्यूटर विज़न सिंड्रोम की समस्याएं बढ़ रही हैं। एक अध्ययन के अनुसार, 5 से 15 वर्ष की उम्र के बच्चे औसतन 6-8 घंटे तक स्क्रीन पर बिताते हैं।

गौर कीजिएगा..... लत आपने लगाई, बच्चा कैसे छोड़े ? हम दो तरह के समूहों में बंटे हुए हैं- - एक समूह में वे बड़े और बुज़ुर्ग हैं, जो साल-डेढ़ साल के शिशु के कारनामों के वीडियो बनाते हैं, उनके मोबाइल पर खेल को प्रोत्साहित करते हैं, ख़ासकर मांएं, जो बच्चों को किसी गतिविधि में व्यस्त करने के लिए उन्हें मोबाइल थमा देती हैं।

# जनता को तंग करने वाले फैसले, दिल्ली में पुराने वाहनों पर ईंधन प्रतिबंध

राजधानी में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के आदेश के अनुसार 10 साल से पुराने डीजल और 15 साल से पुराने पेट्रोल वाहनों को ईंधन नहीं दिया जाएगा। दिल्ली सरकार ने आयोग से अपना फैसला वापस लेने को कहा है। प्रदूषण का मुख्य कारण पुराने वाहन और सड़कों पर उड़ती धूल है। ट्रैफिक जाम के कारण भी प्रदूषण बढ़ता है क्योंकि वाहन धीमी गति से चलते हैं। हाल में राजधानी में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) के इस आदेश ने दिल्ली एवं एनसीआर के लाखों वाहन मालिकों के लिए परेशानी पैदा कर दी कि उम्र पूरी कर चुके अर्थात 10 वर्ष से पुराने डीजल और 15 वर्ष से पुराने पेट्रोल वाहनों को ईंधन नहीं दिया जाएगा। यह आदेश इसलिए दिया गया, क्योंकि ऐसे वाहनों को चलन से बाहर करने के उसके आदेश पर अमल नहीं किया जा रहा था। ऐसे वाहनों को पेट्रोल-डीजल न देने के फैसले से दिल्ली के कई पेट्रोल पंपों पर अफरातफरी फैल गई। एक-दो दिन के अंदर ही यह एक राजनीतिक मसला बन गया और ऐसी आवाजें भी उठीं कि उम्र पूरी कर चुके वाहनों को एकाएक ईंधन न देने का फैसला सही नहीं है। खुद दिल्ली सरकार को आगे आना पड़ा और सीएक्यूएम से कहना पड़ा कि वह अपना फैसला वापस ले। प्रदूषण रोधी निकाय सीएक्यूएम के पास पूरे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में वायु की गुणवत्ता के प्रबंधन का अधिकार है। पता नहीं यह निकाय किस आधार पर इस नतीजे पर पहुंच गया कि 10 वर्ष पुराने डीजल और 15 वर्ष पुराने पेट्रोल वाहनों के इंजन ऐसे हो जाते हैं कि उनका उत्सर्जन इतना बढ़ जाता है कि वायु प्रदूषण का एक बड़ा कारण बनता है। इस नतीजे पर पहुंचने के पहले अध्ययन एवं विशेषज्ञों से विचार-विमर्श किया ही गया होगा, लेकिन शायद इसकी अनदेखी कर दी गई कि कई वाहन मालिक अपने वाहनों का कम इस्तेमाल करते हैं। अधिकतर उनका कमर्शियल इस्तेमाल भी नहीं करते। इसके चलते उनके वाहनों के इंजन इतने खराब नहीं होते कि उन्हें प्रदूषण फैलाने का दोषी मान लिया जाए। कुछ लोगों के पास तो ऐसे वाहन हैं, जो 10 साल में 50 हजार किमी भी नहीं चले होते। सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर केंद्र सरकार अपनी वाहन नीति में फेरबदल करती रही है, पर उससे वायु प्रदूषण से निपटने में सफलता नहीं मिली। उत्तर भारत और विशेष रूप से राजधानी दिल्ली एवं उसके आसपास के इलाकों में वायु प्रदूषण एक विकट समस्या बना हुआ है। आबादी जैसे-जैसे बढ़ रही है, शहरों में वाहन भी बढ़ रहे हैं और उनके उत्सर्जन से होने वाला प्रदूषण भी। उत्तर भारत की भौगोलिक स्थिति ऐसी है कि सर्दियां प्रारंभ होते ही हवा में धूल और धुएं का मिश्रण स्माग बना देता है। इसके चलते वायु प्रदूषण कई गुना बढ़ जाता है। अब साफ हवा हिमालय से लगे कुछ क्षेत्रों और सुदूर दक्षिण भारत के चंद इलाकों को छोड़कर पूरे देश में खराब ही रहती है। सर्दियों में हवा और खराब एवं कई बार तो जानलेवा हो जाती है। वायु प्रदूषण के मूल कारणों में सड़कों एवं निर्माण स्थलों से उड़ने वाली धूल, वाहनों एवं कल-कारखानों का उत्सर्जन है। इसके अलावा कोयला, लकड़ियां, उपले आदि जलाने से निकलने वाला धुआं भी वायु प्रदूषण का कारण बनता है। सर्दियों के प्रारंभ में पंजाब, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, राजस्थान आदि में खेतों में फसलों के अवशेष यानी पराली जलाने का चलन भी वायु प्रदूषण बढ़ाने का काम करता है। दिल्ली सहित उत्तर भारत के सभी प्रमुख शहरों में ट्रैफिक जाम की स्थिति देखने को मिलती है। जब वाहन धीमी गति से चलते हैं तो वाहनों का उत्सर्जन कई गुना बढ़ जाता है। ट्रैफिक जाम से बचने के लिए जैसी सड़कें और अन्य आधारभूत ढांचा होना चाहिए, उसका अभाव दिखता है। यह अभाव धीरे-धीरे सारे देश भर में दिखने लगा है। हमारे शहर ट्रैफिक जाम, धूल, धुएं के लिए जाने जाते हैं। जहां सड़कों के किनारे फुटपाथ होते हैं, उनका उपयोग पैदल यात्री छोड़कर अन्य सब करते हैं। कहीं पार्किंग होती है और कहीं छोटी-मोटी दुकान लगी होती हैं। चूंकि अतिक्रमण से ग्रस्त फुटपाथों पर पैदल यात्री नहीं चल पाते, इसलिए वे मजबूरी में सड़कों पर चलते हैं। इससे सड़कों पर वाहनों का चलना और धीमा हो जाता है। इसका नतीजा जाम और वाहनों का उत्सर्जन होता है। इस स्थिति से सब अवगत हैं, लेकिन राजनीतिक इच्छाशक्ति का परिचय देने से इन्कार किया जा रहा है। वाहनों के खराब इंजन के चलते उनसे निकलने वाले उत्सर्जन को मापने के जो तौर-तरीके प्रचलित हैं और जिसके तहत पेट्रोल पंपों से वाहन चालक सर्टिफिकेट लेते हैं, वे फेल हो चुके हैं। एक तो लोग ऐसे सर्टिफिकेट लेने की परवाह नहीं करते और दूसरे, वाहन का इंजन चाहे जैसा हो, मनचाहा सर्टिफिकेट पैसे देकर मिल ही जाता है। होना यह चाहिए कि वाहनों के जो भी सर्विस सेंटर, वर्कशाप या सड़क किनारे के मैकेनिक हैं, उनके पास ऐसे उपकरण हों कि वे वाहनों के उत्सर्जन की भी ढंग से जांच-परख कर सकें। यह नियम बनना चाहिए कि ये सब अपने पास आए किसी भी वाहन के उत्सर्जन को हर हाल में नियंत्रित करें। उन्हें वाहन की हर तरह की कमी दूर करने और उसके ठीक हालात में होने का सर्टिफिकेट देने का भी अधिकार होना चाहिए। इस अधिकार की निगरानी वाहन निर्माता कंपनियों और सरकार को संयुक्त रूप से करनी चाहिए। वे आसानी से यह काम कर सकती हैं। वाहन निर्माता कंपनियों के पास मुनाफे के साथ सीएसआर फंड भी होता है। आखिर जो काम वाहन निर्माता कंपनियों को करना चाहिए, वह सरकार अपने हाथ में क्यों लेती है? सवाल यह भी है कि वह जनता को तंग करने वाले फैसले क्यों लेती है? यदि वाहनों की फिटनेस के लिए वाहन निर्माता कंपनियों और उनके सर्विस सेंटर, वर्कशाप आदि को जिम्मेदार बनाया जा सके तो पेट्रोल पंपों को खटारा या फिर कथित तौर पर उम्र पूरी कर चुके या फिर ज्यादा उत्सर्जन वाले वाहनों को ईंधन देने से मना करने जैसे आदेश ही न देने पड़ें। वाहन निर्माता कंपनियों को अपनी गाड़ियों की बिक्री के हिसाब से सर्विस सेंटर खोलने चाहिए और उनकी सर्विसिंग के दौरान उनके उत्सर्जन स्तर का विशेष ध्यान रखना चाहिए। वाहन निर्माताओं के लिए यह भी जरूरी हो कि वे बेहतर तकनीक का इस्तेमाल करते हुए ऐसे इंजन निर्मित करें, जिनसे उत्सर्जन कम से कम हो और पुराने वाहनों की सर्विसिंग सही तरीके से हो। हमारे नीति नियंता और नौकरशाह जब वायु प्रदूषण से निपटने के नाम पर वाहन स्वामियों को परेशान करने वाले फैसले ले लेते हैं तो वे राजनीतिक मसला बन जाते हैं और अक्सर वे वापस लेने पड़ते हैं।

**कोचिंग पर बच्चों की निर्भरता घटाने के लिए शिक्षा मंत्रालय की ओर से गठित नौ सदस्यीय समिति ने इस दिशा में काम शुरू कर दिया है। साथ ही संकेत दिए हैं कि इन परीक्षाओं में अब अभ्यर्थियों की परख बुद्धि, दृष्टिकोण और व्यक्तित्व आदि स्तरों पर की जाएगी। प्रश्न पत्रों के स्तर को भी सीबीएसई सहित सभी राज्यों के शिक्षा बोर्ड की 11वीं और 12वीं कक्षा के पाठ्यक्रम के अनुरूप ही रखा जाएगा। समिति से जुड़े सदस्यों के मुताबिक इसका मतलब ये कतई नहीं होगा कि परीक्षाओं में आसान सवाल पूछे जाएंगे, बल्कि प्रश्न कुछ इस तरह से तैयार होंगे कि कोई रट्टा मारकर उनके उत्तर नहीं दे सकेगा।**

# नीट और जेईई जैसी परीक्षाओं का बदलेगा पैटर्न

डाक्टर या इंजीनियर बनने की दौड़ में शामिल छात्रों की कोचिंग कक्षआओं पर दिनों-दिन बढ़ रही निर्भरता को लेकर शिक्षा मंत्रालय की चिंताएं बढ़ी हुई हैं। वह बच्चों को रटने-रटाने के इस खेल से बाहर निकाल उन्हें स्कूली माहौल में पढ़ते व बढ़ते देखना चाहता है, जहां उनको पढ़ाई के साथ खेल-कूद जैसी दूसरी गतिविधियों के लिए भी समय मिलता है। यही वजह है कि मंत्रालय ने नीट-जेईई मेन जैसी परीक्षाओं के लिए पैटर्न में बदलाव को लेकर बड़ी तैयारी शुरू की है। संभव है कि अगले साल नीट व जेईई मेन जैसी परीक्षाओं में यह बदलाव दिखाई भी दे। कोचिंग पर बच्चों की निर्भरता घटाने के लिए शिक्षा मंत्रालय की ओर से गठित नौ सदस्यीय समिति ने इस दिशा में काम शुरू कर दिया है। साथ ही संकेत दिए हैं कि इन परीक्षाओं में अब अभ्यर्थियों की परख बुद्धि, दृष्टिकोण और व्यक्तित्व आदि स्तरों पर की जाएगी। प्रश्न पत्रों के स्तर को भी सीबीएसई सहित सभी राज्यों के शिक्षा बोर्ड की 11वीं और 12वीं कक्षा के पाठ्यक्रम के अनुरूप ही रखा जाएगा। समिति से जुड़े सदस्यों के मुताबिक




इसका मतलब ये कतई नहीं होगा कि परीक्षाओं में आसान सवाल पूछे जाएंगे, बल्कि प्रश्न कुछ इस तरह से तैयार होंगे कि कोई रट्टा मारकर उनके उत्तर नहीं दे सकेगा। मौजूदा समय में जेईई मेन में हर साल करीब 13 लाख व नीट - यूजी में करीब 23 लाख छात्र शामिल हो रहे हैं। कमेटी ने परीक्षा पैटर्न और प्रश्नपत्र के साथ ही स्कूलों की पढ़ाई के तौर-तरीकों और अभिभावकों के सोच बदलाव लाने की जरूरत पर जोर दिया है। स्कूलों से नीट, जेईई या एनडीए जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले बच्चों को पहले से पहचान कर उन्हें पढ़ाई के दौरान इससे जुड़ी अतिरिक्त कक्षाएं लगाने जैसी व्यवस्था बनाने पर जोर दिया है, ताकि बच्चों को इसके लिए कोचिंग की ओर रुख न करना पड़े। मौजूदा समय में नवोदय विद्यालयों में इस तरह के प्रयोग शुरू भी हुए हैं। कमेटी की चिंता यह भी है कि यदि स्कूलों ने इस दिशा में ध्यान नहीं दिया तो नौवीं के बाद स्कूलों में बच्चे नहीं दिखेंगे। कक्षाएं सिर्फ कागजों पर ही चलेंगी। वहीं अभिभावकों की काउंसलिंग पर भी जोर देने की योजना बनाई जा रही है। कोचिंग पर बढ़ती निर्भरता से बच्चों का न सिर्फ बौद्धिक और व्यक्तित्व विकास प्रभावित हो रहा है, बल्कि उनमें डिप्रेशन भी बढ़ रहा है।

**हाल की कई रिपोर्ट में यह बात आई है कि देश में महिलाओं में स्वरोजगार बढ़ा है। एक आंकड़े के अनुसार वित्त वर्ष 2023-24 में भारत में महिलाओं की श्रम शक्ति भागीदारी 37 प्रतिशत हो गई। यह बढ़त मुख्य रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक दिखी है। ग्रामीण क्षेत्रों में इसका प्रमुख कारण महिलाओं के आत्मनिर्भर होने और किसी न किसी स्वयं सहायता समूह से जुड़ा होना समझा जाता है। इन स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को पिछले दस वर्षों में दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत सशक्त किया गया है।**


# दीदी की दुकान महिलाओं के आर्थिक सशक्तीकरण का नया अध्याय

हाल की रिपोर्टों में महिलाओं में स्वरोजगार बढ़ने की बात सामने आई है। उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिले में दीदी की दुकान पहल महिलाओं को उद्यमशीलता का प्रशिक्षण दे रही है जिससे वे आत्मनिर्भर बन रही हैं। इन दुकानों पर रोजमर्रा के सामान के साथ महिलाओं की जरूरत की चीजें भी मिलती हैं। हाल की कई रिपोर्ट में यह बात आई है कि देश में महिलाओं में स्वरोजगार बढ़ा है। एक आंकड़े के अनुसार वित्त वर्ष 2023-24 में भारत में महिलाओं की श्रम शक्ति भागीदारी 37 प्रतिशत हो गई। यह बढ़त मुख्य रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में अधिक दिखी है। ग्रामीण क्षेत्रों में इसका प्रमुख कारण महिलाओं के आत्मनिर्भर होने और किसी न किसी स्वयं सहायता समूह से जुड़ा होना समझा जाता है। इन स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी) को पिछले दस वर्षों में दीनदयाल अंत्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत सशक्त किया गया है। उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिले का गजरौला ब्लाक इन तथ्यों की पुष्टि कर रहा है। यहां पिछले दो वर्ष से 'दीदी की दुकान' पहल के अंतर्गत चयनित एसएचजी की महिलाओं को व्यवसाय एवं उद्यमशीलता में प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे कई 'उद्यमी दीदी' अपनी दुकान चला रही हैं। बी-एबल फाउंडेशन की एक परियोजना के तहत इस प्रोजेक्ट की शुरुआत हुई थी, जिसमें उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के संगठित एसएचजी से इन महिलाओं को चुना गया। अन्य महिलाएं भी इस पहल का हिस्सा हैं, जो किसी एसएचजी से नहीं जुड़ी हुई हैं। दीदी की दुकानों की खास बात यह है कि परचून और रोजमर्रा के राशन के सामान के साथ-साथ इनमें महिलाओं की जरूरतें संबंधी वस्तुएं भी मिलती हैं। इन दुकानों में सैनेटरी नैपकिन भी उपलब्ध हैं, जिन्हें लड़कियां, महिलाएं बिना हिचक खरीदती हैं। इन दुकानों पर रंग बिरंगी चूड़ियां, राखियां, सिलाई-कढ़ाई आदि के सामान भी खूब मिलते हैं। एक दीदी की दुकान में फ्रिज होने से कोल्ड ड्रिंक्स, शरबत और डेरी का सामान है। कई दुकानों में गिफ्ट आइटम भी बिकते हैं। इन दुकानों को कुछ निजी कंपनियों ने अलमारी, रैक और काउंटर टेबल अपने कारपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व-सीएसआर के तहत उपलब्ध कराए हैं। कई 'उद्यमी दीदी' महीने में 20 से 25 हजार रुपये कमा लेती हैं। इस पहल के अंतर्गत दीदियों को इसके लिए प्रोत्साहित किया गया है कि वे हर प्रकार का सामान अपनी दुकानों पर रखें, ताकि गांव वालों को न तो साप्ताहिक हाट-बाजारों पर निर्भर रहना पड़े और न ही शहर पर। इस योजना से सबसे बड़ा बदलाव यह आया है कि महिलाएं आगे आकर दुकानों का कारोबार संभाल रही हैं, जो एक जमाने तक सिर्फ पुरुषों का ही व्यवसाय माना जाता था। इससे कई प्रकार की लैंगिक रूढ़िवादिताएं बदली हैं। अब न केवल महिलाएं आर्थिक तौर पर सशक्त हो रही हैं, बल्कि उनकी सामाजिक गतिशीलता में भी बदलाव आया है। स्वयं सहायता समूहों और उद्यमता से सशक्त हो रही महिलाएं बताती हैं कि उन्हें एक नई पहचान मिली है और अब उनकी भी एक 'आइडेंटिटी' है। यह एक बड़ा बदलाव है। तमाम रिसर्च बताती हैं कि इस तरह की पहल से महिलाओं के आत्मसम्मान में बढ़ोतरी होती है। जैसे कि एक दीदी बताती हैं कि पहले वे अपने घर से बाहर नहीं निकलती थीं, पर अब उनकी दुकान गांव का एक अहम 'लैंडमार्क' बन गई है। यदि किसी को आनलाइन या डाक से कुछ मंगवाना हो तो वह 'दीदी की दुकान' के पते पर पहुंच जाता है। इस तरह ये दीदियां सिर्फ गांव की जरूरतें ही नहीं, बल्कि एक प्रकार से गांव की आकांक्षाओं और आर्थिक सशक्तीकरण की 'ब्रांड एंबेसडर' जैसी बन गई हैं। इस प्रोजेक्ट को यूनिसेफ की भी मदद मिल रही है। जैसे प्रत्येक माह सबसे अधिक बिक्री करने वाली दीदी को बैटरी से चलने वाला एक पंखा यूनिसेफ के सौजन्य से भेंट किया जाता है।



# शुभमन 1 टेस्ट में 430 रन बनाने वाले पहले भारतीय, भारत ने पहली बार हजार रन बनाए

**नई दिल्ली** बर्मिंघम टेस्ट जीतने के लिए भारत ने इंग्लैंड को 608 रन का टारगेट दिया। शनिवार को मुकाबले के चौथे दिन भारत से शुभमन गिल ने 161 रन बनाए। उन्होंने पहली पारी में 269 रन बनाए थे, इसी के साथ वे एक टेस्ट में 400 प्लस रन बनाने वाले पहले भारतीय बने। टीम इंडिया ने टेस्ट की दोनों पारियां मिलाकर 1014 रन बनाए। टेस्ट इतिहास में भारत ने पहली बार ही एक मैच में हजार रन का आंकड़ा पार किया।



1. शुभमन एक टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय कप्तान शुभमन गिल ने पहली पारी में 269 रन बनाने के बाद दूसरी पारी में 161 रन बना दिए। उन्होंने एक टेस्ट में 430 रन बना दिए। यह किसी भारतीय कप्तान से एक टेस्ट में सबसे ज्यादा रन हैं। गिल ने विराट कोहली का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 2017 में श्रीलंका के खिलाफ मैच में 293 रन बनाए थे।शुभमन 400 रन बनाने वाले पहले भारतीय शुभमन गिल एक टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय खिलाड़ी भी बने। उन्होंने सुनील गावस्कर का रिकॉर्ड तोड़ा, जिन्होंने 1971 में वेस्टइंडीज के खिलाफ 344 रन बनाए थे। तब गावस्कर ने पहली पारी में शतक और दूसरी पारी में दोहरा शतक लगाया था। गिल एक पारी में शतक और दूसरी में दोहरा शतक लगाने वाले भारत के दूसरे ही खिलाड़ी बने।

3. शुभमन 1 टेस्ट में दूसरे हाईएस्ट स्कोरर शुभमन गिल एक टेस्ट में सबसे ज्यादा रन बनाने के रिकॉर्ड से महज 27 रन दूर रह गए। एक टेस्ट में सबसे ज्यादा रन का रिकॉर्ड इंग्लैंड के ग्राहम गूच के नाम है। जिन्होंने 1990 में भारत के खिलाफ ही 456 रन बनाए थे। शुभमन टेस्ट में 400 प्लस रन बनाने वाले दुनिया के 5वें ही प्लेयर बने।

# अपनी रिकॉर्डतोड़ पारी के लिए वैभव ने गिल को दिया श्रेय, कहा- मुझे उनसे काफी प्रेरणा मिली

**नई दिल्ली।** युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने कहा कि वह शतक बनाने के बाद शुभमन गिल को बिना किसी दबाव के खेलते हुए देखकर प्रेरित हुए और भविष्य के मैचों में भारतीय टेस्ट कप्तान का अनुकरण करना चाहते हैं। सूर्यवंशी ने शनिवार को वॉर्सेस्टर में इंग्लैंड के खिलाफ भारत अंडर-19 की तरफ से चौथे मैच में केवल 78 गेंदों पर 143 रन की शानदार पारी खेली और युवा वनडे मैचों में शतक बनाने वाले सबसे युवा बल्लेबाज बन गए।

सूर्यवंशी ने बीसीसीआई के एक्स अकाउंट पर पोस्ट किए गए वीडियो में कहा, मुझे उनसे (गिल से) काफी प्रेरणा मिली, क्योंकि मैंने उनका खेल देखा था। 100 और 200 रन बनाने के बाद भी वह सहजता से खेलते रहे।



गिल ने बर्मिंघम में दूसरे टेस्ट मैच की दोनों पारियों में शतक लगाया। उन्होंने पहली पारी में 269 और दूसरी पारी में 161 रन बनाए। इस दौरान भारत की अंडर-19 टीम भी एजबेस्टन में थी।

सूर्यवंशी ने कहा, मैं अगले मैच में 200 रन बनाने की कोशिश करूंगा। अगली बार मैं पूरे पचास ओवर खेलने की कोशिश करूंगा। मैं जितने अधिक रन बनाऊंगा, मेरी टीम के लिए उतना ही बेहतर होगा। सूर्यवंशी ने कहा कि जब तक वह ड्रेसिंग रूम में नहीं लौटे, उन्हें अपने बनाए गए रिकार्डों के बारे में पता नहीं था। उन्होंने युवा वनडे में सबसे तेज शतक लगाने का रिकॉर्ड भी बनाया। उन्होंने कहा, मुझे नहीं पता था कि 100 रन बनाने के बाद मैंने रिकॉर्ड बना लिया है। हमारे टीम मैनेजर अंकित सर ने मुझे बताया कि मैंने रिकॉर्ड बना लिया है। सभी ने मुझे बधाई दी।

# बांग्लादेश ने श्रीलंका से दूसरा वनडे 16 रन से जीता, तनवीर इस्लाम को 5 विकेट

**नई दिल्ली।** बांग्लादेश ने कोलंबों में खेले गए दूसरे वनडे में श्रीलंका को 16 रन से हरा दिया। मुकाबले में बांग्लादेश की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 45.5 ओवर में 248 रन का स्कोर खड़ा किया था। इसके जवाब में मेजबान श्रीलंकाई टीम 48.5 ओवर में 232 रन बनाकर सिमट गई।

इस जीत के साथ ही बांग्लादेश की टीम ने दमदार वापसी करते हुए सीरीज को 1-1 से बराबर कर दिया। ऐसे में 3 मैचों की सीरीज का आखिरी मुकाबला मंगलवार (8 जून) को पल्लेकेले में खेला जाएगा। बांग्लादेश से तनवीर इस्लाम ने 5 विकेट लिए, उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। परवेज हुसैन एमोन ने 67 रन की पारी खेली।




बांग्लादेश की खराब शुरुआत बल्लेबाजी में बांग्लादेशी टीम की शुरुआत कुछ खास नहीं रही थी। टीम ने अपना पहला विकेट सिर्फ 10 रन के स्कोर पर गंवा दिया। तंजीद हसन के रूप में बांग्लादेश को पहला विकेट गिरा। हालांकि, इसके बाद एमोन और नजमुल हुसैन शांतो ने दूसरे विकेट के लिए 63 रनों की साझेदारी की। शांतों ने 14 रन बनाए। एमोन ने 69 गेंदों में 67 रन की पारी खेली।

तौहीद हृदोय ने भी बनाए 51 रन एमोन के अलावा तौहीद हृदोय ने भी बांग्लादेश का स्कोर 200 के पार पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने 69 गेंदों में 51 रन बनाए, जिसमें दो चौके शामिल थे।

इसके अलावा बांग्लादेश की तरफ से तजीम हसन साकिब ने 21 गेंदों में 33 रनों का योगदान जबकि जकर अली ने 24 और शमीम हुसैन ने 22 रन बनाए। बॉलिंग में श्रीलंका की तरफ से फर्नांडो ने 35 रन देकर 4 विकेट लिए और हसरंगा के खाते में 3 विकेट आया।

# विंबलडन- नोवाक जोकोविच की 100वीं सिंगल्स जीत

**नई दिल्ली।** विंबलडन के सेंटर कोर्ट पर नोवाक जोकोविच ने अपने करियर की 100वीं विंबलडन सिंगल्स जीत दर्ज की। उन्होंने सर्बिया के ही मियोमिर केकमानोविच पर 6-3,6-0, 6-4 से जीत दर्ज की। वहीं स्टेडियम में मौजूद उनकी 7 साल की बेटी तारा जोकोविच ने डांस करके सभी का दिल जीत लिया।

मैच के बाद जब जोकोविच ऑन-कोर्ट इंटरव्यू दे रहे थे, तो उनसे इस डांस के बारे में पूछा गया। इस पर जोकोविच ने मुस्कुराते हुए जवाब दिया, ये डांस मेरी बेटी तारा और बेटे के साथ हमारी एक फैमिली ट्रेडिशन बन चुका है। इस गाने का नाम है %पंप इट अप%।

सिनर राउंड ऑफ 16 में पहुंचे टेनिस के वर्ल्ड नंबर-1 जैनिक सिनर ने विंबलडन के राउंड ऑफ 16 में जगह बना ली है। उन्होंने तीसरे राउंड के मुकाबले में स्पेन के पेड्रो मार्टिनेज को सीधे सेट में हरा दिया। दूसरी ओर



विमेंस सिंगल्स में भी नंबर-1 एरिना सबालेंका ने अपना मैच जीतकर अगले राउंड में जगह बना ली।

सिनर ने 3 डबल फॉल्ट किए इटली के सिनर ने मार्टिनेज को 6-1, 6-3, 6-1 के अंतर से हराया। सिनर ने 3 बार अपनी सर्विस डबल फॉल्ट की और मार्टिनेज को पॉइंट्स दे दिए। मार्टिनेज ने एक भी डबल फॉल्ट नहीं किया। मेंस सिंगल्स में इटली के फ्लावियो कोबोली ने भी अगले राउंड में जगह बना ली। उन्होंने चेक रिपब्लिक के याकुब मेनसिक को 6-2, 6-4, 6-2 से हराया।

# ग्रेनेडा टेस्ट- ऑस्ट्रेलिया की बढ़त 254 रन की हुई

ग्रेनेडा में हो रहे दूसरे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया ने वेस्टइंडीज के खिलाफ 254 रन की बढ़त बना ली है। कंगारू टीम ने तीसरे दिन का खेल समाप्त होने तक दूसरी पारी में 7 विकेट खोकर 221 रन बना लिए हैं। एलेक्स केरी 26 और पैट कमिंस 4 बना कर क्रीज पर हैं।

इससे पहले वेस्टइंडीज की पहली पारी 253 रन पर सिमट गई थी। वहीं ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 286 रन बनाए थे। इसी आधार पर ऑस्ट्रेलिया को दूसरी पारी की शुरुआत में 33 रन की लीड मिली थी।

स्टीव स्मिथ ने लगाया 43 वां अर्धशतक स्टीव स्मिथ ने 71 रन की पारी खेली। यह उनका 43 वां अर्धशतक था। स्मिथ के अलावा कैमरून ग्रीन ने भी 52 रन बनाए। शनिवार को पहले सेशन में टीम के 28 रन पर 3 विकेट गिर गए थे। इसके बाद कैमरून ग्रीन और स्मिथ ने



ऑस्ट्रेलियाई पारी को संभाला।

स्मिथ ने ग्रीन के साथ चौथे विकेट के लिए 153 गेंदों पर 93 रन की साझेदारी की। उसके बाद उन्होंने ट्रैविस हेड के साथ पांचवें विकेट के लिए 77 गेंदों पर 58 रन की पार्टनरशिप की। लेकिन चाय के बाद जस्टिन ग्रीव्स ने उन्हें ख्क्क्ख् आउट किया।

## व्यापार

# जून में अनाज सस्ते, पर दूध-तेल की महंगाई ने बढ़ाया बोझ, वैश्विक खाद्य कीमतों में हलचल

**नई दिल्ली।** जून 2025 में वैश्विक खाद्य महंगाई को लेकर एक मिश्रित तस्वीर सामने आई है। संयुक्त राष्ट्र की खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक जहां अनाज और चीनी जैसी बुनियादी चीजों के दामों में गिरावट से उपभोक्ताओं को थोड़ी राहत मिली है, वहीं दूध, वनस्पति तेल और मांस जैसे जरूरी उत्पादों की बढ़ती कीमतों ने थाली को महंगा कर दिया है। इस बीच वैश्विक स्तर पर अनाज उत्पादन रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने की उम्मीद जगी है, लेकिन गर्मी और सूखे जैसे जलवायु जोखिमों ने भविष्य को लेकर चिंताएं गहरा दी हैं। एफएओ के फूड प्राइस इंडेक्स के अनुसार जून में खाद्य कीमतों में कुल मिलाकर 0.5त्न की बढ़त दर्ज की गई, जिससे सूचकांक 128 अंकों पर पहुंच गया। यह वृद्धि भले मामूली हो, लेकिन मार्च 2022 के शिखर से यह अभी भी 20.1त्न नीचे है। जून में जहां अनाज और चीनी के



दाम गिरे वहीं डेयरी, मांस और तेल की महंगाई ने महंगाई को ऊपर की ओर खींचा। जून में अनाज मूल्य सूचकांक 107.4 अंक पर दर्ज किया गया जो मई के मुकाबले 1.5त्न कम है। मक्का, जौ और ज्वार के दामों में गिरावट अर्जेंटीना और ब्राजील जैसे उत्पादक देशों की आपूर्ति के कारण आई। हालांकि गेहूं महंगा हुआ क्योंकि यूरोप, रूस और अमेरिका में खराब मौसम की आशंकाओं ने कीमतों को ऊपर खींचा। एफएओ का अनुमान है कि वर्ष 2025 में वैश्विक अनाज उत्पादन 292.5 करोड़ टन तक पहुंच सकता है जो अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा होगा।

**तेल की महंगाई ने ऊपर खींचा सूचकांक**

जून में वनस्पति तेल मूल्य सूचकांक 2.3त्न चढ़कर 155.7 अंक पर पहुंच गया। पाम, सोया और रेपसीड तेल की कीमतों में तेजी आई, जबकि सूरजमुखी तेल सस्ता हुआ। पाम तेल की कीमत में लगभग 5त्न की वृद्धि हुई, क्योंकि वैश्विक मांग तेज रही। वहीं, सोया तेल की कीमतें अमेरिका और ब्राजील में बायोफ्यूल मांग के चलते बढ़ीं। रेपसीड तेल की कीमतें भी वैश्विक आपूर्ति की चिंता के कारण बढ़ीं।

# 12 से अधिक देशों के साथ निवेश संधि पर भारत कर रहा मजबूती से बातचीत, अधिकारी बोले- जल्द होगी घोषणा

**नई दिल्ली।** भारत इस समय 12 से अधिक देशों के साथ द्विपक्षीय निवेश संधियों (बीआईटी) को लेकर सक्रिय बातचीत कर रहा है। इनमें सऊदी अरब, कतर, इस्राइल, ओमान, यूरोपीय संघ, स्विट्जरलैंड, रूस और ऑस्ट्रेलिया जैसे प्रमुख देश शामिल हैं। इसके अलावा ताजिकिस्तान, कंबोडिया, उरुग्वे, मालदीव और कुवैत के साथ भी चर्चा चल रही है। सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि आने वाले तीन से छह महीनों के भीतर कुछ देशों के साथ द्विपक्षीय निवेश संधि समझौते को अंतिम रूप देकर उसकी घोषणा की जा सकती है। द्विपक्षीय निवेश संधि यानी दो देशों के बीच ऐसा समझौता होता है, जो एक-दूसरे के देशों में किए गए निवेश की सुरक्षा और प्रोत्साहन



की गारंटी देता है। इससे विदेशी निवेशकों का भरोसा बढ़ता है और निवेश में तेजी आती है।

**भारत की नई नीति और हालिया प्रगति**

भारत सरकार ने हाल ही में मौजूदा बीआईटी मॉडल में सुधार करने की घोषणा की है ताकि वह निवेशक-हितैषी बन सके और अधिक विदेशी निवेशकों को आकर्षित किया जा सके। 2024 में भारत ने यूएई और उज्बेकिस्तान के साथ दो द्विपक्षीय निवेश संधि पर हस्ताक्षर किए हैं। यूएई के साथ हालिया बीआईटी में विवाद की स्थिति में स्थानीय कानूनी उपायों की अवधि को 5 साल से घटाकर 3 साल कर दिया गया है। यह कदम निवेशकों और सरकार दोनों के हित में माना जा रहा है। सरकार का मानना है कि स्थानीय उपायों को अपनाना और अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता का विकल्प देना, दोनों पक्षों के लिए संतुलन कायम करता है। इससे सरकार को लम्बी कानूनी लड़ाइयों से बचने में मदद मिलती है और निवेशकों को भी विवाद सुलझाने का विकल्प मिलता है। एक अन्य अधिकारी के मुताबिक, भारत का मकसद ऐसा निवेश ढांचा बनाना है जो अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप हो, लेकिन साथ ही घरेलू नीतिगत स्वतंत्रता भी बरकरार रखे।

# टॉप-10 कंपनियों में 6 की वैल्यू 70,326 करोड़ कम हुई

## रिलायंस का मार्केट कैप 15,359 करोड़ बढ़कर 20.67 लाख करोड़ पहुंचा

**नई दिल्ली।** मार्केट वैल्यूएशन के लिहाज से देश की टॉप-10 कंपनियों में से 6 की वैल्यू इस हफ्ते के कारोबार में 70,326 करोड़ रुपए कम हुई है। इस दौरान एचडीएफसी बैंक टॉप लूजर रहा। प्राइवेट सेक्टर के सबसे बैंक का मार्केट कैप बीते हफ्ते ?19,285 करोड़ कम होकर 15.25 लाख करोड़ रुपए पर पहुंच गया है।




आईसीसी बैंक का मार्केट कैप इस दौरान ?13,567 करोड़ कम होकर, ?10.29 लाख करोड़ रह गया है। वहीं, बजाज फाइनेंस में ?13,236 करोड़, एलआईसी में 10,246 करोड़, टीसीएस में 8,032 करोड़ और एयरटेल की वैल्यूएशन में 5,959 करोड़ की गिरावट हुई है।

वहीं, देश की सबसे बड़ी प्राइवेट सेक्टर कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज की वैल्यू ?15,359 करोड़ रुपए बढ़कर ?20.67 लाख करोड़ पर पहुंच गई है।

पिछले हफ्ते इंफोसिस ने अपनी वैल्यूएशन में ?13,128 करोड़ जोड़ा है। अब कंपनी की वैल्यू ?6.81 लाख करोड़ पर पहुंच गई है।

मार्केट कैप किसी भी कंपनी के टोटल आउटस्टैंडिंग शेयरों यानी वे सभी शेयर जो फिलहाल उसके शेयरहोल्डर्स के पास हैं, उनकी वैल्यू है। इसका कैलकुलेशन कंपनी के जारी शेयरों की कुल संख्या को उनकी कीमत से गुणा करके किया जाता है।

# जोमैटो के फूड और डिलीवरी बिजनेस के सीईओ बने आदित्य, वे राकेश रंजन की जगह लेंगे

**नई दिलली।** ऑनलाइन फूड ऑर्डरिंग और डिलीवरी कंपनी एटर्नल (पूर्व में जोमैटो) ने आदित्य मंगला को अपने फूड ऑर्डरिंग और डिलीवरी बिजनेस का नया चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर (ष्टश्वह्र) और सीनियर मैनेजमेंट प्रोफेशनल (स्क्क) नियुक्त किया है। कंपनी ने रविवार को स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में इस बात की जानकारी दी है।

कंपनी ने बताया कि मंगला की नियुक्ति 6 जुलाई 2025 को बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की मंजूरी के बाद दो साल के लिए की गई है। आदित्य मंगला राकेश रंजन की जगह लेंगे, जिनके कंपनी छोड़ने की खबर अप्रैल में आई थी।

**राकेश रंजन ने सीईओ के रूप में दो साल पूरे किए**

एटर्नल ने बताया कि राकेश रंजन ने फूड ऑर्डरिंग और डिलीवरी बिजनेस के ष्टश्वह्र के रूप में दो साल का कार्यकाल पूरा कर लिया है और वे 6 जुलाई 2025 से एसएमपी के रूप में अपनी भूमिका से भी हट जाएंगे।




एटर्नल के अनुसार, आदित्य मंगला वर्तमान में कंपनी में फूड ऑर्डरिंग और डिलीवरी के प्रोडक्ट हेड हैं। मार्च 2021 में एटर्नल से जुड़ने के बाद उन्होंने फूड डिलीवरी बिजनेस में कई महत्वपूर्ण भूमिकाएं निभाई हैं, जिनमें हेड ऑफ सप्लाई और हेड ऑफ कस्टमर एक्सपीरियंस शामिल हैं। इस दौरान उन्होंने रेस्टोरेंट पार्टनर सिस्टम को बेहतर बनाने और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर कस्टमर सेटिस्फेक्शन बढ़ाने पर फोकस किया।

एटर्नल से पहले मंगला ने कई स्टार्टअप और टेक-बेस्ड कंपनियों में प्रॉफिट एंड लॉस (पीएंडएल), प्रोडक्ट और मार्केटिंग से जुड़ी सीनियर पोजीशन पर काम किया है। उनकी एजुकेशनल क्वालिफिकेशन की बात करें तो उन्होंने इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस से मैनेजमेंट में क्क्नक्क किया है, जहां उन्हें टॉर्चबेयरर अवॉर्ड से सम्मानित किया गया था।

# राजस्व वृद्धि के लक्ष्यों की प्राप्ति में कोताही बर्दाश्त नहीं – मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने खनिज सम्पदा का समुचित दोहन करते हुए राजस्व लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि रॉयल्टी वसूली के प्रकरणों में सख्ती से नियमानुसार कार्यवाही की जाए। साथ ही, खनन अधिनियमों और नियमों की अनुपालना सुनिश्चित करते हुए अवैध खनन गतिविधियों की प्रभावी रोकथाम की जाए।

शर्मा रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर खनन विभाग की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में खनिज संपदा प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है तथा यहां खनन की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने खनन विभाग को नये खनन क्षेत्रों की खोज में तेजी लाने तथा नीलामी प्रक्रिया को और गति देने के लिए निर्देशित किया। साथ ही, शर्मा ने कहा कि नीलाम किए गए ब्लॉक्स में खनन कार्य शीघ्र प्रारंभ किया जाए ताकि उपभोक्ताओं की मांग के अनुरूप समय पर पूर्ति सुनिश्चित हो सके।

### शास्ति प्रक्रिया में लाएं आवश्यक सुधार

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के राजस्व में खनन की महत्वपूर्ण भूमिका है। ऐसे में खनन विभाग समयबद्ध रूप से तय राजस्व लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित करें। इस कार्य में किसी भी स्तर पर कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने शास्ति प्रक्रिया में सुधार लाने और इसे आवश्यकतानुसार सुसंगत बनाने के लिए निर्देशित किया।

नवीन तकनीकों से लगाएं अवैध खनन पर प्रभावी रोकथाम

शर्मा ने कहा कि नवीन सूचना प्रौद्योगिकी तकनीकों का समावेश करते हुए विभाग अवैध खनन पर प्रभावी रोकथाम करे। उन्होंने सीसीटीवी कैमरे, ड्रोन सर्वे और मालवाहक गाड़ी की सख्त चेकिंग सुनिश्चित करते हुए अवैध खनन पर अंकुश लगाने के लिए निर्देशित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि अवैध खनन पर रोकथाम के लिए सभी को मिलकर सामूहिक प्रयास करने होंगे। इसके लिए पुलिस, जिला प्रशासन, वन विभाग, परिवहन विभाग तथा खनन विभाग आपसी समन्वय के साथ काम करें।

### एम-सैंड को व्यापक रूप से करें प्रोत्साहित

मुख्यमंत्री ने कहा कि एम-सैंड पर्यावरण के अनुकूल होने के साथ ही गुणवत्तापूर्ण भवन निर्माण सामग्री का एक बेहतरीन विकल्प है। इसे व्यापक रूप से प्रोत्साहित किया जाए ताकि बजरी के दोहन में कमी आए। साथ ही, शर्मा ने क्रेशर डस्ट के उपयोग को भी प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए।

### विभाग के पुनर्गठन पर हो कार्य

शर्मा ने कहा कि विभागीय कार्मिक अपनी जिम्मेदारी का समर्पण भाव से निर्वहन करें तथा राज्यहित को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। उन्होंने विभागीय कार्यों की गुणवत्ता अभिवृद्धि के क्रम में खनन विभाग की रिस्ट्रक्चरिंग करने और लंबे समय से विभाग में पदस्थापित कार्मिकों को स्थानांतरित के लिए भी निर्देशित किया। मुख्यमंत्री ने नए ब्लॉक्स की नीलामी की संभावनाएं तलाशने, डीएमएफटी और एनएमईटी से संबंधित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। साथ ही, उन्होंने ओडिशा सहित अन्य राज्यों में खनन क्षेत्र में क्रियान्वित श्रेष्ठ कार्यप्रणालियों का अवलोकन कर इन्हें राजस्थान में लागू करने की संभावना पर कार्य करने के लिए भी निर्देशित किया। बैठक में संबंधित विभागों के उच्च अधिकारी उपस्थित रहे।

# देवशयनी एकादशी पर गोविंद देवजी मंदिर सहित समस्त वैष्णव मंदिरों में उमड़ा श्रद्धा का सागर

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुर।** छोटी काशी जयपुर में रविवार को देवशयनी एकादशी के पावन पर्व पर श्रद्धा और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला। शहर के प्रमुख वैष्णव मंदिरों, विशेष रूप से गोविंद देवजी मंदिर में, दिनभर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती रही। श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर पूजा-अर्चना की, भगवान विष्णु को शयन के लिए विदा किया और दान-पुण्य के कार्यों में भाग लिया। चार माह तक चलने वाले चातुर्मास की शुरुआत के साथ ही भगवान श्रीहरि विष्णु ने क्षीरसागर में योगनिद्रा में प्रवेश कर लिया है, और सृष्टि संचालन का दायित्व भगवान शिव को सौंपा गया। यह पर्व वैष्णव परंपरा में विशेष महत्त्व रखता है और पूरे देश में विशेष रूप से मनाया जाता है।

देवशयनी एकादशी के अवसर पर गोविंद देवजी मंदिर में परंपरागत रीति से भक्ति और उल्लास से पर्व मनाया गया। प्रातः काल ठाकुर श्री गोविंद देवजी का वेद मंत्रोच्चार के साथ पंचामृत अभिषेक किया गया। इसके पश्चात उन्हें नवीन लाल रंग की नटवर पोशाक धारण करवाई गई। ठाकुरजी का रत्नजड़ित आभूषणों एवं पुष्पों से भव्य श्रृंगार कर उन्हें रथ पर विराजित कर तुलसी मंच तक ले जाया गया, जहाँ मंदिर के महंत आचार्य अंजन कुमार गोस्वामी ने विधिवत पूजन, तुलसी सेवा, भोग अर्पण, चार परिक्रमा एवं महाआरती संपन्न कराई। बाद में ठाकुरजी को पारंपरिक रूप से खाट पर विराजमान कर निज मंदिर की परिक्रमा कराते हुए गर्भगृह में विश्राम हेतु विराजित किया गया।

श्रद्धालुओं की भारी संख्या को देखते हुए मंदिर प्रशासन ने इस वर्ष झांकियों के समय में विस्तार किया। सुबह मंगला झांकी से लेकर रात की शयन झांकी तक मंदिर के पट लगभग 11 घंटे खुले रहे। हर दर्शन के बीच मात्र 15 मिनट के पट मंगल (अंतराल) के कारण दर्शन में व्यवधान नहीं हुआ। श्रद्धालुओं को औसतन 2 मिनट से अधिक समय तक ठाकुरजी के दर्शन प्राप्त हुए।

रविवार को करीब दो लाख श्रद्धालु गोविंद देवजी मंदिर पहुंचे। इतनी बड़ी संख्या को सुव्यवस्थित ढंग से संभालने हेतु डीसीपी राशि डोगरा स्वयं सुबह मंगला झांकी के समय पुलिस अधिकारियों के साथ पहुंचीं और दर्शन व्यवस्था का जायजा लिया। पूरे दिन मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में बड़ी संख्या में पुलिस बल, होमगार्ड एवं स्वयंसेवकों ने व्यवस्था संभाली।

इस वर्ष लोहे की बैरिकेडिंग की जगह कपड़े की बैरिकेडिंग की गई जिससे वातावरण खुला और सहज बना रहा। श्रद्धालुओं के ठहरने की मनाही ने दर्शन प्रक्रिया को तीव्र और सुविधाजनक बनाया, जिसका असर यह रहा कि मंदिर के बाहर कोई यातायात जाम नहीं हुआ। जलेब चौक और गुरुद्वारे के पास की पार्किंग व्यवस्था भी सुचारु रही।

### भक्ति और कीर्तन का वातावरण:

मंदिर परिसर में दिनभर कीर्तन, सत्संग और भजन मंडलियों का आयोजन होता रहा। सत्संग भवन में श्रद्धालु कीर्तन में लीन रहे। मंदिर के स्वयंसेवकों ने पुलिस के साथ मिलकर दर्शनार्थियों की सेवा की। दिनभर आसमान में बादल छाए रहने के कारण मौसम सुहावना बना रहा, जिससे श्रद्धालुओं को अत्यधिक गर्मी व असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा।

# गायों की सेवा व सुरक्षा से ही विश्व का कल्याण संभंव : पशुपालन मंत्री

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



जयपुर। मानव इस संसार में सबसे अधिक बुद्धिमान प्राणी है। ईश्वर ने विवेक तो मात्र उसे ही प्रदान किया है। प्रभु ने पशुओं में गाय को सर्वोत्तम बनाया है। यदि इस संसार में गाय नहीं होती तो हमारे लिए जीवन यापन-करना बहुत ही कठिन हो जाता। इसलिए गायों की सेवा व सुरक्षा से ही विश्व का कल्याण सम्भव है। यह बात गोपालन, पशुपालन, डेयरी एवं देवस्थान विभाग के केबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने सिरोही जिले के शिवगंज कस्बे में श्रीराम कृष्ण गोपाल प्राणी सेवा समिति द्वारा संचालित गौशाला में नवनिर्मित गौ-आवासों में गौमाताओं के प्रवेश कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा है कि गो सेवा पुण्य का कार्य है। गाय एक मां की तरह हमारा पालन पोषण करती है। गाय की सेवा करना सबसे बड़ा धर्म है। कुमावत ने यह भी कहा कि गोवंश के संरक्षण के लिए समाज के प्रबुद्ध वर्ग को आगे आना चाहिए। हजारों सालों से हमारी धार्मिक सामाजिक और आर्थिक व्यवस्था गोवंश पर निर्भर रही है। गाय के दूध के साथ गोमूत्र गोबर अत्यंत उपयोगी है। गाय के दूध में वह शक्ति है जो हमारे शरीर को पुष्ट करने के साथ हमारे मन को भी संस्कारित करता है। गोबर की खाद के प्रयोग से रासायनिक खादों के हानिकारक प्रभावों से बचा जा सकता है। उन्होंने प्रत्येक व्यक्ति से अपने घर में गाय पालने का आह्वान किया। इसी दौरान कुमावत व अन्य मेहमानों ने पौधारोपण भी किया। इससे पहले गौशाला समिति की ओर से अतिथियों का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान पंचायती राज, ग्रामीण विकास और आपदा प्रबंधन विभाग के राज्यमंत्री ओटाराम देवासी, जालोर सांसद लुंबाराम चौधरी, भाजपा जिलाध्यक्ष रक्षा भंडारी, गौशाला समिति के अध्यक्ष बाबूलाल परिहार, उपाध्यक्ष जगदीश पुरी गोस्वामी व नरेंद्र कुमार जैन, पशुपालन विभाग, सिरोही के संयुक्त निदेशक अमित चौधरी, भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष नरपत सिंह, नगर अध्यक्ष ताराराम, महामंत्री कुंदन राठी, जिलामंत्री पूनम सिंह, पूर्व सभापति प्रत्याशी अनोप सिंह, मंडल अध्यक्ष रविकांत रावल, पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रकाश, माणक प्रजापत व महेंद्र माली, सांडेराव मंडल के उपाध्यक्ष शंकर सिंह काकू, लक्ष्मण परिहार, नैनमल सोनी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर मुख्यमंत्री ने दी श्रद्धांजलि



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को मुख्यमंत्री निवास पर देश के प्रथम उद्योगमंत्री व भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। शर्मा ने राष्ट्र निर्माण में डॉ. मुखर्जी के अतुलनीय योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें नमन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रखर राष्ट्रवादी डॉ. मुखर्जी एक विचारक ही नहीं, बल्कि महान कर्मयोगी थे। उन्होंने देश की एकता और अखंडता के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित कर दिया। शर्मा ने कहा कि डॉ. मुखर्जी का जीवन हमें राष्ट्र हित को सर्वोपरि मानने की प्रेरणा देता है। उनके आदर्श और सिद्धांतों को अपने जीवन में आत्मसात कर हम एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते हुए राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दे सकते हैं।

# कांग्रेस के नए मुख्यालय भवन का भूमि पूजन, डोटासरा-रंधावा-गहलोत की मौजूदगी में हुआ निर्माण कार्य प्रारंभ



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मानसरोवर स्थित नवीन मुख्यालय भवन के निर्माण कार्य का प्रारम्भ आज राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राजस्थान प्रभारी एवं सांसद सुखजिन्दर सिंह रंधावा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के सानिध्य में हुआ। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महासचिव व मीडिया प्रभारी स्वर्णिम चतुर्वेदी ने बताया कि राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के मानसरोवर स्थित मुख्यालय भवन के निर्माण कार्य का प्रारम्भ 06 जुलाई, 2025 को पूजा-अर्चना के साथ हुआ।

इस अवसर पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राजस्थान प्रभारी एवं सांसद सुखजिन्दर सिंह रंधावा, विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव व सह प्रभारी चिरंजीव राव, ऋत्विक मकवाना, प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष डॉ. बी. डी. कल्ला, डॉ. सी.पी. जोशी, सांसद भजनलाल जाटव, पूर्व मंत्री शांति धारीवाल, उदयलाल आंजना, रामलाल जाट, विधानसभा में उप नेता प्रतिपक्ष रामकेश मीणा, मुख्य सचेतक रफीक खान, पुष्पेन्द्र भारद्वाज, जसवन्त गुर्जर, स्वर्णिम चतुर्वेदी, नवीन भवन निर्माण हेतु गठित समिति के सदस्य व विधायक रोहित बोहरा तथा प्रदेश कांग्रेस महासचिव रामसिंह कस्वां सहित प्रदेश पदाधिकारी व कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

# नेट थिएटर पर गूंजा ढूंढाड़ी नाटक 'चोखा की आस'



**जयपुर।** नेट थिएटर की ओर से रंगमंच प्रेमियों को एक भावनात्मक और संदेशप्रद प्रस्तुति का अनुभव मिला। नाद सोसायटी द्वारा प्रस्तुत और वरिष्ठ रंगकर्मी अनिल मारवाड़ी द्वारा लिखित एवं निर्देशित ढूंढाड़ी भाषा के नाटक 'चोखा की आस' का सफल मंचन किया गया। नाटक ने दर्शकों को हँसी, संवेदना और सीख से भरपूर एक ऐसी कथा से रूबरू कराया जिसमें भक्ति की शक्ति और लालच की विनाशक प्रवृत्ति को बारीकी से उकेरा गया। नेट थिएटर के राजेंद्र शर्मा 'राजू' ने जानकारी दी कि यह नाटक एक गांव के पंडित जी की कथा पर आधारित है, जो भजन गाने के शौक़ीन हैं। उनका यह शौक़ उनकी पत्नी को अखरता है क्योंकि वह मानती है कि भजन गाकर घर नहीं चलता। घरेलू कलह के चलते पंडित जी को घर से बाहर निकाल दिया जाता है। आत्महत्या के इरादे से निकले पंडित जी को जंगल में एक हंस मिलता है जो उनकी सच्ची भक्ति और सरलता से प्रभावित होकर उन्हें गुफा में ले जाता है जहां असंख्य धन-रत्न होते हैं। लेकिन पंडित जी सिर्फ 50 रुपये लेकर लौट आते हैं। जब उनकी पत्नी को इसकी जानकारी मिलती है, तो वह उन्हें दोबारा गुफा में भेजती है। इस बार जंगल में कौवा उन्हें चेतावनी देता है कि गुफा में शेर है, फिर भी लालचवश वह पंडित जी को भेज देती है, और वहां पंडित जी शेर का शिकार बन जाते हैं।

# सस्टेनेबल और ईको-फ्रेंडली वेडिंग ट्रेंड्स बन रहे नई पीढ़ी की पसंद : अरशद हुसैन

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**जयपुर।** राजस्थान की राजधानी जयपुर में इंटरनेशनल वेडिंग एंड टूरिज्म कॉन्क्लेव (आईडब्लूटीसी) 2025 का शानदार और भव्य शुभारंभ हुआ। फेडरेशन ऑफ राजस्थान इवेंट मैनेजर्स (फोरम) द्वारा होटल क्लार्क्स आमेर में आयोजित इस दो दिवसीय आयोजन में भारत और विदेशों से 500 से अधिक वेडिंग प्लानर, इवेंट एक्सपर्ट और हॉस्पिटैलिटी प्रोफेशनल्स शामिल हुए हैं। कॉन्क्लेव का विधिवत उद्घाटन होटल क्लार्क ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर, अपूर्व कुमार, फोरम के प्रेसिडेंट मोहित माहेश्वरी, इवेंट गुरु, अरशद हुसैन और जाने-माने इवेंट एक्सपर्ट, ऋतुराज खन्ना द्वारा किया गया। अपने उद्घाटन संबोधन में अरशद हुसैन ने कहा, ÷राजस्थान की अर्थव्यवस्था में वेडिंग टूरिज्म की बड़ी भूमिका है। राजस्थान की जीडीपी में टूरिज्म, विशेषकर वेडिंग टूरिज्म, का लगभग 12त्न योगदान है। ऐसे में इस क्षेत्र को सस्टेनेबल और इनोवेटिव बनाना समय की माँग है। नई पीढ़ी अब पर्यावरण के अनुकूल शादियों को प्राथमिकता दे रही है, और यही ट्रेंड आने वाले वर्षों में इंडस्ट्री की दिशा तय करेगा। इस वर्ष आईडब्लूटीसी का मुख्य फोकस सस्टेनेबल और ईको-फ्रेंडली इवेंट्स पर है। विशेषज्ञों ने बताया कि ग्रीन वेडिंग, प्लास्टिक-फ्री डेकोर, रीयूजेबल मटीरियल्स, स्थानीय कारीगरों का सहयोग, और वेस्ट मैनेजमेंट जैसे उपाय अब शादियों में आम होते जा रहे हैं। कॉन्क्लेव ने यह भी दिखाया कि कैसे पर्यावरण के अनुकूल सोच न केवल ज़रूरी है, बल्कि इससे वेडिंग इंडस्ट्री को वैश्विक मंच पर एक नई पहचान मिल सकती है। कॉन्क्लेव में छोटे शहरों और दूर-दराज़ स्थलों में शादियां पर एक विशष चर्चा करते हुए प्रेजिडेंट, तेलंगाना चैम्बर ऑफ़ इवेंट इंडस्टी, बलराम; प्रेसिडेंट, फोरम, मोहित माहेश्वरी; प्रेजिडेंट, वेस्टर्न महाराष्ट्र इवेंट फेडरेशन, श्यामा बसरानी; प्रेजिडेंट, सेंट्रल इंडिया इवेंट मैनेजर्स अस्सोसिएटिओ, निमेष पीटालिया; इवेंट मैनेजर्स असोसिएशनऑफ अजमेर के प्रेजिडेंट, अनिल भाटी ने कहा कि हाल के वर्षों में, कपल्स अब महानगरों से हटकर शांत, सांस्कृतिक और किफायती स्थानों को चुन रहे हैं जहाँ उन्हें एक निजी, सजीव और पारंपरिक अनुभव मिलता है। सोशल मीडिया और डेस्टिनेशन वेडिंग की बढ़ती लोकप्रियता ने इस ट्रेंड को और भी मजबूत किया है। छोटे शहरों में होने वाली शादियां अब सादगी और सांस्कृतिक सुंदरता की मिसाल बन रही हैं। आईडब्लूटीसी 2025 ने यह स्पष्ट कर दिया है कि राजस्थान न केवल एक ऐतिहासिक और भव्य डेस्टिनेशन है, बल्कि सस्टेनेबल, स्मार्ट और सांस्कृतिक रूप से समृद्ध वेडिंग्स का भविष्य भी यही है।

कॉन्क्लेव का विशेष आकर्षण रहा मिस राजस्थान की 40 मॉडल्स द्वारा फैशन शो जिसमें ब्राइडल, कॉकटेल और हल्दी-मेहंदी थीम्स पर आधारित राउंडस में मॉडल्स ने रैंप पर अपना जलवा बिखेरा। इस शो को योगेश मिश्रा और निमिषा मिश्रा द्वारा डायरेक्ट किया गया था और ये शो पारंपरिक राजस्थानी वैभव से लेकर आधुनिक ब्राइडल ट्रेंड्स तक का खूबसूरत संगम था।

# विद्यार्थियों का कराया विद्यारंभ संस्कार, बच्चों को मिली महापुरुषों की प्रेरक जीवनी



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**जयपुर।** शिक्षा के साथ विद्या का समन्वय स्थापित करने और भारतीय संस्कृति के मूल विद्यारंभ संस्कार को पुनर्स्थापित करने की दिशा में ठिकाना मंदिर श्री गोविंद देवजी की ओर से रविवार को रामगंज चौपड़ स्थित मुरली मनोहर जी मंदिर में पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं विद्यारंभ संस्कार महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन गायत्री शक्तिपीठ ब्रह्मपुरी के सह-व्यवस्थापक मणि शंकर पाटीदार के निर्देशन में गायत्री कचोलिया, गायत्री तोमर एवं डॉ. अजय भारद्वाज ने किया। उन्होंने वैदिक मंत्रों, प्रेरक गीतों और उद्बोधनों के साथ यज्ञ को विधिपूर्वक संपन्न कराया। गायत्री मंत्र, महामृत्युंजय मंत्र के साथ देवशयनी एकादशी के अवसर पर विशेष रूप से विष्णु गायत्री महामंत्र से आहुतियां प्रदान की गईं। कार्यक्रम की विशेष कड़ी के रूप में पहली बार विद्यालय जाने वाले बालकों के लिए निःशुल्क विद्यारंभ संस्कार कराया गया। बच्चों ने उत्साहपूर्वक मां सरस्वती का पूजन किया और लेखन का अभ्यास किया। इस अवसर पर उपस्थित श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर बच्चों के उज्वल भविष्य की मंगल कामना की। सभी बच्चों को गायत्री मंत्र लेखन पुस्तिका भी निःशुल्क भेंट की गई। भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारी दीपक नंदी ने बच्चों को प्रेरणा देते हुए ज्ञान प्रसाद स्वरूप पुस्तकें भेंट कर शुभकामनाएं दीं। भेंट की गई ज्यादातर पुस्तकें देश-दुनिया के उन महापुरुषों पर आधारित थीं, जिन्होंने अपने व्यक्तित्व से कुछ कर दिखाया और दूसरों के लिए प्रेरक बने। सभी बच्चों को पाठ्य पुस्तकों के साथ-साथ इन प्रेरक पुस्तकों का भी अध्ययन करने का संकल्प कराया गया। यज्ञ से पूर्व ठाकुर गोविंद देवजी, मुरली मनोहर जी, वेदमाता गायत्री एवं गुरु सत्ता का विधिपूर्वक पूजन किया गया। पंचकुंडीय गायत्री महायज्ञ की पूर्णाहुति के रूप में सभी लोगों ने अधिक से अधिक पौधे लगाने का संकल्प भी लिया। कार्यक्रम के अंत में पंडित रमेश शर्मा ने यज्ञ समापन पर सभी श्रद्धालुओं, अतिथियों एवं सहयोगियों का आभार प्रकट किया। उन्होंने यह भी घोषणा की कि प्रत्येक माह मंदिर में नियमित रूप से गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर गीता गायत्री मंदिर के पंडित राजकुमार चतुर्वेदी, महंत संजय गोस्वामी, मेहंदीपुर बालाजी मंदिर समिति के शिक्षा सचिव सुदीप तिवारी सहित अनेक गणमान्य नागरिक, अभिभावक एवं श्रद्धालुजन उपस्थित रहे।

# लंबे समय तक रहें स्वस्थ



**एसके मंगल**

अधिक आयु तक स्वस्थ और सक्रिय रहने के लिए कुछ फार्मूले और सुझाव हैं। नियमित व्यायाम करना और शारीरिक गतिविधियों में भाग लेना। स्वस्थ और संतुलित आहार लेना और पौष्टिक खाद्य पदार्थों का सेवन करना।पर्याप्त नींद लेना और आराम करना। तनाव को प्रबंधित करने के लिए ध्यान, योग और अन्य तकनीकों का उपयोग करना। सामाजिक संबंधों को बनाए रखना और परिवार और मित्रों के साथ समय बिताना। मानसिक गतिविधियों में भाग लेना और अपने ज्ञान को बढ़ाना। नियमित जांच करवाना और अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना। ये सुझाव आपको अधिक आयु तक स्वस्थ और सक्रिय रहने में मदद कर सकते हैं।हअधिक आयु तक स्वस्थ और सक्रिय रहने के लिए कुछ और उपाय हो सकते हैं। धूम्रपान व शराब का सेवन कम करना या छोड़ दें। मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना और तनाव को प्रबंधित करना। नियमित रूप से डॉक्टर की सलाह लेना। स्वास्थ्य का ध्यान रख सकते हैं। सकारात्मक दृष्टिकोण रखना व जीवन सकारात्मक रूप से देखना। आध्यात्मिकता और धार्मिक गतिविधियों में भाग लेना। प्रकृति के साथ जुड़ना और बाहरी गतिविधियों में भाग लेना। नई चीजें सीखना और अपने ज्ञान को बढ़ाना। ये आपको अधिक आयु तक स्वस्थ और सक्रिय रहने में मदद कर सकते हैं। स्वस्थ जीवनशैली अपनाना महत्वपूर्ण है। कुछ सुझाव हैं जो आयु और जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाने में मदद कर सकते हैं। फल, सब्जी, साबुत अनाज, प्रोटीन और स्वस्थ वसा से भरपूर संतुलित आहार लें। प्रोसेस्ड फूड, चीनी और ट्रांस फैट का सेवन कम करें। पर्याप्त पानी पीएं ताकि शरीर हाइड्रेटेड रहे। सप्ताह में कम से कम 150 मिनट मध्यम-तीव्रता वाला व्यायाम करें, जैसे तेज चलना, योग, या साइकिलिंग। 7-9 घंटे की अच्छी नींद लें। नींद शरीर रिकवर करने में मदद करती है। ध्यान, योग, गहरी साँस लेने की तकनीक या समय प्रबंधन से तनाव को नियंत्रित करें। सकारात्मक सोच और सामाजिक रिश्तों को मजबूत करें। नशीली दवाओं से दूरी बनाए रखें। नियमित रूप से डॉक्टर से मिलें। परिवार और दोस्तों के साथ समय बिताएँ। कोई नया शौक या कौशल, जो दिमाग को सक्रिय रखे।

## उपनिदेशकपशु चिकित्सालय के प्रांगण में पालतू कुत्तों के लिए निशुल्क रेबीज के टीके लगाने का शिविर आयोजित



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बूंदी ।** पशुपालन विभाग एवं इंडियन इम्यूनोलॉजिकल्स लिमिटेड के संयुक्त तत्वाधान में वर्ल्ड जूनोसिस डे 6 जुलाईको आयोजित शिविर में पालतू कुत्तों के रेबीज टीके निशुल्क लगाए गए । जिला पशु क्रूरतानिवारण समिति कोषाध्यक्ष पुरुषोत्तम पारीक ने बताया की संयुक्त निदेशक पशुपालन व सचिव जिला पशु क्रूरता निवारण समिति डॉ रामलाल मीणा की पहल पर स्थानीय कार्यालय उपनिदेशकपशु चिकित्सालय के प्रांगण में पालतू कुत्तों के लिए निशुल्क रेबीज के टीके लगाने का शिविर आयोजित हुआ जिसमें 130पालतू कुत्तों को निशुल्क रेबीज का टीका लगाया गया तथा वर्ल्ड जूनोसिस डे के अवसर पर पालतू कुत्तों के मालिकों के साथ सीधा संवाद किया और उन्हें पालतू जानवरों के संपर्क में आने वाली बीमारी रेबीज के दुष्प्रभावों से अवगत कराया तथा इनकी सार संभाल को लेकर भी डॉक्टर भंवर लाल मीणा, डॉक्टर नीलकमल सक्सेना, डॉ मुकेश मीणा, कंपनी के जोनल सेल्स मैनेजर मुरली मनोहर, प्रतिनिधि दीपक राठौड़ ने विस्तार से जानकारियां दी, सुझाव दिए, रखरखाव के तरीके बताएं एवं बचाव के लिए आवश्यक उपाय बताएं शिविर में 130पालतू कुत्तों का पशु निरीक्षक गणेश वर्मा, केवल सेनी ने टीकाकरण कर उपचार भी किया ।

गोष्ठी संयुक्त निदेशक पशुपालन डॉ रामलाल मीणा ने संबोधित करते हुए राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही पशुपालकों के लिए योजनाओं पर भी प्रकाश डाला और पशुपालकों से अनुरोध किया की राज्य सरकार द्वारा गोवंश के लिए चलाई जा रही बहु आयामी योजनाओं का लाभ लेवे एवं समय-समय पर जानवरों के स्वास्थ्य के संदर्भ में भी सतर्क रहें ।

## आध्यात्मिक ज्ञान के अभाव में परमात्मा के विधान से अपरिचित होने के कारण यह प्राणी इस दुःखो के घर संसार में महान कष्ट झेल रहा है



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बूंदी/ कोटा ।** आध्यात्मिक सत्संग क्यों जरूरी है वर्तमान समय में कोटा कान्हा मैरिज गार्डन झालावाड़ रोड कोटा में विशाल सत्संग का आयोजन इस रविवार को शांति पूर्वक संपन्न हुआ जिसमें संत रामपाल महाराज के प्रवचन का सीधा प्रसारण को देखने व सुनने को मिला और बड़ी संख्या में सुल्तानपुर कस्बे के आस पास क्षेत्र के श्रद्धालु पहुंचे। सत्संग समागम में आध्यात्मिक ज्ञान के अभाव में परमात्मा के विधान से अपरिचित होने के कारण यह प्राणी इस दुःखो के घर संसार में महान कष्ट झेल रहा है और संत रामपाल महाराज ने अपने प्रवचनों में बताया कि सुमरण की महिमा बताते हुए कहा कि गुरु से प्राप्त दीक्षा को अपने मन, कर्म, वचन से धारण करना चाहिए। साथ ही बताया कि साधक को नम्रता, शील, संतोष, विवेक, क्षमा, दयावान, निष्ठावान व गुरु का आज्ञाकारी होना चाहिए कार्यक्रम में उपस्थित सेवादार रोहित दास ने बताया कि सत्संग से प्रेरित होकर कई लोगों ने सद्भक्ति करने की शपथ लेते हुए नशे से दूर रहने का संकल्प लिया। साथ ही अन्य लोगों को भी नशे की लत से दर रहने के लिए प्रेरित करने का आह्वान किया । समाज में फैली कुरीतियां जैसे पाखंडवाद, रूढ़िवादी परंपराएं, नशा खोरी, रिश्वत खोरी, चरम पर है जगह जगह भ्रष्टाचार हो रहा है। दहेज के लिए बेटियों को प्रताड़ित किया जा रहा है। संत रामपाल महाराज ने समाज में फैली सारी बुराइयों को समाप्त कर सत भक्ति प्रदान करने, दहेज मुक्त भारत बनाने, का प्रण लिया है ताकि समाज से सभी प्रकार की बुराइयां खत्म हो सके ।

## हेल्प सेवा संस्था जरखोदा ने जरूरतमंद विद्यालयों व विद्यार्थियों को वितरित की शिक्षण सामग्री



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बूंदी ।** हेल्प सेवा संस्था जरखोदा ने एक रूपया रोज व भामाशाहो के सहयोग से जरूरतमंद विद्यालयों व विद्यार्थियों को शिक्षण सामग्री वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया । कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी ओमप्रकाश गोस्वामी , अध्यक्षता दिनेश श्रीवास्तव पूर्व अधीक्षण अभियंता सीएडी कोटा विशिष्ट अतिथि चन्द्रप्रकाश राठौर अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी , डॉक्टर मोहन लाल वर्मा पूर्व ब्लॉक मुख्य चिकित्सा अधिकारी , राकेश मेवाडा भामाशाह मंचासीन रहे । कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती को माल्यार्पण कर की गई । इस कार्यक्रम में संस्था व भामाशाह द्वारा गोद लिए गए विद्यालय रा.प्रा.वि. नदीपार मण्डावरी , रा.प्रा.वि. भीलों का टपरा , रा.प्रा.वि. छतरी खेडा (भोपतपुरा ) बिजौलिया , के सभी विद्यार्थियो के लिए तथा रा.प्रा.वि. छतरी खेडा , बिजौलिया के 11 जरूरतमंद विद्यार्थियों के पूरे सत्र की शिक्षण सामग्री कोपियां , बैग , पेन्सिल , रबर , शोपनर , आल इन वन पुस्तिका , कलर बुक , कलर सेट , परकार , डी , स्केल सामग्री का वितरण किया गया।

इसके अलावा रा.प्रा.वि. भीलों का झौपडा के 24 विद्यार्थियों , रा.प्रा.वि. गुमानपुरा कांटा के 26 विद्यार्थियों , रा.प्रा.वि. रघुनाथपुरा का बरडा के 25 विद्यार्थियों तथा रा.उ.प्रा. संस्कृत वि. के 10 जरूरतमंद विद्यार्थियों को भी शिक्षण सामग्री किट वितरित किए गए । संस्था ने उच्च कक्षाओ के 12 जरूरतमंद विद्यार्थियों को पूरे सत्र के लिए 13 रजिस्टर, 34 पेन, 10 पेन्सिल, 5 शोपनर, स्केल, ज्योमेट्री बॉक्स, बैग, डॉक्युमेंट चैन बैग, पानी की बोतल , विद्यालय गणवेश का कपड़ा इत्यादि सामग्री का वितरण किया गया । भामाशाह के सहयोग से 12 बच्चों को छतरियां 24 बच्चों को चप्पले वितरित की गई (कार्यक्रम में आए लोगों को संस्था ने 50 पौधे भी वितरित किए । संस्था के सदस्यों ने बताया कि लोगों से प्राप्त एक रूपया रोज का सहयोग से जरूरतमंद , अनाथ बच्चों को शिक्षण सामग्री वितरण का लगातार प्रयास कर रही है।

# चातुर्मास की हुई आर्यिका संघ की आगवानी, मंगल प्रवेश में उमड़े समाजबंधु

### गर्भसभा में आर्यिका संघ ने चातुर्मास की प्रक्रिया पर डाला प्रकाश



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बूंदी ।** आर्यिका गणिनी सत्यमती माताजी व सेवा श्रमणी आर्यिका हेमश्री माताजी का चातुर्मास का मंगल प्रवेश रविवार को चौगान जैन मंदिर में हुआ। समाजबंधु ने आर्यिका संघ की आगवानी में पलक पांवड़े बिछा दिए। मंगल प्रवेश का जुलूस देवपुरा से सर्किट हाउस तिराहा, तीन बत्ती तिराहा,अहिंसा सर्किल,इंदिरा मार्केट नागर सागर कुंड होते हुए चौगान जैन मंदिर में मंगल प्रवेश हुआ । जुलूस में महिलाएं सजी-धजी लाल चुनरी व वह पुरुषों ने सफेद वस्त्र पहन रखे थे। महिलाओं ने सिर पर कलश और हाथों में ध्वजा पताका लेकर चल रही थीं। मार्ग में जगह-जगह आर्यिका संघ का समाज के लोगों ने पाद प्रक्षालन और आरती कर अभिनंदन किया। इंदिरा मार्केट में सभापति सरोज अग्रवाल और सुरेश अग्रवाल ने माता जी का पादप्रक्षालन किया । जुलूस में मुख्य आकर्षण का केंद्र महिलाओं का राजुल जय घोष बैंड रहा। महिलाएं सिर पर कलश लेकर चली। महिलाएं पुरुष भजनों की धुन पर नृत्य करते हुए चल रहे थे । संघ का चौगान गेट जैन मंदिर पहुंचने पर 51 कलशो से पाद प्रक्षालन किया गया । चातुर्मास संयोजक दीपक गंगवाल,उप संयोजक छुट्टन बाकलीवाल,कोषाध्यक्ष संजय पाटनी,समाज अध्यक्ष संतोष पाटनी व मंत्री योगेंद्र कासलीवाल सहित समाज बंधु ने संघ की आगवानी की। यहां चौगान जैन मंदिर पहुंचने पर धर्मसभा हुई। इससे पूर्व शिबू टीम ने स्वागत नृत्य किया। पाठशाला की बच्चियों ने मंगलाचरण किया । शोभायात्रा मार्ग में जगह-जगह तोरण द्वार बनाए गए। चौगान जैन मंदिर पहुंचने पर शोभायात्रा धर्मसभा में परिवर्तित हुई। आर्यिका सत्यमती माताजी ने चातुर्मास के कार्यों पर प्रकाश डाला।चातुर्मास मीडिया प्रभारी अभिषेक जैन व गुंजन जैन ने बताया कि माता जी के पाद पक्षालन करने का सौभाग्य नरेश कुमार गंगवाल परिवार व शास्त्र भेंट करने का सौभाग्य संतोष कुमार सरोज पाटनी परिवार को मिला ।

इस दौरान दिलीप बाकलीवाल, सुनील बाकलीवाल, ललित गंगवाल,विनोद बड़ा बोहरा ,सुरेंद्र छाबड़ा, पारस पाटनी,अरुण जैन, नरेंद्र अजमेरा , ओमप्रकाश बड़जातिया, लोकेश गोधा, नरेश गंगवाल ,रमेश पाटौदी ,रविंद्र काला, पदम कासलीवाल, पदम सेठिया, प्रदुमन पाटनी , दिनेश पाटनी , नवीन गंगवाल , महावीर गोधा , चंदेश छाबड़ा, एकता कासलीवाल, अंजना जैन ,रंजना पाटनी, मुकेश बाकलीवाल , अनिला पाटनी, सुमन कासलीवाल, सुनीता अजमेरा , दीक्षिता जैन , एकता पापड़ीवाल, सरोज पाटनी , सुनीता गोधा , सहित समाज के लोग मौजूद रहे ।

### डॉक्टर मुखर्जी को श्रद्धा भाव से किया याद

## नया भारत घर में घुसकर आतंक का सफाया करता है- विधायक बैरवा

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**बारां ।** केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान व प्रदेश नेतृत्व के निर्देश अनुसार भारतीय जनता पार्टी बारां शहर मंडल की बैठक तेल फैक्ट्री क्षेत्र में स्थित जानकी फोर्ट मैरिज गार्डन में संपन्न हुई समारोह के मुख्य वक्ता भाजपा नेता मजिद मलिक कमांडो ने जनसंघ के संस्थापक सदस्य डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती पर उन्हें याद करते हुए कहा कि उनका जन्म कोलकाता में 6 जुलाई 1901 में हुआ उनके पिता उच्च न्यायालय में न्यायाधीश थे 1924 में अपनी एलएलबी की पढ़ाई पूरी कर वकालत करने लगे और 33 वर्ष की अल्प आयु में कोलकाता विश्वविद्यालय के कुलपति बने उन्होंने 21 अक्टूबर 1951 को भारतीय जन संघ की स्थापना की वही एक देश दो विधान के खिलाफ लड़ते हुए कश्मीर के लिए अपना बलिदान दिया समारोह में मुख्य अतिथि विधायक राधेश्याम बेरवा ने संकल्प से सिद्धि पर अपने विचार व्यक्त करते हुए केंद्र सरकार की 11 वर्षों की उपलब्धियां को गिनाते हुए कहा कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के जरिए पाकिस्तान के आतंकी ठिकान और एयरबेस को ध्वस्त कर पूरे विश्व में यह संदेश दिया कि आतंक, पानी और व्यापार एक साथ नहीं चल सकते खून और पानी एक साथ नहीं बह सकते हैं मोदी सरकार ने सर्वप्रथम अपने आप को सुरक्षित करने के लिए सीमाओं को सुरक्षित किया भारत का रक्षा निर्यात 34 गुना बढ़कर 23622 करोड़ तक पहुंचा यह मोदी जी की रणनीतिक दूरदर्शिता और कूटनीति का नतीजा है बैरवा ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री जनधन योजना के तहत 55.22 करोड़ बैंक खाता खोले गए और देश की आम जनता को बैंकिंग सिस्टम से जोड़ा गया देश में प्रतिदिन 24 किलोमीटर हाईवे के निर्माण हो रहे हैं रेलवे का 9 गुना बजट बढ़ाया गया है 136 वंदे भारत ट्रेन चल रही है 103 अमृत भारत रेलवे स्टेशन पुनर्निर्मित किए गए हैं वहीं सरकार की उपलब्धियो पर बात करते हुए बैरवा ने किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना, गरीब कल्याण योजना अन्न योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत अभियान ऐसी कई जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में अपने विचार साझा किऐ इस दौरान पूर्व जिला अध्यक्ष नंदलाल सुमन एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रेम नारायण सोनी ने भी अपने विचार व्यक्त किया कार्यक्रम की शुरुआत डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण और दीपदान से हुई वहीं विधायक राधेश्याम बेरवा शहर अध्यक्ष ओ पी पारेता वरिष्ठ नेता प्रेम नारायण सोनी पूर्व जिलाध्यक्ष नंदलाल सुमन भाजपा नेता मजिद मलिक कमांडो नेता प्रतिपक्ष दिलीप शाक्यवाल आदि नेता मंचासीन रहे भाजपा जिला प्रवक्ता सचिन सनाढ्य व सह प्रवक्ता योगेश राजोरा ने बताया की कार्यक्रम का संचालन योगेश गोड ने किया इस अवसर पर भाजपा जिला पदाधिकारी, शहर पदाधिकारी, पार्षद व भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

## श्यामप्रशाद मुखर्जी का जन्म जयंती समारोह, रविवार को शक्ति केंद्रों पर मनाया



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बूंदी ।** श्यामप्रशाद मुखर्जी का जन्मजयंती समारोह रविवार को शक्ति केंद्रों पर मनाया गया। बूथ संख्या 23से 40 व 44 से 46 तक कर समस्त बूथ अध्यक्ष व शक्ति केंद्र प्रभारी सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।मुख्य वक्ता के रूप में पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेश अग्रवाल वक्ता के रूप में भगवान लाडला ने संबोधित किया।संबोधन में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन परिचय सहित उनके किये कार्यों को बताया उनके त्याग पूर्ण जीवन व जनसंघ की स्थापना से लेकर कश्मीर को लेकर उनके विचारों की विवेचना की गई। व के हर कार्यकर्ता को उनकी जीवनी से प्रेरणा लेकर अपने देश,धर्म के प्रति लोगो मे सच्ची सद्भावना कैसे स्थापित हो इसकी विस्तार से चर्चा की गई ।

मीडिया प्रभारी अभिषेक जैन ने बताया कि इस मौके पर सभापति सरोज अग्रवाल,शहर अध्यक्ष राजकुमार सृंगी,भाजपा नेता व शक्ति केंद्र संयोजक अशोक जैन,संजय लाठी पूर्व पार्षद राजेश शेरगड़िया,पेंशु सिंह,विक्रम सिंह मनीष सिसोदिया,नवीन सिंह राजेश खोईवाल,गणेश सोनी,अनिल मराठा,गजेंद्र सिंह रामजी टेलर,राजेन्द्र सिंह ,मुकेश सोमानी,महावीर सलिवाल,पदम जेन,गोविंद शर्मा,पवन सोनी,नाथूं लाल सोनी,विकास खत्री,पं आत्माराम देवेंद्र सिंह, चोथमल सोनी आदि सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित रहे ।

## भाजपा बारां देहात मंडल ने डॉ मुखर्जी को श्रद्धा सुमन अर्पित कर मनाई जन्मजयन्ती



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बारां ।** भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय नेतृत्व के आह्वान व प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती पर सम्पन्न हुई बैठक मे अध्यक्ष अमरदीप सिंह केदाहेड़ी की अध्यक्षता व जिला उपाध्यक्ष पूर्व प्रधान मनोज चौधरी मुख्य वक्ता रहे वही बारां प्रधान मोरपाल सुमन एवं भाजपा नेता बलराम मेहता विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे ।

भाजपा जिला प्रवक्ता सचिन सनाढ्य व सह प्रवक्ता योगेश राजोरा ने मीडिया को जानकारी देते हुए बताया की देहात मंडल की बैठक ग्राम फतेहपुर में आहूत की गई मुख्य वक्ता भाजपा जिला उपाध्यक्ष मनोज चौधरी ने डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मुखर्जी ने जो बीज जनसंघ के रूप में बोया था आज वह वट वृक्ष बनकर तैयार हो गया है मुखर्जी जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 35ए व धारा 370 के खिलाफ थे उनका नारा था एक देश दो विधान नहीं चलेंगे इसी की खिलाफत करते हुए उन्होंने कश्मीर में ऐसे समय में प्रवेश किया जब वँहा परमिट लेकर जाना पड़ता था बिना परमिट के लाल चौक तक गए और वहां उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया फिर रहस्यमय तरीके से उनकी मृत्यु हो गई आज केंद्र की मोदी सरकार ने धारा 370 को हटाकर डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की है ।

# जल शक्ति अभियान 2025 के अंतर्गत जिले में केंद्रीय अधिकारियों द्वारा किए गए कार्यों का निरीक्षण

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**बारां।** जिले में जल संरक्षण को लेकर चल रहे जल शक्ति अभियान 2025 के अंतर्गत रविवार को केंद्रीय नोडल अधिकारी विनम्र मिश्रा, निदेशक एमएसएमई, एवं रेणुका मेहर, भूजल विभाग द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में किए गए कार्यों का निरीक्षण किया गया। इस निरीक्षण का उद्देश्य विभिन्न विभागों द्वारा जल संरक्षण, संवर्धन और पर्यावरणीय सुधार हेतु किए गए प्रयासों का जायजा लेना और जमीनी हकीकत से अवगत होना था ।

निरीक्षण की शुरुआत ग्राम पंचायत फतेहपुर से हुई, जहां स्वयं सहायता समूह द्वारा संचालित सेनेटरी पैड निर्माण मशीन का अवलोकन किया गया। उन्होंने कहा प्रयास महिला सशक्तिकरण और स्वास्थ्य जागरूकता की दिशा में महत्वपूर्ण है । इसके पश्चात ग्राम पंचायत संबलपुर में पंचायती राज विभाग द्वारा तालाब के रिनोवेशन कार्य और रिचार्ज शाफ्ट का निरीक्षण किया गया, जिससे वर्षा जल संचयन और भूजल स्तर सुधार की दिशा में प्रभावी कार्य हो रहे हैं ।ग्राम संबलपुर में अटल भूजल योजना के अंतर्गत जलग्रहण विकास विभाग द्वारा बनाए गए एनीकट का निरीक्षण किया गया, जिसे सिंचाई एवं भूजल पुनर्भरण के लिए लाभकारी बताया। वहीं ग्राम कुंडी में चारागाह विकास कार्य को देखकर अधिकारियों ने सराहना की, जिससे पशुपालन और हरित क्षेत्र का विस्तार संभव हो रहा है। ग्राम पंचायत नारगढ़ में उद्यान विभाग द्वारा निर्मित पॉलीहाउस का अवलोकन किया गया, उन्होंने कहा ग्रामीण बागवानी को वैज्ञानिक दृष्टिकोण से आगे बढ़ाने में सहायक है । इसके अतिरिक्त जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा जल जीवन मिशन के तहत संचालित घर-घर जलापूर्ति योजनाओं और कृषि विभाग द्वारा अनुदान पर वितरित पाइपलाइन व्यवस्था का भी निरीक्षण किया गया। इन कार्यों से ग्रामीण जीवन में जल सुविधा की गुणवत्ता में सुधार हुआ है। अंत में ग्राम पंचायत भंवरगढ़ में वन विभाग द्वारा संचालित नर्सरी का निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के दौरान अधीक्षण अभियंता मनोज कुमार पुरस्वानी, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधीक्षण अभियंता आलोक गुप्ता, कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक धनराज मीणा, उद्यान विभाग के उप निदेशक तथा वन विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। निरीक्षण टीम ने सभी कार्यों की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया ।

## दूषित पानी पीने को मजबूर शहर वासी, जलदाय विभाग शहर में स्वच्छ पानी की सप्लाई को करे सुचारू- राजेश खोईवाल

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस



**बूंदी ।** मानव सेवा समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश खोईवाल ने बताया कि शहर में शुरुआती मानसून के दौर शुरू होते ही स्वच्छ पानी की व्यवस्था नहीं हो पा रही है। लगभग शहर के सभी वार्डों में दूषित पानी की सप्लाई हो रही है जिससे शहर वासियों को दूषित पानी पीने को मजबूर होना पड़ रहा है ।

अगर इसी प्रकार दूषित पानी की सप्लाई होती रही तो शहर वासियों को कई प्रकार की बीमारियां का शिकार होना पड़ सकता है। अगर जल्दी ही शहर में स्वच्छ पीने योग्य पानी की सप्लाई शुरू नहीं की गई तो मानव सेवा समिति के कार्यकर्ता शहर वासियों को साथ लेकर आंदोलन करने पर मजबूर होंगे। जिसकी समस्त जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी ।

## 62 वें शंभूकारा 72 घंटे के अखंड कीर्तन का विधि विधान पूजा अर्चना के साथ हुआ शुभारंभ



### तीन दिन तक अखंड रूप से चलेगा शंभूकारा का जाप

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बूंदी ।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी विश्व कल्याण व वैश्विक शांति के साथ अच्छी वर्षा की कामना के लिए शंभू ओमकारा अविनाशी गंगाधर कैलाशी 62 वें 72 घंटे के अखंड कीर्तन का शुभारंभ शनिवार रात्रि 10 बजे लंका गेट स्थित बैजनाथ महादेव मंदिर में विधि-विधान पूजा अर्चना के साथ हुआ। शिव कीर्तन मंडल के संरक्षक शोभाराम गुलाबवानी ने विधि विधान पूजा अर्चना के साथ अखंड कीर्तन का शुभारंभ कराया । शिव कीर्तन मंडल के अध्यक्ष सत्यनारायण सोमानी ने बताया की विश्व कल्याण व वैश्विक शांति के साथ अच्छी वर्षा की कामना के लिए वैधनाथ महादेव पर 72 घंटे के अखंड कीर्तन 'शंभू ओंकारा अविनाशी गंगाधर कैलाशी' का आयोजन विगत 61 वर्षों से चला आ रहा है। इसी क्रम में शिव कीर्तन मंडल के तत्वाधान में 62 वें शंभू ओमकारा अविनाशी गंगाधर कैलाश अखंड कीर्तन का शुभारंभ शनिवार रात 10 बजे विधि विधान पूजा अर्चना के साथ किया गया। जिसकी पूर्णाहुति 8 जुलाई मंगलवार रात्रि 10 बजे महाआरती के साथ होगी। अखंड कीर्तन के लिए मंदिर को विद्युत सज्जा व फूलमाला आदि से सजाया गया तो वहीं वैद्यनाथ महादेव का आकर्षक श्रृंगार किया गया । सोमानी ने बताया कि शिव कीर्तन मंडल के संरक्षक शोभाराम गुलाबवानी सूरत से अखंड कीर्तन हेतु पधारें है जिन्होंने मंडली के साथ अखंड कीर्तन में हिस्सा लिया। उन्होंने बताया कि सूरत से बड़ी संख्या में व्यापारी भी बूंदी पहुंचकर इस अखंड कीर्तन में हिस्सा लेते हैं। तीन दिवस तक अखंड रूप से शंभू ओमकारा का जाप किया जाएगा। इस दौरान शहर का माहौल भी भक्ति में हो गया। इस अवसर पर सिंधी समाज के अध्यक्ष मांगू मल डॉक्टर टी सी महावर,लंका गेट व्यापार मंडल के अध्यक्ष कालू कटरा,पूर्व उपसभापति सन्तोष कटारा सहित शिव कीर्तन मंडल एवं शिव महिला मंडल के महिला पुरुष व शहर के धर्म प्रेमी लोग मौजूद रही।

## आरजीएचएस योजना में की जा रही कटौतियों के विरोध में 9 जुलाई को जिला स्तरीय प्रदर्शन



हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बूंदी ।** अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ के प्रांतीय आह्वान पर कर्मचारियों की ओर से 11 सूत्री मांग पत्र के समाधान के लिए एवं आरजीएचएस योजना में की जा रही कटौतियों के विरोध में 9 जुलाई को जिला स्तरीय प्रदर्शन कर ज्ञापन प्रेषित किया जाएगा। कर्मचारी अपराह तीन बजे बून्दी बस स्टेण्ड, वैष्णव देवी माता के मन्दिर के पास एकत्रित होंगे। यहां से जिला कलक्ट्रेट पहुंचकर प्रदर्शन करेंगे और जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपेंगे। इस संबंध में अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ जिलाध्यक्ष सत्यवान शर्मा की अध्यक्षता में कर्मचारियों की बैठक आयोजित -की गई। महासंघ के जिला मंत्री गोपाल लाल वर्मा ने बताया कि अखिल भारतीय राज्य सरकारी कर्मचारी महासंघ का 9 जुलाई को राष्ट्रीय मांग पत्र पर राष्ट्रव्यापी धरना-प्रदर्शन, हड़ताल प्रस्तावित है ।

इसके साथ ही अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी संयुक्त महासंघ का मांग पत्र भी सरकार के स्तर पर - लम्बित है लेकिन शासन एवं सरकार की ओर से महासंघ के मांग पत्र की लगातार उपेक्षा की जा रही है। इसके अतिरिक्त प्रदेश के कर्मचारियों के स्वास्थ्य सम्बन्धी अधिकारों की सुरक्षा की महत्वपूर्ण योजना आरजीएचएस में भी लगातार कटौतियां की जा रही है। आरजीएचएस योजना के मूलस्वरूप में बहुत अधिक परिवर्तन करते हुए प्रदेश के सेवारत एवं सेवानिवृत कर्मचारियों/अधिकारियों को चिकित्सा सुविधाओं से वंचित किया जा रहा है। इससे प्रदेश के कर्मचारियों में शासन एवं सरकार के प्रति आक्रोश व्याप्त है। महासंघ की ओर से सरकार की संवदेनहीनता एवं संवादहीनता के विरोध में चरणबद्ध तरीके से विरोध दर्ज कराने का निर्णय लिया गया है। प्रथम चरण में तीन जुलाई को महासंघ की प्रांतीय कार्यकारिणी की ओर से मुख्य सचिव, राजस्थान सरकार को मांग-पत्र एवं आरजीएचएस योजना में की जा रही कटौतियों के विरोध में ज्ञापन प्रेषित किया गया। द्वितीय चरण में प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर महासंघ के जिलाध्यक्षों के नेतृत्व में 9 जुलाई की अपराह्न 3 बजे धरना-प्रदर्शन करते हुए जिला कलक्टर के माध्यम से मुख्य सचिव को ज्ञापन प्रेषित किया जावेगा ।

आज आयोजित बैठक में सभी सम्बद्ध घटक संगठनों के जिलाध्यक्ष / मंत्री एवं पदाधिकारीगण जिसमें मुख्य रूप से अखिल राजस्थान राज्य कर्मचारी जिसमें संयुक्त महासंघ के मुख्य संरक्षक पुरुषोत्तम पारीक, राजस्थान आयुर्वेद परिचारक संघ से जिलाध्यक्ष हीरालाल सैनी, राजस्थान पंचायती राज एवं माध्य. शिक्षा संघ से जिलाध्यक्ष गोपाल मीणा, विरेन्द्र कुमार मीणा, रमेश कुमार शर्मा,, राजस्थान अधीनस्थ कर्मचारी संघ (आर्थिक एवं सांख्यिकी) से महेश वर्मा, राजस्थान पंचायती राज अतिरिक्त एवं सहायक विकास अधिकारी संघ से जिलाध्यक्ष राजेश कुमार गौत्तम, महासंघ जिला मंत्री गोपाल लाल वर्मा, संतोष गोपाल ।


» धौलपुर.. मुहर्रम की दसवीं पर हनुमान तिराहे से निकलते ताजिये

# जिलेभर में मातमी धुनों के साथ निकले ताजिये

## जगह - जगह शरबत की छवी व लंगर बांटा, युवाओं ने तलवारबाजी, बरेठी, लाठी चला विभिन्न कलाओ का जमकर प्रदर्शन किया

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** मुहर्रम की दसवीं पर मातमी धुनों के साथ कर्बला में ताजिये सुपुर्द ए खाक किय गए।

जहां सुबह से ताजियों का जुलूस निकलना शुरू हुआ व जुलूस अलग-अलग क्षेत्रों के अनुसार निकाले गये। ताजियों के जुलूस के साथ बैंड चल रहे थे। जुलूस के दौरान पुलिस की माकूल व्यवस्था की गई थी तथा चप्पे चप्पे पर पुलिस बल तैनात था।

ताजियों का निकलना सुबह से प्रारम्भ हो गया था जो देर शाम तक सिलसिला चलता रहा। सुबह ताजियों का जुलूस बजरिया से प्रारंभ हुआ जो नृसिंह रोड, सब्जी मंडी, मारकण्डेश्वर मंदिर, हनुमान तिराहा पहुंचा। इसके बाद ताजियों का जुलूस मोदी तिराहा, तलैया रोड, घंटाघर रोड, तलैया क्षेत्र, हाथीवान मोहल्ला, मोदी तिराहा और सिटी जुबली हॉल से होता हुआ करबला पहुंचे। दोपहर बाद पटपरा एवं कोटला क्षेत्र के पटपरा रोड होते हुये करबला पहुंचे। जहां ताजियों को सुपुर्द-ए-खाक करने की रश्म अदा की गई। शाम को पुराने शहर क्षेत्र के ताजियों का जुलूस निकलना प्रारम्भ हुआ जो देर शाम तक चला। ताजियों को देखने के लिये महिलायें, पुरुष एवं बच्चें शामिल हुए। इस दौरान मुस्लिम समाज के लोगों द्वारा रोजे रखे गये व रास्ते में जगह - जगह शरबत की छवी व लंगर बांटा गया।

### 18 चौकियों के ताजिए पहुंचे कर्बला मैदान

मोहर्रम माह की 9 वीं तारीख शनिवार की रात शहर की 18 चौकियों पर युवाओ के प्रदर्शन के बीच ताजियों को चौकियों पर मुकाम दिया गया। इस दौरान मन्नत मांगी गई और तबर्रुक का वितरण किया गया। वहीं रविवार की सुबह शिया समुदाय द्वारा अपने ताजियों को तुलसीवन रोड स्थित इमामबाड़ा पर ले जाकर गमगीन माहौल में सुपुर्दे-खाक किया गया। इस दौरान युवाओ ने तलवारबाजी, बरेठी, लाठी चलाना सहित अखाड़े से जुड़ी विभिन्न कलाओ का जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान किले के स्टेट समय के सरकारी ताजिये को देखने के लिए भीड़ उमड़ पड़ी। वही शहर में 18 चौकियों पर ताजिये रखे गये। आकर्षक सजावट के साथ शाम को बैठाए गए ताजियों पर लोगो ने माला पहनाई और तबर्रुक बांटकर मन्नतें माँगी। मुकाम पर पहुंचे ताजियो के समक्ष लोगो ने जियारत की ओर भोग प्रसादी भी लगाई। रविवार को दिन में नमाज के बाद सभी चौकियों से ताजिया उठाए गए और ढोल-नगाड़ो की मातमी धुनों के बीच शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए बसेड़ी रोड स्थित कर्बला मैदान ले जाकर सुपुर्दे-खाक किया गया।

### शिया समुदाय ने अल सुबह किया ताजियों को सुपुर्द-ए-खाक

रविवार को मोहर्रम की दसवीं पर सुबह सवेरे ही शिया समुदाय द्वारा ताजियों को सुपर्दे खाक किया गया। अंजुमन कमेटी के संरक्षक छुट्टन रिजवी ने बताया की ताजियों का जुलुस अलसुबह निकाला गया। शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए तुलसीवन रोड इमामबाड़ा पर सुपुर्द-ए-खाक किया गया।

राजाखेड़ा कस्बे में मोहर्रम के चांद की दसवें दिन की शाम को जियारत के लिए ताजियों का जुलूस ढोल और तासों की धुन के साथ निकाला गया। जुलूस हाट मैदान से मनोरमा की कोठी होकर मैन बाजार मार्ग से होते हुए गांधी चबूतरा से रामखिलाड़ी चौराहा, हाटमैदान से महते की धाम कर्बला पहुंचे। जहां ताजियों को सुपुर्द-ए-खाक किया गया। शाम को मोहर्रम जुलूस के समय ताजियों के इबादत का दौर चला। अकीदतमंदों और मुस्लिम समुदाय सहित अन्य लोगों ने ताजियों पर सुगंधित अगरबत्ती लगाकर तब्बररूक (प्रसाद) के रूप में सिरनी चढ़ाई और मन्नत मांगी। मोहर्रम के दसवें दिन मुस्लिम समुदाय के लोगों ने आशुरा का रोजा रख नवाफिल पढ़े। ढोल तासों के साथ जुलूस निकाला गया। जगह-जगह बाजार में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने ताजियों के सामने इबादत की और ताजिया के नीचे से निकल करके मन्नत भी मांगी। मीठे, नमकीन चावल, खीर, फल अन्य खाने पीने का सामान वितरण किया गया। जुलूस के दौरान जगह-जगह बाजार में पानी के प्याऊ लगाए गए। बाजार में मुस्लिम समाज ने जुलूस ताजियों के निकलने के बाद कर्बलाओं में जाकर ठंडे हुए।


» धौलपुर.. धूलकोट रोड से निकलते ताजिये


» राजाखेड़ा.. मुख्य बाजार से निकलते ताजिये

### अखाड़े में कलाकारों ने दिखाई अपनी कला

मोहर्रम को लेकर अफसर पठान ने बताया कि जुलुस में जगह-जगह पर अखाड़े के खिलाडियों ने अपने करतब दिखाकर लोगों को रोमांचित कर दिया। वहीं इस दौरान साम्प्रदायिक सौहार्द भी जमकर देखने को मिला। सभी धर्मों के लोगों ने इसमें सहयोग किया और आयोजन में शामिल हुए।

**बसेड़ी** दोपहर की नमाज के बाद नूरानी जामा मस्जिद से ताजियों को उठाया गया और मातमी धुनों के बीच या हुसैन हम न थे के गमगीन माहौल के बीच कस्बे के प्रमुख मार्गों मुख्य चौराहा, हवेली थोक तिराहा, बयाना मोड़ होते हुए बाड़ी रोड स्थित तहसील कार्यालय के पास कर्बला-ए-मैदान पहुंच सुपुर्द-ए-खाक किया गया।

। रविवार को दिन में जुलूस के साथ ताजियों को सुपुर्दे खाक किया गया है। इस दौरान जुलूस में युवाओ ने तलवारबाजी, बरेठी, लाठी चलाना सहित अखाड़े से जुड़ी विभिन्न कलाओ का जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान मुस्लिम समुदाय द्वारा ताजिया को तिरंगे का रूप दिया गया जिसे देखने के लिए भीड़ उमड़ पड़ी।


» बाड़ी.. किला गेट से निकलते ताजिये


» धौलपुर.. रामसागर बांध पर चलती चादर, नहाते सैलानी

# मानसून की जोरदार बारिश से 15 दिन में भरा उपखण्ड का रामसागर बांध

## बांध पर चल रही 09 इंच की चादर, नहाने और घूमने पहुंच रहे सैलानी

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**बाड़ी।** उपखंड क्षेत्र में इस बार पहले प्री मानसूनी बारिश और उसके बाद मानसून की शुरुआती बारिश ने ऐसा शमां बांधा है की उपखंड क्षेत्र के अधिकांश बांध लबालब हो गए हैं। क्षेत्र के सबसे बड़े रामसागर बांध के ओवरफ्लो होने के बाद 9 इंची की चादर चल रही है। मानसूनी सीजन के 20 दिन में पूरे जिले में 314 एमएम बारिश दर्ज की गई है। ऐसे में तालाबशाही बांध,उर्मिला सागर बांध,आरटी बांध,उमरेह बांध के साथ हुसैनपुर बांध भी पूरे भरने की स्थिति में आ गए है और झलकने को तैयार है।

जिले में मानसून सीजन की अब तक 48 प्रतिशत बारिश 15 दिन में ही हो चुकी है। सिंचाई विभाग के आंकड़ों के अनुसार 15 जून से 8 जुलाई तक पिछले वर्ष 33 प्रतिशत बारिश हुई थी। लेकिन इस बार इंद्रदेव की मेहरबानी से जहां प्री मानसून में जमकर बदरा बरसे, वही मानसून के आते ही दो बारिशों ने तो ऐसा शमां बांधा है कि सावन से पहले ही रामसागर बांध ओवरफ्लो होकर छलक गया है। अभी मानसूनी सीजन के 3 महीने बाकी हैं।

सिंचाई विभाग के सहायक अभियंता विवेक अग्रवाल ने बताया कि जिन्हें भर में मानसूनी सीजन में 650 एमएम बारिश होती है लेकिन वर्तमान में 20 दिन के अंदर 314 एमएम बारिश हो चुकी है। ऐसे में आगामी सीजन में बारिश के तेज होने पर सभी बांध तो ओवरफ्लो होंगे ही साथ में पानी का रिकॉर्ड बन सकता है।वर्तमान में बाड़ी उपखंड के रामसागर बांध अपनी भराव क्षमता 25.1 फीट से 9 इंच ऊपर चल रहा है। बांध में इस समय 25.10 फीट पानी है। वही तालाबशाही बांध की भराव क्षमता 11 फीट है। जिसमें 10.20 फीट पानी दर्ज किया है। आरटी बांध की भराव क्षमता 6.5 फीट के 6 फीट पानी आ गया है। ऐसे में एक बारिश होने के बाद यह दोनों बांध भी झलक उठेंगे। वहीं हुसैनपुर बांध,उमरेह बांध और उर्मिला सागर बांध भी आधे से अधिक भर चुके हैं। उर्मिला सागर की भराव क्षमता 28 फीट है। इसमे 24.80 फीट पानी दर्ज किया है। वहीं सबसे बड़ा आंगई बांध जिसकी भराव क्षमता 223.41 मीटर की। उसमें 221 मीटर पानी दर्ज किया गया है।

# मांगरोल में मोहर्रम के मौके पर तनाव, एसपी सुमित मेहरडा ने पहुंच कर लोगों से की समझाईश

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**मनियां।** मनियां थाना के अन्तर्गत मांगरोल में मोहर्रम के अवसर पर निकाले जा रहे ताजिया के दौरान एक स्थान पर चल रहे एकादशी पाठ में दोनों तरफ से माइक की आवाज को कम ज्यादा करने को लेकर विवाद हो गया। जिसकी सूचना मिलने पर तत्परता से पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरडा सहित अन्य पुलिस के अधिकारी एवं पुलिस जाप्ता मौके पर पहुंचे। दोनों पक्षों के मौके पर मौजूद लोगों के साथ पुलिस ने समझाइश की गई। इसके बाद पुलिस की मौजूदगी में शांतिपूर्ण तरीके से मांगरोल कस्बे के कर्बला में ताजिया दफन किए गए।

पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरडा ने बताया है कि विवाद की खबर मिलने के बाद तुरंत ही अतिरिक्त पुलिस जाप्ता ने मौके पर पहुंचकर मामले को सुलझा दिया है। असामाजिक तत्वों की पहचान कर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल मौके पर शांति बनी हुई हैं। वहीं पुलिस बल भी तैनात किया गया हैं। सोशल मीडिया पर इस सम्बन्ध में कोई भी भ्रामक और भड़काऊ पोस्ट न करें, पुलिस की सोशल मीडिया टीम निगरानी कर रही है।


» धौलपुर.. मौके पर तैनात पुलिस जाप्ता

# हनीट्रैप की आरोपी महिला गिरफ्तार लोगों को फंसाकर करती थी ब्लैकमेल

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** जिला पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरडा के निर्देशन में महिला थाना पुलिस ने हनीट्रैप के एक मामले में महिला आरोपी को गिरफ्तार किया है। मध्य प्रदेश के मुरैना जिले की रहने वाली उर्मिला शर्मा (50) को 5 जुलाई को गिरफ्तार किया गया। मामला 3 जुलाई को सामने आया, जब एक व्यक्ति ने महिला थाना में शिकायत दर्ज कराई। पीड़ित ने बताया कि प्रेमसिंह, ध्रुव और उर्मिला ने उसे 23 जून को धौलपुर बुलाया। आरोपियों ने उसे कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर होटल ले गए। वहां उर्मिला और उसके साथियों ने बलात्कार और छेड़छाड़ का आरोप लगाकर 5 लाख रुपए की मांग की। जांच में पता चला कि प्रेमसिंह और ध्रुव सीधे-साधे लोगों के मोबाइल नंबर उर्मिला को देते थे। उर्मिला इन लोगों को अपनी बातों में फंसाकर मिलने बुलाती और फिर दुष्कर्म का झूठा मुकदमा दर्ज कराने की धमकी देकर पैसे ऐंठती थी। पुलिस को प्रेमसिंह और ध्रुव की तलाश जारी है।



# कोठी मण्डल भाजपा ने मनाई डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती


» धौलपुर.. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाते भाजपा कार्यकर्ता

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** कोठी मंडल भारतीय जनता पार्टी द्वारा बूथ संख्या -166 पर रविवार को जनसंघ संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती का कार्यक्रम बूथ अध्यक्ष चंद्रप्रकाश शर्मा अध्यक्षता में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर अध्यक्ष हेमसिंह बघेला एवं विशिष्ट अतिथि पर्यवेक्षक पंकज एवं मुख्य वक्ता के प्रदेश कार्यकारणी सदस्य विशम्बर दयाल शर्मा रहे। कार्यक्रम का संचालन कोठी मंडल महामंत्री अशोक पचौरी द्वारा किया। सर्वप्रथम कार्यक्रम में डॉ.श्याम प्रसाद मुखर्जी दीनदयाल उपाध्याय के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर मुख्य वक्ता विशम्भरदयाल शर्मा ने डॉ .श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन चरित्र पर प्रकाश डालते हुए कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी प्रखर देशभक्त राष्ट्रवादी थे। इनका जन्म 6 जुलाई 1901 को कोलकाता में एक प्रतिष्ठित परिवार में हुआ था। संपूर्ण जीवन मां भारती की सेवा में लगा। उन्होंने जम्मू कश्मीर को पूर्ण राज्य का दर्जा दिलवाने के लिए जीवन भर संघर्ष किया। एक देश में दो निशान दूर विधान दो संविधान का प्रखर विरोध किया।

कार्यक्रम में भाजपा कार्यकर्ता पंकज प्रभारी भाजपा, विशाल सिंघल पूर्व मण्डल अध्यक्ष, हरेंद्र राव जिला मंत्री भाजपा, दिग्विजय सिंह राजावत, अक्षय शुक्ला, दिनेश शर्मा, धर्मेंद्र परमार, छुटिला परमार, मुकेश परमार, राजकुमार शर्मा, आशीष शुक्ला, पंकज शर्मा, गिरीश सेन, अमन शर्मा, रोहन, अमित, दुष्यंत, रमेश बनवारी, मनोज, राकेश, महेश रवि, रामवीर, सुभाष, प्रभाकर शर्मा, पार्षद सत्य प्रकाश शर्मा, शिशुपाल शर्मा मौजूद रहे।



# चावल के 700 कट्टों से भरे संदिग्ध ट्रक को पुलिस ने किया जब्त

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** जिला पुलिस अधीक्षक सुमित मेहरडा के निर्देशन में मनियां सीओ राजेश शर्मा के सुपरवीजन में थानाधिकारी रामकिशन के नेतृत्व में थाना क्षेत्र में असामाजिक तत्वों के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए संदिग्ध ट्रक को 700 चावल के कट्टो से भरे हुए जब्त किया है।

मनियां थानाधिकारी ने बताया कि सूचना मिली की सौरभ पुत्र रमाशंकर ठाकुर निवासी वार्ड नं. 18 भागीरथ कॉलोनी राजाखेड़ा यूपी से कन्ट्रोल के सरकारी चावल खरीदकर अपने गोदाम में स्टॉक करता है। उक्त सूचना पर पुलिस एएसआई उमाशंकर मय जाप्ता के मौके पर भेजा गया तो मौके पर गोदाम पर एक ट्रक खड़ा हुआ मिला। जिसमें 700 कट्टे चावल के भरे हुए मिले। मौके पर कोई भी व्यक्ति नहीं मिला। पुलिस द्वारा संदिग्ध ट्रक व चावल के कट्टों के संबंध में जांच जारी है।

# मां जगदंबा मंदिर में संगीतमय श्रीमद्भागवथ कथा जारी

## ध्रुव, जड़ भरत, अजामिल, नृसिंह अवतार और वामन अवतार की कथा सुनाई गई

हिन्दुस्तान एक्सप्रेस

**धौलपुर।** मां जगदंबा मंदिर गढ़रपुरा में चल रही संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन ध्रुव, जड़ भरत, अजामिल, नृसिंह अवतार और वामन अवतार की कथा सुनाई गई। कथा के शुभारम्भ में श्री संदीप कृष्ण शास्त्री ने देव पूजन कराकर दीप प्रज्वलित किया और भागवत पुराण की पूजा की। । कथा प्रवक्ता संदीप कृष्ण शास्त्री महाराज ने कथा शुरुआत करते हुए बताया कि धर्म की गति बड़ी तेज है। तुम जैसा भी कर्म अच्छा या बुरा करोगे वह हमेशा तुम्हारा पीछा करेगा। अच्छे कर्म अच्छा फल देंगे और बुरें कर्मो की सजा से तुम कभी बच नहीं पाओगे। आवेश में आकर मनुष्य अपराध कर बैठता है और जब उसे इसका आभास होता है तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। इसलिए अपने समय और कर्तव्य को पहचान कर सत्कर्म करो। उन्होंने ध्रुव, जड़भरत और अजामिल की प्रेरणादायक कथाएं सुनाकर भक्ति और त्याग का संदेश दिया। इसके बाद अजामिल की कहानी को सुनाते हुए उन्होंने बताया कि कैसे एक साधारण जीवन जीते हुए भी उसने अपने अंतिम क्षणों में भगवान के नाम का स्मरण कर मोक्ष प्राप्त किया।कथा को आगे बढ़ाते हुए उन्होंने कहा कि सतयुग में असुर बलि ने देवताओं को पराजित करके स्वर्गलोक पर अधिकार कर लिया था। इसके बाद सभी देवता भगवान विष्णु से मदद मांगने पहुंचे। तब विष्णुजी ने देवमाता अदिति के गर्भ से वामन रूप में अवतार लिया। इसी प्रकार नृसिंह अवतार की कथा सुनाते हुए उन्होंने कहा कि हिरण्यकश्यप का वध करते समय नृसिंह ने उसे अपनी जांघ पर लिटाया था, इसलिए वह न धरती पर था और न आकाश में था। उन्होंने अपने नाखून से उसका वध किया, इस तरह उन्होंने न तो अस्त्र का प्रयोग और न ही शस्त्र का। इसी दिन को नृसिंह जयंती के रूप में मनाया जाता है। कथा के अंत में श्रद्धालुओं ने श्रीमद्भागवत पुराण की आरती की और प्रसादी का वितरण किया। इस मौके पर बड़ी संख्या में महिला-पुरूष उपस्थित रहे।



स्वामित्वधिकारी प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक चन्द्रप्रकाश शिवहरे के लिए मै. गुरूकृपा प्रकाशन प्रेस टीआईटी कॉम्पलैक्स मुरैना से मुद्रित एवं साई स्मार्ट सिटी,नगर परिषद ऑफिस के निकट,मचकुण्ड रोड,धौलपुर(राज.) से प्रकाशित आर.एन.आई. नं. RAJHIN/2009/27740 संपादक चन्द्रप्रकाश शिवहरे, प्रबंध संपादक जितेन्द्र सिंह रजौरिया।
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र धौलपुर न्यायालय होगा। फोन: 05642-224444, 224666, 224777 फैक्स: 223324 पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए स्थानीय संपादक जिम्मेवार